नई दिल्ली

नई दिल्ली, रविवार 1 सितंबर 2019

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 23, अंक : 165
पृष्ठ 14+4 मूल्य 3.00 *

मौसम

अधि. 35.6
न्यून. 26.3

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

13 नहीं कटा सकीं विश्व चैंपिशनशिप का टिकट

विचार पेज
08 पैसे आएंगे तो सुस्ती टूटेगी

खबर संक्षेप

पुलिस ने थरूर पर हत्या का केस दर्ज करने की मांगी इजाजत

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने सुनंदा पुष्कर की मौत मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर के

खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की इजाजत मांगी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान पुलिस ने कहा कि सुनंदा पुष्कर और शशि थरूर की यह तीसरी शादी थी। सुनंदा पुष्कर के बेटे शिव मेनन ने एसडीएम को दिए बयान में कहा था कि मेरी मां सुनंदा पुष्कर एक मजबूत इरादों वाली महिला थी। वो कभी आत्महत्या नहीं कर सकतीं। पुलिस ने कोर्ट के समक्ष दलील दी कि सुनंदा पुष्कर के भाई ने भी बयान दिया था कि वो अपनी शादीशुदा जिंदगी से तो खुश थीं।

आईआरसीटीसी आज ई-टिकटों पर सेवा शुल्क करेगा बहाल

नई दिल्ली। आईआरसीटीसी से ई-टिकट खरीदना अब महंगा होगा। एक आदेश के तहत भारतीय रेलवे ने एक सितंबर से सेवा शुल्क बहाल करने का फैसला किया है। आईआरसीटीसी की ओर से 30 अगस्त को जारी आदेश के मुताबिक अब आईआरसीटीसी गैर वातानुकूलित श्रेणी की ई-टिकट पर 15 रुपये और प्रथम श्रेणी सहित वातानुकूलित श्रेणी की सभी ई-टिकट पर 30 रुपये का सेवा शुल्क वसूल करेगा। माल एवं सेवा कर इससे अलग होगा। बता दें कि तीन साल पहले भाजपा की नेतृत्व वाली मोदी सरकार ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए सेवा शुल्क वापस ले लिया था।

विवेक जौहरी ने संभाला बीएसफ महानिदेशक का कार्यभार

नई दिल्ली(ब्यूरो)। भारत से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं खासकर भारत-पाक सीमा पर एक मजबूत

सीमा प्रहरी के रूप में निगरानी रखने वाले सीमा सुरक्षा बल के नए महानिदेशक के रूप में विवेक कुमार जौहरी ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शनिवार को यहां सीजीओ कांप्लेक्स स्थित सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय में शनिवार को बीएसएफ के 25वें महानिदेशक के रूप में मध्य प्रदेश कैडर 1984 के आईपीएस अधिकारी विवेक कुमार जौहरी ने अपना पदभार संभाल लिया है।

'पढ़ाई' में रुचि रखता था पति, पत्नी ने मांगा तलाक

भोपाल। सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे पति की 'पढ़ाई' से परेशान

होकर उसकी पत्नी गुस्से में मायके चली गई और तीन महीने से वहीं है, जिसके बाद नौबत तलाक तक पहुंच गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सलाहकार नूरननिसां खान ने शनिवार को बताया कि हम एक नव दम्पत्ति की काउंसलिंग कर रहे हैं। इसमें पति द्वारा परिवार न्यायालय में तलाक के लिये आवेदन दिया गया था। अदालत ने शादी बचाने के प्रयास के चलते काउंसलिंग के लिये मामला हमें सौंपा है।

जो लोग छूट गए है उन्हें असम सरकार विधिक सहायता देगी

120 दिन के भीतर विदेशी न्यायाधिकरण में अपील दर्ज करा सकते है

भारी सुरक्षा के बीच असम में एनआरसी की सूची जारी

19 लाख से अधिक लोग नहीं साबित कर सके भारतीय नागरिकता

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

शनिवार को असम में भारी सुरक्षा के बीच राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की फाइनल लिस्ट जारी की गई। जिसमें 3 करोड़ से अधिक लोगों को शामिल किया गया। वहीं 19 लाख से अधिक आवेदकों के नाम लिस्ट में नहीं है। जो लोग छूट गए है उन्हें असम सरकार विधिक सहायता देगी। इसके अलावा फॉरेन ट्राइब्यूनल से हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक वे अपील कर सकेंगे। यही नहीं, सभी कानूनी विकल्पों को आजमाने तक उनके खिलाफ सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर सकेगी। एनआरसी की अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद अब सियासी घमासान भी शुरू हो गया है।

असम में बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण (एनआरसी) की अंतिम सूची शनिवार को जारी कर दी गई जिसमें 19 लाख से अधिक आवेदक अपना स्थान बनाने में विफल रहे। इससे सूची से बाहर रखे गए आवेदकों का भविष्य अधर में लटक गया है क्योंकि यह सूची असम में वैध भारतीय नागरिकों की पुष्टि से संबंधित है। एनआरसी के राज्य समन्वयक कार्यालय ने एक बयान में कहा कि 3,30,27,661 लोगों ने एनआरसी में शामिल होने के लिए आवेदन दिया था। इनमे से 3,11,21,004 लोगों को दस्तावेजों के आधार पर एनआरसी में शामिल किया गया है और 19,06,657 लोगों को बाहर कर दिया गया है। शामिल किए गए और बाहर किए गए नामों को लोग एनआरसी की वेबसाइट पर देख सकते हैं। जिन लोगों का नाम राष्ट्रीय नागरिक पंजी से बाहर रखा गया है, वे इसके खिलाफ 120 दिन के भीतर विदेशी न्यायाधिकरण में अपील दर्ज करा सकते हैं। असम सरकार पहले ही कह चुकी है जिन लोगों को एनआरसी सूची में शामिल नहीं किया गया उन्हें किसी भी स्थिति में हिरासत में नहीं लिया जाएगा, जब तक विदेशी न्यायाधिकरण (एफटी) उन्हें विदेशी ना घोषित कर दे। असम सरकार के संसदीय कार्यमत्री चंद्र मोहन पटवारी ने इस संबंध में बयान देते हुए कहा है कि वह पात्र लोग जो कि किसी कारण से एनआरसी की लिस्ट में अपना शामिल नहीं करा सके हैं, उसके पास फॉरेन ट्राइब्यूनल में अपील का अधिकार है और इसके लिए सरकार उन्हें लीगल सपॉर्ट भी उपलब्ध कराएगी।

लोगों में कहीं दिखी खुशी तो कहीं दिखा गम

दिल्ली में लागू हो एनआरसीः तिवारी

बीजेपी नेता मनोज तिवारी ने कहा कि असम के बाद अब दिल्ली में भी एनआरसी लागू हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में हालात खतरनाक हैं और यहां बीजेपी एनआरसी लागू करेगी जिससे आतंकवाद को खत्म करने में मदद मिलेगी। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि अवैध रूप से दिल्ली आकर बसे लोग खतरनाक है।

गैर मुस्लिमों को नागरिकता दे सकती है भाजपाः ओवैसी

ओवैसी का कहना है कि अब बीजेपी नागरिकता संशोधन विधेयक के जरिए गैर मुस्लिमों को नागरिकता दे सकती है। 19 लाख लोग एनआरसी में नहीं आ पाए, उनमें मुसलमानों को छोड़कर बाकियों को बैक डोर से नागरिकता दी जा सकती है।

एनआरसी की स्थिति से असम का हर वर्ग नाराजः कांग्रेस

दूसरी तरफ कांग्रेस ने कहा है कि एनआरसी की मौजूदा स्थिति से राज्य का हर वर्ग नाराज है और देश के वास्तविक नागरिकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

लिस्ट पर भरोसा नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर तैयार हो एनआरसीः असम बीजेपी

असम में सत्ताधारी बीजेपी की राज्य इकाई ने एनआरसी की फाइनल लिस्ट पर अविश्वास जताते हुए केन्द्र और सभी राज्य सरकारों से राष्ट्रीय स्तर पर एनआरसी तैयार किए जाने की गुजारिश की है।

डेटा से छेड़छाड़, और ज्यादा लोग होने चाहिए थे बाहरः शर्मा

असम के वित्त मंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने एनआरसी की अंतिम सूची में जगह न बना पाने वाले लोगों की संख्या पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि फाइनल लिस्ट से बाहर किए गए लोगों के नंबर कुछ ज्यादा होने चाहिए थे, हमारे पास सबूत है कि डेटा से छेड़छाड़ की गई।

महाराष्ट्र के धुले जिले में हुआ हादसा

केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट 13 लोगों की मौत, 64 घायल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

- घटना के समय 100 लोग थे मौजूद
- राहत व बचाव अभियान जारी, आग पाया गया काबू
- सीएम ने की पांच-पांच लाख रुपये देने की घोषणा

महाराष्ट्र के धुले जिले में शनिवार की सुबह एक रसायन कारखाने में गैस सिलेंडरों में हुए धमाके में खबर लिखे जाने तक 13 कर्मियों की मौत हो गई और 64 अन्य घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शिरपुर तालुका के वाघदी गांव में एक रसायन कारखाने में सुबह करीब पौने दस बजे धमाका हुआ। उस समय वहां कम से कम 100 कर्मी मौजूद थे। अधिकारी ने बताया कि मौके पर राहत एवं बचाव अभियान जारी है जबकि आग पर काबू पा लिया गया है। दमकल, पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) राहत एवं बचाव अभियान चल रहे हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने इस हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। कलेक्टर, एसपी मौके पर है। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है और अब आग पर काबू पा लिया गया है। रुमिट केमसिंथ प्राइवेट लिमिटेड रसायन इकाई दवाइयां बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले रसायन का निर्माण करती है।

गृहमंत्री शाह ने सीएम से की बात

इस बीच केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फडणवीस से बात की और रसायन कारखाने में हुए विस्फोट के बाद की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान शाह को बताया कि राज्य सरकार संकट में फंसे लोगों की मदद करने की पूरी कोशिश कर रही है। शाह ने ट्वीट किया कि महाराष्ट्र के धुले में एक रसायन कारखाने में विस्फोट के कारण हुए जानमाल के नुकसान के बारे में जानकर दुख हुआ। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से बात की है और राज्य सरकार जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

स्वामी ने नई आर्थिक नीति पर सवाल उठाए

पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था को गुडबाय कहने को रहें तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने नई आर्थिक नीति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने शनिवार को कहा कि यदि नई आर्थिक नीति नहीं लाई जाती है तो भारत के लिए पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल है। स्वामी ने ट्वीट कर लिखा कि यदि कोई नई आर्थिक नीति नहीं लाई जाती है तो पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था को गुडबाय कहने के लिए तैयार हो जाइये।

सरकार ने अर्थव्यवस्था की हालत पंचर कर दीः प्रियंका

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मांग की कि केंद्र स्पष्ट करे कि अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का जिम्मेदार कौन है? उन्होंने कहा कि अच्छे दिन का भोंपू बजाने वाली सरकार ने अर्थव्यवस्था की हालत पंचर कर दी है।

मोदी सरकार करतारपुर गलियारे का काम समय पर पूरा करने को लेकर प्रतिबद्धः शाह

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार करतारपुर गलियारे का काम तय समय पर पूरा करने को लेकर प्रतिबद्ध है। भारत और पाकिस्तान के बीच करतारपुर गलियारे को लेकर शुक्रवार को पंजाब के गुरदासपुर में 'जीरो प्वाइंट' पर तकनीकी समिति की बैठक हुई थी जिसके बाद गृह मंत्री ने यह आश्वासन दिया है। शाह ने गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के मौके पर विशेषकर सिख समुदाय को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश सभी का मार्गदर्शन करता रहेगा और राष्ट्र की बेहतर सेवा करने की ताकत प्रदान करेगा। शाह ने ट्वीट किया कि मैं निर्धारित समय सीमा के भीतर करतारपुर साहिब कॉरिडोर पर काम पूरा करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराता हूं। यह गलियारा पाकिस्तान के करतारपुर में दरबार साहिब को गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे से जोड़ेगा।

- पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश सभी का मार्गदर्शन करता रहेगा

आज से लागू होगा नया मोटर व्हीकल एक्ट

500 से 25 हजार रुपये तक जुर्माने का है प्रावधान

नई दिल्ली। देशभर में यातायात नियमों के उल्लंघन संबंधी नए नियम लागू गए। नए नियमों के लागू होने के बाद इनके उल्लंघन पर आपको 10 गुना तक ज्यादा जुर्माना देना होगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर एनएस बुंदेला ने मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में जानकारी दी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने सफर को सुरक्षित बनाने के लिए हाल ही में मोटर वाहन संशोधन अधिनियम 2019 के जरिए कई नियमों में बदलाव किया है। इतना ही नहीं इस बार इस एक्ट में एक नया चालान शामिल किया गया है जिसमें अगर आप किसी एमरजेंसी गाड़ी को रास्ता नहीं देते है, जैसे एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड को तो आपको 10 हज़ार का जुर्माना देना होगा। इसके अलावा अगर कोई नाबालिग गाड़ी चला रहा है तो 25 हज़ार का जुर्माना उसके माता पिता को देना होगा, गाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द हो जाएगा और नाबालिग जब तक 25 साल का नहीं होगा तब तक उसका लाइसेंस नहीं बनेगा।

- नए नियमों के लागू होने के बाद इनके उल्लंघन पर आपको 10 गुना तक ज्यादा जुर्माना देना होगा
- दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर एनएस बुंदेला ने मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में जानकारी दी

ट्रैफिक नियम में बदलाव

- सीट बेल्ट नहीं पहनने पर 1000 रुपए का जुर्माना
- दोपहिया वाहन पर दो से ज्यादा सवारी पर 1000 रुपए का जुर्माना।
- हेलमेट नहीं पहनने पर 1000 रुपए का जुर्माना और 3 माह के लिए लाइसेंस का निलंबन।
- एंबुलेंस जैसे इमरजेंसी वाहन को रास्ता नहीं देने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना।
- बिना लाइसेंस ड्राइविंग करने पर 500 की जगह 5 हजार रुपए का जुर्माना।
- लाइसेंस रद्द होने का बाद भी ड्राइविंग करने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना।
- ओवर स्पीड करने पर 400 की जगह 1000 से 2000 रुपए तक का जुर्माना।
- खतरनाक ड्राइविंग पर 1000 की जगह 5000 रुपए का जुर्माना।

केएन काटजू मार्ग व सागरपुर में महिलाओं की हत्या के दो अलग-अलग मामले सुलझे

शादी से इंकार पर प्रेमी ने की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने केएन काटजू मार्ग और सागरपुर एरिया में दो महिलाओं की हत्या की गुत्थी सुलझाने का दावा किया है। दोनों ही वारदात में मृतक महिलाओं के जानकार शामिल थे। एक को महिला के पति और दूसरी को प्रेमी ने अंजाम दिया था। जानें दोनों वारदात को कब और कैसे अंजाम दिया गया था।

पहली वारदात

केएन काटजू मार्ग थाना एरिया में बवाना नहर के पास युवती की टुकड़ों में मिली लाश की गुत्थी स्पेशल सेल ने सुलझा ली है। जांच में पता चला कि मृतक युवती लता उर्फ सलमा जीबी रोड के एक कोठे पर रहती थी। हत्या उसके प्रेमी ने शादी से इंकार करने पर की थी। गिरफ्तार किये गये आरोपी का नाम मो. अय्यूब उर्फ विक्की (32) है। इसके पास से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी व चापड़ (बड़ा चाकू) बरामद कर लिया है।

स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त पीएस कुशवाहा ने बताया कि 21 अगस्त को महिला की टुकड़ों में लाश मिली थी। लाश सड़ी-गली हालत में भी थी। शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। उधर स्पेशल सेल की टीम को शुक्रवार को सूचना मिली कि एक महिला की हत्या करने के बाद युवक परिवार समेत दिल्ली से फरार होने वाला है। पुलिस ने एक सूचना के बाद आरोपी को तुर्कमान गेट इलाके से दबोच लिया।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी अय्यूब ने खुलासा किया वह परिवार के साथ एलएनजेपी कॉलोनी, तुर्कमान गेट में रहता है। 2008 में उसकी रेशमा नामक महिला से शादी हुई थी। दंपति के तीन बच्चे हैं। अय्यूब पटरी पर कपड़े बेचने का काम करता था। करीब चार साल पहले वह जीबी रोड पर गया था। वहां पर उसकी मुलाकात लता से हुई थी। धीरे-धीरे इनकी दोस्ती हो गई और दोनों एक-दूसरे के प्यार में गिरफ्त हो गये। अय्यूब लता से शादी के ख्वाब देखने लगा। वह लगातार उससे धंधा छोड़कर शादी करने के लिए दबाव बनाने लगा। लेकिन हर बार लता उसे मना कर देती थी। बार-बार लता के मना करने पर अय्यूब ने उसकी हत्या की योजना बनाई। 20 अगस्त को वह स्कूटी व चापड़ के साथ उससे मिला। इसके बाद दोनों घूमने के लिये निकल गये। बवाना नहर के पास ले जाकर आरोपी ने लता का गला रेत दिया। इसके बाद शरीर के पांच टुकड़े किये।

पत्नी से देह व्यापार कराना चाहता था मना किया तो उतारा मौत के घाट

■ दूसरी वारदात

नई दिल्ली। सागरपुर इलाके में 6 अगस्त को प्लास्टिक बैग के अंदर मिली महिला की लाश का राजफाश हो गया है। पुलिस ने इस मामले में महिला के ही पति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम जलील शेख (27) बताया गया है। वह मूलरुप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। जांच में खुलासा हुआ कि वह पत्नी से देह व्यापार कराना चाहता था। लेकिन पत्नी ने मना कर दिया था। इसी बात को लेकर उसने चुन्नी से पत्नी का गला घोंट दिया था और फिर शव को कंबल में लपेटकर बैग में डाल खाली प्लॉट में फेंक दिया था।

आरोपी को कोलकाता में एक रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया है। वह मानव तस्करी के मामले में पहले भी गिरफ्तार हो चुका है। डीसीपी देवेंद्र आर्या ने बताया कि बारात घर शिवपुरी, वेस्ट सागरपुर में एक खाली प्लॉट पर महिला की लाश प्लास्टिक बैग में मिली थी। पहचान कराने के लिए पुलिस ने लोगों के घर घर जाकर दरवाजा खटखटाया, समाचार पत्रों में विज्ञापन दिए और सोशल मीडिया के जरिए नोटिस सर्कूलेट किए। 17 अगस्त को सागरपुर थानाध्यक्ष के पास वेस्ट बंगाल से एक कॉल आई। जिसमें कॉलर ने बताया नोटिस में नजर आई महिला उसकी रिश्तेदार लग रही है। वह पति के साथ जे ब्लॉक सागरपुर में रहती है। जांच के दौरान महिला की पहचान फातिमा सरदार के तौर पर हुई। पुलिस महिला के घर पहुंची जहां पता चला उसका पति वेस्ट बंगाल जा चुका है। पुलिस की टीम वहां रवाना की गई। जलील शेख के रिश्तेदारों व परिवार के लोगों से पूछताछ की। 28 अगस्त को पुलिस टीम के पास सूचना आई आरोपी कोलकाता में एक रेलवे स्टेशन पर बाइक बेचने के मकसद से पहुंचने वाला है। पुलिस ने ट्रैप लगा इसे दबोच लिया। आरोपी ने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया आरोपी किराए के मकान में सात आठ महीने से पत्नी और बेटे के साथ रह रहा था। उसकी दो पत्नी है, एक दिल्ली और दूसरी वेस्ट बंगाल में रहती है। लगभग सात वर्ष पहले वह फातिमा के साथ दिल्ली आया था। साल 2014 में फातिमा के परिजन दिल्ली आए, जिसके बाद रजामंदी से दोनों ने शादी कर ली थी। आरोपी अपनी पत्नी को देह व्यापार के धंधे में डालना चाहता था। इसके लिए उसकी पत्नी तैयार नहीं थी। ऐसे में गुस्से में आ आरोपी ने चुन्नी से उसका गला घोंट हत्या कर दी। इसके बाद बॉडी को कंबल में लपेट प्लास्टिक बैग में डाल देर रात मौका मिलने पर ठिकाने लगा दिया।

गली से गुजरने पर हुआ विवाद युवक की पीट-पीटकर हत्या

■ पुलिस ने आरोपी व नाबालिग बेटे को दबोचा

नई दिल्ली। मौजपुर इलाके में गली से गुजरने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक का नाम साहिल सिंह (23) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पिटाई के बाद युवक खुद स्कूटी से घर पहुंचा। यहां उसकी तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे लेकर तुरंत जीटीबी अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल जाफराबाद थाना पुलिस ने साहिल के परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी चंद्रभान (43) और उसके नाबालिग बेटे को हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। परिजनों का आरोप है कि वारदात के समय आरोपी चंद्रभान शराब के नशे में था।

सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
CIN : L17112UP1993PLC022479
पंजी. कार्यालय : प्लॉट सं. 163, उद्योग विहार, सेक्टर नोएडा, 201306, जिला गौतमबुद्ध नगर, यू.पी.
Website : www.samtexfashions.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30.06.2019 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक शनिवार, 07 सितम्बर 2019 को अप. 4.00 बजे कॉर्पोरेट कार्यालय में नई दिल्ली में आयोजित की जानें निर्धारित है।

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
स्थान : नई दिल्ली — हस्ता/-
दिनांक : 31.08.2019 — उर्वशी गुप्ता
कम्पनी सचिव एवं जीएम फाइनेंस

एसबीईसी शुगर लिमिटेड
CIN : L15421UP1991PLC019160
पंजी. कार्यालय : गांव लोयान, मलकपुर, तहसील-बड़ौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश-250611
फोन : 01234-259206, 259273,
E-mail ID : investors@sbecsugar.com Website: www.sbecsugar.com

25वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई-वोटिंग और बुक क्लोजर की सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये एसबीईसी शुगर लिमिटेड के सदस्यों की 25वीं वार्षिक सामान्य बैठक, मंगलवार, 24 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 11.30 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय गांव लोयान, मलकपुर, तहसील-बड़ौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना सहित 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु बैठक की सूचना सभी सदस्यों को जिनके ई-मेल आईडी आरटीए और डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स को इलैक्ट्रोनिक मोड में और इसकी भौतिक प्रतियां अन्य सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर अनुमत्य मोड के माध्यम से 30 अगस्त 2019 को भेज दिये गये हैं।

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108, कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन नियमों, 2015) के नियम 20 और सेबी (एलओडीआर) नियमन 2015 के नियमन 44 के अनुपालन में सदस्यों को एजीएम सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से (दूरस्थ ई वोटिंग) के माध्यम से अपना वोट देने के लिये सेंट्रल डिपॉजिटरीज सिस्योरिटीज लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा सुविधा प्रदान की गई है तथा इस वोटिंग प्रणाली के माध्यम से बिजनेस सम्पादित किया जाएगा। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

(i) एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेस दूरस्थ ई वोटिंग के माध्यम से सम्पादित किया जाएगा।
(ii) दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा शनिवार, 21 सितम्बर 2019 को (पूर्वा. 9.00 बजे) प्रारम्भ होगी और सोमवार, 23 सितम्बर 2019 को (अप. 5.00 बजे) समाप्त होगी।
(iii) दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से और एजीएम के स्थल पर वोटिंग हेतु सदस्य निर्धारित करने के उद्देश्य से कट ऑफ तिथि 17 सितम्बर 2019 है।
(iv) कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी का सदस्य बनता है और कटऑफ तिथि अर्थात् 17 सितम्बर 2019 के अनुसार शेयरधारण करता है तो वह कम्पनी आरटीए (बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि.) से beetalrta@gmail.com अथवा सीडीएसएल के हैल्प डेस्क helpdesk.evoting@cdslindia.com से ई-वोटिंग हेतु अपना यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
(v) सीडीएसएल द्वारा 23 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे के पश्चात् दूरस्थ ई वोटिंग अशक्त कर दी जाएगी और उक्त तिथि व समय के पश्चात् वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
(vi) मतपत्र के माध्यम से वोटिंग की सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी।
(vii) सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत देने के उपरांत एजीएम में भाग ले सकता है किन्तु एजीएम में पुनः मत देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(viii) कोई व्यक्ति जिसका नाम सदस्य के रजिस्टर में अथवा कटऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिक के रजिस्टर में दर्ज है, को ही केवल दूरस्थ ई वोटिंग के साथ साथ मतपत्र के माध्यम से एजीएम में मत देने की सुविधा का लाभ प्राप्त करने का अधिकार होगा।
(ix) एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.co.in पर भी उपलब्ध है।
(x) निदेशक मंडल ने श्रीमती नुपुर गुप्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट इन प्रैक्टिस को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से ई-वोटिंग प्रक्रिया हेतु संवीक्षाकर्ता के रूप में कार्य करने के लिये नियुक्त किया है।
(xi) किसी पूछताछ के मामले में सदस्यों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूएस) तथा सदस्यों के लिये www.evotingindia.co.in पर उपलब्ध दूरस्थ ई वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com अथवा investors@sbecsugar.com को मेल भेज सकते हैं अथवा सीडीएसएल हैल्प डेस्क टीम को 18002005533 अथवा श्री शोभित नेहरा, कम्पनी के कम्पनी सचिव को 011-42504878 पर कॉल कर सकते हैं जो इलैक्ट्रिक साधनों द्वारा वोटिंग से सम्बन्धित शिकायतों का निराकरण भी करेंगे।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 10 और सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशन एवं खोलपा आवश्यकताएं) नियमन 2015 के नियमन 42 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 को धारा 91 के अनुसरण में एजीएम के प्रयोजन हेतु कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स बुधवार 18 सितम्बर 2019 से मंगलवार 24 सितम्बर 2019 (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

बोर्ड के आदेशानुसार
स्थान : नई दिल्ली — शोभित नेहरा
दिनांक : 30 अगस्त 2019 — (कम्पनी सचिव)

बाइकर्स बदमाशों ने लूटे सवा तीन लाख

नई दिल्ली। कालिंदी कुंज इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक से सवा तीन लाख रुपये लूट लिये। बदमाशों ने जाते समय बाइक की चाबी भी झाड़ियों में फेंक दी ताकि वह पीछा न कर सकें। शिकायत पर पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी लुटेरे पुलिस की पकड़ से दूर हैं। उनकी संख्या दो बतायी गई है। लूट की यह वारदात मोलड़बंद एक्सटेंशन, बदरपुर निवासी संजीव कुमार (32) के साथ हुई। वह घर से ही मनी ट्रांसफर का काम मास्टर पे प्रो नाम की कंपनी के लिए करता है। शुक्रवार सुबह 10 बजे वह घर से ग्राहकों से रुपये कलेक्शन के लिए निकला था। दोपहर पौने तीन बजे वह आगरा नहर रोड़, नजदीक लोहिया पूलिया के पास से जा रहा था, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उसकी बाइक रुकवा लिया। एक बदमाश ने जबरन उसके कंधे पर टंगे बैग को छीन लिया और दूसरे ने बाइक की चॉबी निकाल वहीं पास की झाड़ियों में फेंक दी।

कैब चालकों को बनाते थे निशाना, तीन लुटेरे चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका साउथ थाने और जेल बेल रिलीज सेल की टीम ने तीन शातिर लुटेरों और कार जैकर्स को गिरफ्तार किया है। सागर, संदीप और अमित नामक इन बदमाशों के निशाने पर खासतौर पर ओला/उबर या अन्य टैक्सी चालक रहते थे। गत एक सप्ताह में ही इन्होंने द्वारका में सीरीज लूट व कार जैकिंग की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों के पास से पुलिस ने चार कारें, एक मोटर साइकिल, एक देशी कट्टा बरामद किया है। इनकी गिरफ्तारी के बाद आठ केस सुलझाए गये हैं। डीसीपी अन्टो अल्फोंस के अनुसार 21/22 अगस्त की रात तीन बाइकर्स बदमाशों ने एक टैक्सी चालक को अगवा कर उसकी कार लूटी थी। बदमाशों ने चालक को दिचाऊं कलां एरिया के नाले के पास फेंका था। बदमाशों ने लूटी कैब का इस्तेमाल दूसरी कैब लूटने में किया गया। बदमाशों ने न सिर्फ वैगनआर कैब लूटी बल्कि चालक के पास से 5500 रुपये नकदी व एटीएम कार्ड भी लूट लिया था।

इसी प्रकार 24/25 अगस्त की रात दिल्ली कैंट एरिया और 27/28 की रात द्वारका सेक्टर-18 में एक कार लूटी थी। तीनों बदमाश नजफगढ़ के जय विहार व प्रेम नगर के रहने वाले हैं।

जीटीबी अस्पताल के परिसर से कूदकर डॉक्टर ने दी जान

मनीष राणा ⏭ नई दिल्ली

जीटीबी अस्पताल में स्थित स्टाफ क्वार्टर की आठवीं मंजिल से कूदकर एक डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम डॉ. पल्लब सहारिया (44) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मृतक के परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। बता दे कि 31 अगस्त को तीन पूर्व एक अन्य डॉक्टर ने भी अस्पताल से कूदकर खुदकुशी की थी। जानकारी के मुताबिक, पल्लब सहारिया मूलरूप से गोहाटी असम के रहने वाले थे। वह ई-22, जीटीबी अस्पताल कैंपस में सपरिवार रहते थे। परिवार में पत्नी प्रियंका और दो बच्चे है। उनकी पत्नी प्रियंका जीटीबी अस्पताल के ब्लड बैक में एचओडी है। पल्लब नोएडा के एक अस्पताल में पैथोलोजी के डॉक्टर थे। वह बाहर किसी प्राईवेट अस्पताल में एक कोर्स की तैयारी कर रहे थे। शनिवार सुबह करीब 11:47 बजे पुलिस को सूचना मिली कि डॉ. पल्लब सहारिया अपने क्वार्टर की आठवीं मंजिल से गिर गए है। पुलिस उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सेना से बर्खास्त शख्स निकला शातिर ठग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 18 साल सेना में नौकरी के बाद शुरू किया ठगी का धंधा
■ राजस्थान का रॉबिनहुड गिरफ्तार

वसंत कुंज नॉर्थ थाने की पुलिस ने सेना से बर्खास्त जालसाज व ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी 18 साल सेना में नौकरी कर चुका था। करीब तीन साल पहले चोरी का मुकदमा दर्ज होने पर उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद उसने अपराध की दुनिया में ही नाम कमाने की ठानी और एटीएम फ्रॉड करना शुरू कर दिया। राजेन्द्र सिंह मीणा (38) सीकर, राजस्थाना का रहने वाला है। गरीबों की मदद करने वाले इस ठग को इलाके में रॉबिनहुड के नाम से भी जाना जाता था। उसकी प्लानिंग गांव में सरपंच का चुनाव लड़ने की भी थी। इसलिए वह अपनी एक बेहतर छवि बनाने की कोशिश में लगा था। पुलिस ने इसके पास से 32 एटीएम कार्ड व 30 हजार रुपए जब्त किए है। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी से वसंत कुंज नॉर्थ थाने के ही 22 केस सुलझाने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक 23 अगस्त को दिन में करीब साढ़े 11 बजे नीरज कुमार महिपालपुर इलाके में एक्सिस बैंक के एटीएम से कैश निकालने के लिए गया था। तकनीकी खामी की वजह से एटीएम से कैश नहीं निकल सका। इस दौरान पीछे खड़े एक शख्स ने नीरज को बताया एटीएम मशीन धीरे काम कर रही है। उसने नीरज का एटीएम ले लिया और कैश निकालने की कोशिश की। इस दौरान उसने पीड़ित द्वारा डाले गए पिन नंबर को चुपके से देख लिया था। कैश नहीं निकलने पर मीणा ने चालाकी से पीड़ित का कार्ड बदल दिया था। इसके बाद मशीन के काम नहीं करने की बात कह वहां से निकल गया।

कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली
पुराना सेंट स्टीफन कॉलेज भवन, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006
हेल्पलाइन नं. 1800-111-400 और 1950
वेबसाइट : www.ceodelhi.gov.in

निवार्चक सत्यापन कार्यक्रम
सार्वजनिक सूचना

दिल्ली की आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक सत्यापन कार्यक्रम की गुरूआत दिनांक 01.09.2019 से की जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी निर्वाचकों से अनुरोध है कि वे अपना मतदाता विवरण जाँच करें एवं निम्नलिखित दस्तावेजों में से किसी एक की प्रति अपलोड करें :-

1. भारतीय पासपोर्ट
2. ड्राइविंग लाइसेंस
3. आधार कार्ड
4. राशन कार्ड
5. सरकारी/ अर्ध-सरकारी कर्मचारी परिचय पत्र
6. बैंक पासबुक
7. किसान पहचान पत्र
8. पैन कार्ड
9. आर.जी.आई. के एन.पी आर. के अन्तर्गत निर्गत स्मार्ट कार्ड
10. पानी/टेलीफोन /बिजली /गैस के नवीनतम बिल उस पते के लिए जिस पर आवेदक या उसके करीबी सम्बंधी जैसे माता-पिता के नाम हों।

निर्वाचक अपनी एवं अपने परिवार का मतदाता विवरण निम्नलिखित तरीकों से सत्यापित कर सकते हैं:-

1. ऑनलाईन विधि :
   क) अपने मतदाता पहचान पत्र संख्या, मोबाइल नं. एवं ईमेल आईडी की सहायता से NVSP (www.nvsp.in) पर पंजीकृत करके।
   ख) गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करके।
2. ऑफ लाइन विधि :
   क) नजदीकी कॉमन सर्विस सेन्टर पर जाकर।
   ख) वोटर सेन्टर पर जाकर।
   (कॉमन सर्विस सेन्टर एवं वोटर सेन्टर की सूची www.ceodelhi.gov.in पर उपलब्ध है)

निर्वाचक सत्यापन कार्यक्रम के द्वारा हर मतदाता अपने मतदाता विवरण को सत्यापित कर सकता है या कोई त्रुटि होने पर स्वतः जनित फॉर्म-8 भरकर उसका सुधार कर सकता है। मतदाता स्वयं को एवं उसी पते पर रहने वाले अपने परिवार के सदस्यों को मतदाता सूची में चिन्हित कर सकता है ताकि वे एक ही पोलिंग बूथ पर अपना मतदान सुनिश्चित कर सकें।

मतदाता सूची में परिवार के छूटे हुए योग्य सदस्यों का नाम जुड़वाएं। स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा मृत परिवारिक सदस्यों का नाम हटवाएं। 16 से 18 वर्ष की आयु के परिवार के सदस्यों का विवरण भरें।

दिल्ली के सभी निर्वाचकों से यह अपील की जाती है कि वे मतदाता सत्यापन कार्यक्रम (EVP) में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने में सहयोग करें।

दिव्यांग मतदाता '1950' पर कॉल कर मतदाता सत्यापन कार्यक्रम के लिए सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

MAKE MY VOTER DETAILS 100% सही!

कोई मतदाता न छूटे

ह./-
DIP/Shabdarth/600/19-20 — विशेष मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली

उत्तर भारत के सबसे बड़े एटीएम कार्ड क्लोनर का साथी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ प्रवेश उर्फ जगप्रवेश उर्फ टॉनी डागर दो मामलों में था वांटेड
■ प्रवीण डागर उर्फ प्रवीण झरौड़ा का है साथी

क्राइम ब्रांच ने एटीएम कार्ड क्लोनिंग करने वाले गैंग के एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। प्रवेश उर्फ जगप्रवेश की पुलिस को ठगी के दो मामलों में तलाश थी। आरोपी उत्तर भारत के सबसे बड़े एटीएम कार्ड क्लोनर और फ्रॉड प्रवीण डागर उर्फ प्रवीण झरौड़ा का सहयोगी है। इसके पास से एक एटीएम स्कीमिंग मशीन और दो क्लोन किये कार्ड भी बरामद किये हैं। इसके अलावा एक देशी कट्टा व दो कारतूस भी जब्त किये गये हैं। पुलिस के अनुसार यह गिरोह हजारों लोगों से ठगी को अंजाम दे चुका था। डीसीपी राजेश देव के अनुसार सूचना मिली थी कि शालीमार बाग और मोती नगर के एटीएम कार्ड फ्रॉड का आरोपी प्रवेश 26 अगस्त को द्वारका सेक्टर-18 में आने वाला है। शाम करीब चार बजे एक ट्रैप लगाकर इंस्पेक्टर रितेश कुमार की टीम ने उसे तब दबोच लिया जब वह स्विफ्ट कार से इलाके में पहुंचा था। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह प्रवीण डागर गिरोह का मेंबर है। प्रवीण देशभर में एटीएम कार्ड फ्रॉड के मामलों में शामिल रहा है। वह उत्तराखंड पुलिस की कस्टडी से फरार हुआ था। प्रवेश के पास से बरामद कार गैंग सरगना प्रवीण की फरारी में भी इस्तेमाल की गई थी। पुलिस को कार से दो क्लोन हुये कार्ड व स्कीमिंग मशीन भी बरामद हुई। पुलिस आरोपी की निशानदेही पर उसके दो गैंग सदस्यों को पकड़ने पहुंची तो वह इनोवा कार से पुलिस जिप्सी में टक्कर मार धुलसिरस इलाके में फरार हो गये।

फोन छीनकर भाग रहा था बदमाश, दो बहनों ने दबोचा

■ पार्क की ग्रिल कूदकर भागने का कर रहा था प्रयास

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। वेलकम मेट्रो स्टेशन जा रही दो बहनों में एक बहन का फोन एक बदमाश ने झपट लिया और वह मौके से भागने लगा। दोनों बहनों ने बहादुरी दिखाते हुए बदमाश का पीछा करना शुरू कर दिया। बदमाश पार्क की ग्रिल पकड़कर कूदने का प्रयास कर ही रहा था, तभी शिवानी ने उसका पैर पकड़कर उसे खींच दिया। इससे बदमाश ग्रिल से नीचे गिर गया। बाद में दोनों बहनों ने उसे दबोच लिया। आरोपी को मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया गया। गिरफ्तार आरोपी का नाम शहनवाज (19) है। आरोपी वेलकम का रहने वाला है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

महिला ने फांसी लगा दी जान

नई दिल्ली। फतेहपुर बेरी इलाके में एक शादीशुदा महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शुक्रवार सुबह सामने आई इस घटना में सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने एम्स में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मायके वाले महिला की मौत के लिये ससुराल पक्ष को जिम्मेदार ठहरा रहे है। जानकारी के मुताबिक मृतका का नाम उषा (27) है, जिसकी शादी वर्ष 2009 में हुई थी। वह मूलरुप से पलवल हरियाणा की रहने वाली थी। उसके दो बच्चे हैं। महिला के भाई का आरोप है कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे उन्हें पुलिस से इस घटना की सूचना मिली थी। उनकी बहन को शादी के बाद से ही ससुराल के लोग परेशान करते थे। कई बार मारपीट भी की गई। उसे वहां प्रताड़ति किया जाता था। उन्हें संदेह है कि बहन ने खुदकुशी नहीं की, बल्कि उसकी साजिशन हत्या की गई है।

दक्षिणी निगम में करोड़ों का भ्रष्टाचार उजागर, आप करेगी एसीबी में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को कहा कि गुरुवार को आई ऑडिट रिपोर्ट में दक्षिणी नगर निगम में चल रहे हजारों करोड़ रुपयों के भ्रष्टाचार का जो खुलासा हुआ है उसको लेकर आप अपराध निरोधक शाखा में शिकायत दर्ज करा, कार्यवाही की मांग करेगी। प्रैसवार्ता में आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीते बृहस्पतिवार को दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की ऑडिट रिपोर्ट स्थायी समिति के अंदर रखी गई।

जब हमने इस रिपोर्ट को पढ़ा तो बेहद ही चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिणी दिल्ली नगर निगम का एक भी विभाग ऐसा नहीं है जिसमें करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार ना हुआ हो। रिपोर्ट में दिए हुए कुछ मुख्य बिंदुओं को चिन्हित करते हुए उन्होंने बताया एमसीडी के पास 1177 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने के लिए बकाया पड़ा हुआ है, परंतु एमसीडी ने इस पैसे को वसूलने के बजाय आपनी जेबें भर ली। रिपोर्ट में उदाहरण के लिए चार कमर्शियल प्रॉपर्टीज दि उमराव, फोर पॉइंट्स, मेपल इमराल्ड और मोटैल जैसे

■ गुरुवार को दक्षिणी निगम की स्थाई समिति में पेश की गई ऑडिट रिपोर्ट

जानेमाने फर्महाउस का जिक्र किया गया है। यह ऐसे फार्म हाउस है जहां पर बड़े-बड़े करोड़पतियों की शादी होती है, परंतु भाजपा के नेता और एमसीडी के अधिकारियों की मिलीभगत से आज भी इस जमीन पर एग्रीकल्चर लैंड दिखाकर, एग्रीकल्चर लैंड के अनुसार टैक्स लिया जाता है और करोड़ों रुपए की चपत दक्षिणी निगम को लगाई जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार मात्र इन चार संपत्तियों का ही टैक्स 4 करोड़ 49 लाख 99 हजार 422 रुपए बनता है। सौरभ ने कहा कि खुद एमसीडी का जो इंटरनल ऑडिट डिपार्टमेंट होता है उसके बारे में भी इस ऑडिट रिपोर्ट में चौकानेवाले तथ्य सामने आए हैं। इंटरनल ऑडिट के द्वारा मात्र 147 यूनिट का ऑडिट किया गया है जो कि दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की कुल यूनिट का मात्र 4 प्रतिशत बनता है जबकि नियम कहता है कि 100 प्रतिशत ऑडिट करना जरूरी है।

गैरकानूनी तरीके से लगे हैं ज्यादातर सेल फोन टावर

सौरभ ने बताया कि रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में जो सेल फोन टावर लगे हुए हैं उनमें से ज्यादातर गैरकानूनी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 1672 लोगों ने सेल फोन टावर लगाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें से मात्र 659 लोगों को सेल फोन टावर लगाने की अनुमति दी गई। इसके अलावा कई हजार टावर गैर कानूनी तौर पार चलाए जा रहे हैं। इसके द्वारा भी दक्षिणी दिल्ली को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।

इंटरनल ऑडिटर ने भी कहा कि निगम के विभागों में पाई गई अनियमितताएं

सौरभ ने कहा कि नगर निगम के इंटरनल ऑडिटर ने अपनी खुद की रिपोर्ट में इस बात को कहा है कि नगर निगम के विभिन्न विभागों में अनियमितताएं पाई गई है। नगर निगम इसकी जांच करें और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करे। सौरभ ने कहा कि आप के विधायक इस बाबत एसीबी में एक शिकायत दर्ज कराएंगे और एमसीडी में चल रहे करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार की जांच की मांग करेंगे।

निगम के विजिलेंस विभाग पर रिपोर्ट में उठाए गए सवाल

सौरभ ने कहा कि निगम के विजिलेंस विभाग पर ही ऑडिट रिपोर्ट में प्रश्न उठाए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक विजिलेंस डिपार्टमेंट को 313 रेगुलर डिपार्टमेंटल एक्शन निर्देशित किए गए थे। विजिलेंस डिपार्टमेंट द्वारा मात्र 165 मामलों में चार्जशीट दी गई, बाकी 148 केसों में कई सालों से चार्जशीट भी जारी नहीं की गई है। अर्थात ऐसे मामले जिनके अंदर प्राथमिक जांच में यह पाया गया कि जिस अधिकारी के संबंध में शिकायत की गई है वह भ्रष्टाचार में लिप्त था बावजूद उसके लगभग आधे ही मामलों में चार्जशीट जारी की गई।

गणपति बप्पा मोरया

नई दिल्ली। विघ्न हरण मंगल मूर्त गणपति बप्पा मोरया के स्वागत के लिए दिल्ली में जगह जगह तैयारियां जोरों पर चल रही है। प्रीतमपुरा, शाहदरा ग्राउंड, पंजाबी बाग, द्वारका सहित कई जगहों पर बड़े बड़े पंडाल तैयार हो चुके है। गणेश चतुर्थी के उत्सव की शुरूआत 2 सितंबर से होगी जो 12 सितंबर तक चलेगा। कलाकारों के यहां गणेश जी की मूर्तियां बनकर तैयार रखी है, कई आयोजक पंडालों में मूर्ति रख चुके है। गत कुछ सालों से दिल्ली में भी गणेश उत्सव ने जोर पकड़ा है। दिल्ली में भी श्रद्धालु अपने अपने घर शिव गौरी पुत्र गणेश की मूर्ति को पूरे विधि विधान से स्थापति करते है और करीब 10 दिनों तक पूजा पाठ करते है।

एबीवीपी ने की चुनाव समिति की घोषणा

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव में प्रत्याशियों के केंद्रीय पैनल में चयन के लिए 7 सदस्यों की चुनाव समिति की शनिवार को घोषणा कर दी है। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अवनीश मित्तल की अध्यक्षता में एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनु शर्मा कटारिया, प्रदेश संगठन मंत्री आनंद श्रीवास्तव, राष्ट्रीय मीडिया संयोजक मोनिका चौधरी, प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष शक्ति सिंह तथा केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य अभिषेक वर्मा इस चुनाव समिति के सदस्य हैं। एबीवीपी के दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के लिए चारों प्रत्याशियों की घोषणा 5 सितंबर को यह चयन समिति करेगी, एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अवनीश मित्तल ने कहा कि एबीवीपी में प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया हमेशा से पारदर्शी और लोकतांत्रिक रही है।

डूसू चुनाव लड़ेगी या नहीं

सीवाईएसएस कल दो बजे करेगी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की छात्र इकाई छात्र युवा संघर्ष समिति (सीवाईएसएस) दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव लड़ेगी या मैदान छोड़ेगी इसकी घोषणा कल करेगी। उधर बैलेट पेपर से डूसू चुनाव कराने की मांग को लेकर सीवाईएसएस की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आज पांचवें दिन भी जारी रही। सीवाईएसएस के महासचिव हरिओम प्रभाकर ने कहा कि अगर प्रशासन द्वारा सीवाईएसएस के बैलट पेपर के माध्यम से चुनाव कराने की मांग को स्वीकार नहीं किया गया तो सीवाईएसएस डूसू चुनावों का बहिष्कार करेंगे। सीवाईएसएस अन्य छात्र संगठनों जैसे आईसा और एनएसयूआई से भी समर्थन देने और आगामी डूसू चुनावों का बहिष्कार करने की अपील करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि डूसू चुनावों पर अपने अंतिम निर्णय की घोषणा करने के लिए सीवाईएसएस सोमवार को आर्ट्स फैक्लटी, गेट नंबर - 4 के बाहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगा। हरिओम ने बताया कि सीवाईएसएस पिछले पांच दिनों से आर्ट्स फैक्लटी के बाहर, डूसू चुनाव बैलट पेपर के माध्यम से कराने और छात्रों के विभिन्न मुद्दों का निवारण की मांग करने के लिए भूख हड़ताल कर रहा है। लेकिन डीयू प्रशासन का कोई भी प्रतिनिधि प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने के लिए अभी तक नहीं आया है। सीवाईएसएस एक्टिविस्ट हेतराम यादव और रनजीत तिवारी पिछले 5 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं, उन्हें चिकित्सीय मदद तक मुहैया नहीं कराई गई, अभी तक प्रशासन द्वारा कोई डॉक्टर नहीं भेजा गया जबकि उनका स्वास्थ्य खराब होता जा रहा है। सीवाईएसएस ने कहा कि प्रशासन को अब अपनी नींद से जागकर, छात्रों की मांगों को सुनना चाहिए।

गलती तो नहीं, अपना मतदाता पहचान-पत्र जांच लें : सीईओ

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली

दिल्ली में आगामी महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और इसे देखते हुए दिल्ली निर्वाचन आयोग चाहता है कि मतदाता सूची में गलती न के बराबर रहें और हर मतदाता जागरूकता का परिचय देते हुए अपना व अपने परिवार का मतदाता सूची में नाम जांच ले, पता बदल गया है या फिर कोई अन्य प्रकार की गलती तो नहीं हैं। उक्त बाते शनिवार को दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) डॉ. रणबीर सिंह प्रेसवार्ता के दौरान कही। इस दौरान बताया गया कि आज रविवार यानि एक सितंबर से

■ प्रेसवार्ता में कहा कि चुनाव के चलते जांच ले मतदाता सूची

मतदाताओं की सूची में संसोधन करने, नाम जांचने संबंधी कार्य शुरू होगा और यह अगले माह यानि 15 अक्टूबर तक चलेगा। वहीं, 1 जनवरी 2020 का रोल तैयार होगा। 10 जनवरी तक मतदाता सूची बन जाएगी। यह एक विशाल कार्यक्रम है। इसमें मतदाता अपने विधानसभा के मतदाता केंद्र और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में जाकर अपने नाम आदि की जांच कर सकता है।

केजरीवाल की उपस्थिति में कई कांग्रेसी आप में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में शनिवार को मख्यमंत्री आवास पर कई कांग्रेसी नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर पार्टी में शामिल हुए लोगों को केजरीवाल ने आप की टोपी और पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान आप के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक भी मौके पर मौजूद रहे। आप में शामिल लोगों ने केजरीवाल का आश्वासन दिया किविकास की जो नीति अरविंद केजरीवाल दिल्ली में लेकर चले हैं, हम सब मिलकर उसको दिल्ली के कोने-कोने तक पहुंचाने का काम करेंगे। दिल्ली सरकार द्वारा जनता के हितों में जो भी सकारात्मक फैसले लिए जा रहे हैं, हम जनता तक उसका लाभ पहुंचाने में आपके साथ पूरी ईमानदारी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे।

नरेला: नई अनाज मंडी में बनेगी 362 आढ़त दुकानें

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला स्थित नई अनाज मंडी में बनने वाली प्रस्तावित 362 आढ़त दुकानों के प्रस्ताव को गत दिनों उत्तरी दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की बैठक में हरी झंडी दे दी गई। जिसके बाद उक्त प्रस्ताव को नरेला अनाज मंडी समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने दिल्ली में एक ईमानदार सरकार की जीत बताया है। शनिवार को अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि करीब 33 वर्ष बाद यहां के आढ़तियों को उक्त मामले पर राहत मिली हैं। अब जितना जल्द हो सकेगा, इस दिशा में कार्य शुरू किया जाएगा। ताकि आढ़तियों को दुकान आंबटन की जा सकें। लेकिन वहीं कुछ आढ़तियों का यह भी आरोप है कि नरेला अनाज मंडी में 353 लाइसेंसी आढ़ती हैं जबकि दिल्ली एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड (डीएएमबी) ने प्रस्ताव में 362 आढ़त दुकानें बताई हैं। अब इस बारे में या तो कोई गलती हो सकती है या फिर दिल्ली सरकार का यह बोर्ड कोई घोटाला करने की फिराक में हैं। वहीं, आढ़तियों का यह भी कहना है कि कांग्रेस के कार्यकाल में 353 आढ़त दुकानें के आंबटन को लेकर आढ़तियों से निर्धारित शुल्क भी जमा कराया गया था और उस समय नई अनाज मंडी में शेल्टर भी नहीं बने हुए थें और जगह कम होने का हवाला देकर दुकानों का आंबटन रद्द कर दिया गया था। वहीं, अब केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में शेल्टर भी लग चुके हैं और प्रस्ताव के अनुसार दुकानों की संख्या 353 से बढ़कर 362 हो गई हैं। तो अब जगह कहां से आ गई है यह भी चर्चा का विषय है। वहीं, मंडी सचिव ने उक्त मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

■ आढ़तियों में कहीं खुशी, कहीं रोष

पानी के बिलों की माफी को लेकर दिल्ली के आरडब्ल्यूए के आन्दोलन ने पकड़ी तेजी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा पानी के बिलों की माफी घोषणा के बाद दिल्ली के आरडब्ल्यूए द्वारा शुरू किए आन्दोलन में तेजी आने लगी है। आरडब्ल्यूए की फेडरेशन युनाइटेड रेजीडेंट ऑफ इंडिया के महामंत्री सौरभ गांधी ने कहा कि लोगों की मांग है कि केजरीवाल सरकार उन लोगों के पैसे वापिस करे, जिन्होंने ईमानदारी से पानी के बिलों का समय पर भुगतान कर दिया था। इस मामले पर आरडब्ल्यूए के हस्ताक्षर के अभियान का कैम्प रविवार को लाजपत नगर की सेंट्रल मार्किट में लगाया जाएगा। जिसमें राज्यसभा सांसद विजय गोयल अपने विचार रखेंगे और लोगों को बताएंगे कि किस तरह से केजरीवाल सरकार ने चार साल तक कुछ काम नहीं किया। अब मुफ्त की घोषणाएं करके लोगों के वोट खरीदना चाहते हैं।

आप की जनसंवाद यात्रा आज से होगी शुरू

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी आज 1 सितंबर 2019 से दिल्ली में जनसंवाद यात्रा शुरू करने जा रही है। दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय के नेतृत्व में यह यात्रा 1 सितंबर से शुरू होकर 3 अक्टूबर 2019 तक चलेगी। यात्रा के दौरान प्रतिदिन 2 विधानसभाओं का दौरा किया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के चलते आप ने दिल्ली की 70 विधानसभाओं में जनसंवाद यात्रा का आयोजन रखा है।

एनआरसी लागू होने से दिल्ली की सूरत बदल जायेगी: तिवारी

नई दिल्ली। दिल्ली में नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस (एनआरसी) लागू होने से दिल्ली की सूरत बदल जायेगी और यहां रहने वाले लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधायें मिलने लगेंगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने शनिवार को उक्त बातें कहीं। वहीं, इस मामले पर तिवारी ने कहा कि आतंकवाद से निपटने के लिए एनआरसी का लागू होना बेहद जरूरी है। एनआरसी लागू करने के लिए गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर दिल्ली की यर्थाथ वस्तुस्थिति की रिपोर्ट देंगे। तिवारी ने कहा कि दिल्ली में बड़े पैमाने पर दूसरे देशों के लोग अवैध रूप से रह रहे हैं और यहां पर सरकारी जमीनों पर कब्जा तक कर लिया है, ऐसे लोग देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं। आतंकवाद से लड़ने के लिए भी एनआरसी बेहद कारगर साबित होगा, क्योंकि देश की सुरक्षा में गड़बड़ी पैदा करने वाले अधिकांश घुसपैठिये ही होते हैं। दिल्ली में रोहंगियों की अवैध घुसपैठ बढ़ रही है जिसके लिए एनआरसी कारगर हथियार साबित होगा। अवैध घुसपैठियों से न सिर्फ देश की आंतरिक सुरक्षा खतरे में पड़ती है, बल्कि दिल्ली में रहने वाले लोगों को मिलने वाले संसाधनों का भी दोहन होता है। सभी राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एनआरसी के मुद्दे पर एक जुट होना चाहिये, क्योंकि यह दिल्ली की आर्थिक और आंतरिक सुरक्षा का मामला है।

■ एनआरसी के मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह से मिलेंगे अध्यक्ष तिवारी

सभी आप कार्यकर्ता आज 10 बजे अपने घर का निरीक्षण करें : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। दिल्ली को डेंगू और चिकनगुनिया की बीमारी से मुक्त बनाने के लिए दिल्ली सरकार रविवार से 10 हफ्ते,10 बजे,10 मिनट महाअभियान आज से शुरू कर रही है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आप कार्यकर्ताओं से अपील की है कि सभी कार्यकर्ता आज यानी रविवार को 10 बजे अपने घरों का निरीक्षण करें।

■ डेंगू के खिलाफ दिल्ली सरकार का 10 हफ्ते ,10 बजे,10 मिनट महाअभियान आज से शुरु

ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के फ्री बस सेवा पर कांग्रेस नेता जयकिशन ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक जयकिशन ने डीटीसी बसों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा महिलाओं को फ्री यात्रा देने को लेकर सवाल खड़े किए है। जयकिशन का कहना है कि पहली बात तो सरकार के पास बसों के नाम पर महज 3 हजार के करीब बसें बची है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में डीटीसी की बसें दिखना ही दुर्लभ हो चुकी है। ऐसे में ग्रामीण महिलाओं को फ्री यात्रा का लाभ नहीं मिलेगा। दूसरा सवाल है कि डीटीसी के बेड़े की लगभग 20 प्रतिशत से ज्यादा बसें किसी ना किसी कारण सड़को पर नहीं आती, जबकि दर्जनों बसें बीच राह में ही खराब हो जाती है। ऐसे में ग्रामीण एरिया की महिलाओं को कहां से फ्री बसें मिलेगी। उन्होंने कहा कि तीसरा सवाल है कि जो महिलाएं आरटीवी, फटफट सेवा, ग्रामीण सेवा व अन्य ऐसी सेवाओं से आवागमन करती है उन्हें फ्री बस यात्रा से कोई फायदा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की सस्ती बिजली योजना, फ्री पानी देना, फ्री वाई फाई जैसी अनेकों योजनाएं केवल भ्रमित करने के लिए है। लोगों को कुछ नहीं मिल रहा, इसमें भाजपा भी बराबर की दौषी है। उन्होंने कहा कि अगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए केजरीवाल दबादब पुरी योजनाओं की घोषणा कर रहे है। लेकिन मतदाताओं को सब पता है कि केजरीवाल केवल गुमराह करने के सिवाय कुछ नहीं कर रहे।

ऑटो वालों को कई शुल्कों में आज से मिलेगी राहत, अधिसूचना जारी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली के ऑटो वालों को विभिन्न शुल्कों में राहत देने वाले बड़े फैसले की शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। वहीं दिल्ली परिवहन विभाग ने शनिवार को आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत केवल कम की गई परमिट के नवीनीकरण की नई फीस 15 अक्टूबर के बाद लागू होगी। इसके अलावा सभी मामलों में छूट आज यानी एक सितंबर से मिलनी शुरू हो जाएगी। गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल कैबिनेट ने गत 13 अगस्त को ऑटो वालों को बड़ी राहत देते हुए ऑटो की फिटनेस, जीपीएस और डिम्ट्स शुल्क पूरी तरह माफ कर दिया था। इसके तहत अब ऑटो चालकों को इन तीनों शुल्कों के रूप में कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। सरकार के इस कदम से 90 हजार ऑटो चालकों को फायदा होगा। ज्ञात हो कि अभी तक फिटनेस फीस के रूप में ऑटो चालकों को 600 रुपए देने पड़ते थे, जबकि जीपीएस व डिम्ट्स शुल्क के रूप में एक साल में 1420 रुपए तथा जीपीएस में सिम के लिए 584 रुपए देने होते थे।

प्लास्टिक को ना कहें, अभियान आज

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली नगर निगम प्रशासन आज रविवार से अपने सभी 6 जोनों में प्लास्टिक निर्मित वस्तुओं के अपयोग को ना कहने को लेकर जागरूकता अभियान शुरू कर रहा है। बताया जाता है कि अतिरिक्त आयुक्त (डेम्स) के निर्देश पर सभी जोनों के सर्कल इंचार्ज अपने क्षेत्र में पार्षदों को सूचित कर उक्त अभियान की जानकारी आमजन को देंगे। यह अभियान सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक चलाया जाएगा।

खबर संक्षेप

बीके अस्पताल को भेंट किए 8 व्हीलचेयर व 10 स्ट्रेचर

फरीदाबाद। विश्व मानव रूहानी केन्द्र नवानगर, पंचकुला द्वारा जिला नागरिक अस्पताल बादशाह खान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रूहानी केन्द्र के सेवादारों ने प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. सविता यादव, डॉ.उपेन्द्र भारद्वाज व डॉ. संदीप बैनीवाल की उपस्थिति में अस्पताल को 8 व्हीलचेयर व 10 स्ट्रेचर भेंट किए। इस मौके पर सेवादारों ने कहा कि विश्व मानव रूहानी केंद्र लाभ निरपेक्ष, परोपकारी एवं आध्यातिमक संस्था है जो जाति-धर्म, रंग तथा वर्ण के भेदभाव बिना कार्य करती है।

हवलदार पर कार चढ़ाने के प्रयास का आरोपी शराब तस्कर काबू

गुरुग्राम। फरीदाबाद रोड पर ड्यूटी पर तैनात हवलदार पर कार चढ़ाने के प्रयास के आरोपी शराब तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित की कार से 20 पेटी देशी शराब एवं 50 पव्वे की बरामदगी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। पुलिस में दी शिकायत के अनुसार हवलदार भीष्म, पवन, हरदीप एवं सुखराम ग्वालपहाड़ी इलाके में वाहनों की जांच कर रहे थे। उसी दौरान गुरुग्राम की तरफ से एक तेज रफ्तार कार आती हुई दिखाई दी। भीष्म ने कार को रोकने का संकेत किया तो चालक ने स्पीड बढ़ाते हुए भीष्म पर कार चढ़ाने का प्रयास किया।

महागुन मॉल में खुला टॉयज 'आर' अस का स्टोर

गाजियाबाद। शनिवार को वैशाली स्थित महागुन मेट्रो मॉल में विश्व की सबसे बड़ी टॉय कंपनी टॉयज 'आर' अस का स्टोर खुल गया। उत्तर भारत में कंपनी का पहला स्टोर है। महागुन ग्रुप के डायरेक्टर धीरज जैन व एक छोटी बच्ची ने स्टोर का रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर बच्चों के लिए कई मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किये, साथ ही बच्चों ने पसंदीदा कार्टून के चरित्रों में कई परफॉरमेंस दी और जमकर मस्ती की।

इलेक्ट्रॉनिक गेट में फंसकर टेंपो चालक की मौत

नोएडा (उप्र)। नोएडा थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के सेक्टर 61 स्थित यू-फ्लेक्स कंपनी के इलेक्ट्रॉनिक गेट में फंसकर टेंपो चालक की मौत हो गई। मामले में मृतक के साथी ने कंपनी के गार्ड पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस उपाधीक्षक नगर द्वितीय पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि मूल रूप से मध्य प्रदेश का रहने वाला सुधीर सेक्टर 61 स्थित यू-फ्लेक्स कंपनी में टाटा 407 लेकर सामान भरने आया था। वह कंपनी के बाहर गाड़ी खड़ी करके कंपनी के अंदर से पानी लेने जा रहा था। सुधीर ने गार्ड से गेट खोलने के लिए कहा। गार्ड ने इलेक्ट्रॉनिक गेट खोलने वाला बटन दबाने के बजाय, बंद करने वाला बटन दबा दिया। जिससे चालक दोनों गेट के पाट में फंस गया, मौत हो गई।

बच्चा चोरी का आरोप पिटने वाले पर मामला दर्ज

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के भूड़ा कॉलोनी में बीती रात को कुछ लोगों ने व्यक्ति पर बच्चा चोरी का आरोप लगाकर उसे पीट दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि आरोप निराधार है। पुलिस ने बच्चा चोरी की झूठी सूचना देने वाले राजेश पर मुकदमा दर्ज किया है। थाना सेक्टर 39 के थानाध्यक्ष नीरज मलिक ने बताया कि बीती रात को सूचना मिली कि भूड़ा कॉलोनी वाले व्यक्ति को पीट रहे हैं कि वह बच्चा चोरी कर रहा था।

स्वच्छता सर्वेक्षण टीम ने किया 25गांवों का भ्रमण

गाजियाबाद। भारत सरकार द्वारा निर्धारित आई पोस कंपनी की टीम एसएसजी 2019 स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2019 के तहत जनपद गाजियाबाद के 25 ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर जांच की और ग्रामीणों से स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2019 के विषय में जानकारी हासिल की। टीम ने हॉट बाजार पंचायत घर धार्मिक स्थल मंदिर मस्जिद स्कूल आंगनवाड़ी केंद्र एनम सेंटर इत्यादि का दौरा किया।

इच्छित छात्राओं को मिलेगा औपचारिक प्रशिक्षण: विपुल

महिलाओं को व्यवसाय की ओर प्रेरित करने के लिए शुरू होगा पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा में महिलाओं को उद्यमिता और व्यवसाय विकास के क्षेत्र में प्रेरित करने के लिए महिला उद्यमिता पर नियमित पाठ्यक्रम शुरू किया जायेगा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के अंतर्गत चलाये जाने वाले पाठ्यक्रम में उद्यमिता के क्षेत्र में इच्छा रखने वाली छात्राओं को उद्यम शुरू करने के लिए आवश्यक औपचारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह घोषणा हरियाणा के उद्योग, वाणिज्य तथा औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में इंटीग्रेटेड एसोसिएशन ऑफ माइक्रो, स्मॉल, मीडियम एंटरप्राइजेज ऑफ इंडिया के महिला उद्यम प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित लड़कियों के लिए एक वर्षीय उद्यमिता कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए दी। इस अवसर पर जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की प्रशासक तथा फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती सोनल गोयल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। उन्होंने उद्यमशीलता को लेकर राज्य सरकार की नीतियों पर चर्चा की। इस अवसर पर शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और कई उद्योगपति भी उपस्थित थे।

- श्रीमती सोनल गोयल ने उद्यमशीलता को लेकर राज्य सरकार की नीतियों पर की चर्चा
- उद्यमिता कार्यक्रम के समापन पर शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, कई उद्योगपति रहे मौजूद

लड़कियों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम से अवगत हुए मंत्री

इससे पहले आईएमएसएमईआफ इंडिया के चेयरमैन राजीव चावला ने मंत्री को लड़कियों के लिए चलाये गये उद्यमिता कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया। आईएमएसएमईआफ इंडिया के महिला उद्यमी प्रकोष्ठ ने पिछले साल 12 कॉलेजों और 200 से अधिक लड़कियों की भागीदारी के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी लड़कियों में से 45 लड़कियों को उनके स्टार्ट-अप प्रस्तावों को चुना गया है। इस अवसर पर चावला ने उद्योग मंत्री से विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप प्रस्तावों को सहयोग देने की अपील की, जिस पर उद्योग मंत्री ने विद्यार्थियों के चुनिंदा प्रस्तावों को सहयोग देने की आश्वासन दिया व शैक्षिक संस्थानों, स्थानीय प्रशासन और उद्योग से जुड़े लोगों से भी विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप प्रस्तावों को सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये।

नर्स को ब्लैकमेल कर किया रेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सिविल अस्पताल की नर्स का वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रेप किए जाने का मामला सामने आया है। नर्स की शिकायत पर महिला पश्चिम थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गई है। सिविल अस्पताल में कार्यरत 32 वर्षीया नर्स ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अस्पताल में बने क्वार्टर में अपनी बेटी के साथ रहती है। वहीं आरोपी युवक भी सरकारी अस्पताल के क्वार्टर में ही रहता है। पड़ोस में रहने की वजह से जनवरी 2019 में उसकी बातचीत शुरू हुई थी। इसके बाद फोन पर एक- दूसरे से बातचीत शुरू हो गई। अप्रैल 2019 में युवक उसके मकान में आया और उसके साथ रेप किया। इस दौरान युवक ने उसका वीडियो भी बना लिया। इसके बाद युवक ने उसे ब्लैकमेल कर कई बार रेप किया। आरोपी ने कई बार उसकी नौ वर्षीय बेटी को भी कमरे में बंद कर दिया। वहीं उसे और उसकी बेटी को किसी भी परिजन से न मिलने के लिए दबाव भी बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। नर्स का मेडिकल करवाया गया और उसके बयान भी दर्ज किए गए। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- नर्स की शिकायत पर महिला पश्चिम थाना में केस दर्ज, आरोपी को खोज रही पुलिस
- आरोपी ने कई बार पीड़िता की नौ वर्षीय बेटी को भी कमरे में बंद कर दिया था

दवा लूटने वाले छह डकैत अरेस्ट एक करोड़ की दवा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

क्राइम ब्रांच व सिहानी गेट पुलिस ने शनिवार को गोदामों में रात को हमला बोलकर दवा लूटने वाले गिरोह के छह सदस्यों को मेरठ रोड औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई एक करोड़ की दवा, ट्रक, तीन तमंचे, तीन चाकू व कारतूस बरामद किये हैं।

पुलिस के मुताबिक इनके छह साथी फरार हो गए। एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच व सिहानी गेट पुलिस ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन चलाकर छह डकैतों को गिरफ्तार किया है। जिनके नाम नरेश विपिन, जितेंद्र, दिनेश नितिन व नुकूल हैं। नरेश गिरोह का सरगना है जो एक फैक्ट्री में काम करता था। फैक्ट्री मालिकों ने उसकी संदिग्ध गतिविधियों के चलते नौकरी से निकाल दिया था। उसके बाद उसने यह पेशा अपनाया। रात में वह दवा गोदामों पर धावा बोलते थे व नौकरों को बंधक बनाकर लाखों रुपए की दवाई ट्रक में लाद कर फरार हो जाते थे। उनके साथी फरार हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

शिवा इन्टरनेशनल कम्पनी में हुई थी डकैती

एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि गत 15 अगस्त की रात बदमाशों ने मेरठ रोड इन्डस्ट्रियल एरिया में स्थित शिवा इन्टरनेशनल कम्पनी में घुसकर गार्ड को तमंचों के बल पर बंधक बना लिया था व गोदाम में से कैन्टर में दवाइयां भरकर ले गए थे। इस संदर्भ में सिहानीगेट पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया था।

जन आशीर्वाद यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन से विपक्षी नेताओं के हौसले पस्तः मनोहर लाल

'जनता हमारे पांच वर्ष के विकास कार्यों से खुश'

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 18 अगस्त को कालका से शुरू हुई जन आशीर्वाद यात्रा को सभी जगह जनता से मिल रहे भारी जनसमर्थन को देखकर विपक्षी नेताओं के हौसले पस्त हो गए हैं। प्रतिदिन 70 से 80 जगहों पर यात्रा का स्वागत करने और हमें आशीर्वाद देने के लिए भारी जनसमूह उमड़ रहा है। मनोहर लाल सोहना विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले गांव भोंडसी से पुनः यात्रा प्रारंभ करने के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। सीएम ने गांव भोंडसी में बने तीन शहीदों के स्मारक पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। उन्होंने कहा कि यात्रा का शनिवार को दसवां दिन था व अब तक यात्रा प्रदेश के 55 विधानसभा क्षेत्रों को कवर कर चुकी है। जिस प्रकार से यात्रा को सभी जगहों पर भारी जनसमूह से आशीर्वाद मिल रहा है उसका सीधा सीधा संकेत है कि प्रदेश की जनता हमारे पिछले पांच वर्ष के कार्यों से खुश है।

रेवाड़ी पहुंची यात्रा

शनिवार को यात्रा गुरुग्राम जिला में भोंडसी, घामडोज, धुनेला, सोहना चुंगी, राघव वाटिका, अग्रसेन चौक, ध्यानदास की प्याऊ होते हुए तावडू, झामोवास, कलवाड़ी, पथरेड़ी, बिलासपुर तथा सिधरावली के रास्ते रेवाड़ी जिला में प्रवेश कर गई।

यात्रा में शामिल हुए विधायक उमेश

यात्रा में गुरुग्राम के विधायक उमेश अग्रवाल, सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, गुरुग्राम के भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समय सिंह भाटी, जिला परिषद गुरुग्राम के अध्यक्ष कल्याण सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता गोपीचंद गहलोत, सूरजपाल अम्मू, संदीप राघव, अरिदमन सिंह बिल्लू, सुभाष बंसल, हीरालाल नंबरदार, यशबीर यादव, अतर सिंह, हरबीर अधाना, दिनेश राघव सहित शामिल रहे।

आठ को पीएम मोदी के विचार सुनने रोहतक पहुंचे जनता

सीएम ने कहा कि यह यात्रा सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों से होती हुई 8 सितंबर को रोहतक पहुंचेगी जहां पर पीएम नरेंद्र मोदी यात्रा को आशीर्वाद देंगे। सीएम ने जनता को 8 सितंबर के दिन पीएम के विचार सुनने के लिए रोहतक पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने कहा कि मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने इन पिछले 5 वर्षों में व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किया है, जिससे लोगों को उनके घर के नजदीक सुविधाएं मिली है।

गिनवाए विकास कार्य

सीएम ने कहा कि जिस ढंग से हमने सन 2014 से अब 2019 तक हरियाणा की जनता की सेवा की है, पारदर्शी ढंग से व्यवस्थाएं खड़ी की है ताकि लोगों को सुविधा हो, भ्रष्टाचार पर चोट मारी है व विकास के बहुत सारे काम किए हैं, उससे जनता में हमारी सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।

अब बीएसएनएल केंद्र में भी बनेगें आधार कार्ड

फरीदाबाद। बीएसएनएल के सेक्टर-15, स्थित उपभोक्ता सेवा केंद्र पर अब आधार कार्ड भी बनाए जाएंगे। इस केंद्र पर कोई भी शहरवासी अपना नया आधार कार्ड सकता है। साथ ही पुराने कार्ड में किसी भी प्रकार का संशोधन भी करा सकता है। शनिवार से इसकी शुरुआत कर दी गई।

ये जानकारी बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक एससी शर्मा ने दी।बीएसएनएल ने यूआईडीएआई के साथ मिलकर शहरवासियों के लिए ये सुविधा शुरू की है। ये जरूरी नहीं कि केंद्र पर उसी का आधार कार्ड बनेगा जो बीएसएनएल का उपभोक्ता होगा। बल्कि ये सेवा सभी के लिए शुरू की गई है। शर्मा ने बताया कि नया आधार कार्ड बनाने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा। लेकिन पहले बने आधार कार्ड में नाम, पता, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि अथवा फोटो बदलवाने के लिए 50 रुपए सरकारी शुल्क जमा करना होगा। सितंबर महीने में ये सेवा बल्लभगढ़ और डीएलएफ उपभोक्ता सेवा केंद्रों पर भी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से आधार कार्ड बनवाने अथवा किसी प्रकार का संशोधन कराने के लिए सेक्टर 12 अटल सेवा केंद्र में धक्के खाने के बजाय बीएसएलएल उपभोक्ता सेवा केंद्र से सुविधा लेने की अपील की है।

सीवरमैन यूनियन का धरना 11 वें दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सीवरमैन यूनियन फरीदाबाद अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 11 दिनों से लगातार नगर निगम मुख्यालय पर धरना दे रहा है। कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए सीवरमैन यूनियन के प्रधान सुभाष फेटमार ने कहा कि सीवरमैन यूनियन शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए लगभग 1500 सीवरमैनों की भर्ती की मांग कर रहा है। लेकिन निगम प्रशासन व सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। प्रधान सुभाष फेटमार ने कहा कि औद्योगिक शहर होने के चलते इसकी आबादी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले एक दशक में सीवर की लाईन का भी विस्तार हुआ है, लेकिन कर्मचारी की भर्ती नहीं हो रही है।

क्रिकेट प्रतियोगिता में गुड़गांव की लड़कियों ने बाजी मारी

गुरुगाम। राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गुड़गांव की लड़कियों ने बाजी मारते हुए फाईनल में कुरुक्षेत्र की टीम को हराया। प्रतियोगिता में जिले की अंडर 17 लड़कियों की टीम ने गोल्ड मैडल जीता। प्रतियोगिता का आयोजन 26 अगस्त से 28 अगस्त तक कैथल में हुआ। क्रिकेट कोच आरती शर्मा ने बताया कि पहला मैच गुरुग्राम तथा रोहतक के बीच हुआ। दूसरा गुरुग्राम तथा फरीदाबाद के बीच व तीसरा सेमीफाईनल गुरुग्राम तथा फरीदाबाद के बीच हुआ। फाइनल मैच गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र के बीच हुआ। प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा विकेट राजश्री यादव (अजंता पब्लिक स्कूल गुरुग्राम) ने लिए। दूसरे नंबर पर अक्षिता (डीएवी स्कूल सेक्टर 49) तथा प्रिया शर्मा (एमएम स्कूल) इसाबेल (हेरिटेज स्कूल) से रहे। बेस्ट आल राउंडर ज्योति यादव अजंता पब्लिक स्कूल गुरुग्राम से रही। गोल्ड मैडल पाने वाली टीम में अजंता पब्लिक स्कूल से ज्योति यादव, राजश्री यादव, अपेक्षा, हर्षिता, रिषिका, कादीपुर स्कूल से नेहल, नेहा, सिमरन, हर्षिता, भारती, हेरीटेज स्कूल से साना, इसाबेल और डीएवी स्कूल से अक्षिता तथा लविश्का प्रिया शर्मा एमएम स्कूल, मोनिका द्रोण स्कूल को नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी इंदु बोकन द्वारा तथा एईओ जगदीश अहलावत द्वारा सम्मानित किया गया।

23 लाख के बाटा जूता चुराने वाला चालक गिरफ्तार

फरीदाबाद। शहर की जानी मानी जूता बनाने वाली कंपनी बाटा का 210 बंडल में रखे 23 लाख रुपए कीमत के जूते चोरी करने के आरोप में क्राइम ब्रांच ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर महाराष्ट्र के जलगांव से चुराए गए जूते बरामद किया है। ट्रक चोर की पहचान यूपी के मथुरा जिला गांव जंगावली निवासी तैयब उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी ड्राईवर इसने अपने साथी परिचालक महमूद के साथ चेन्नई से बाटा कंपनी के जूते भरकर ट्रक से सेक्टर 58 आया था। यहां तैयब परिचालक महमूद, मोटा व ताहिर के साथ के साथ मिलकर जूतों से भरा हुआ ट्रक चोरी करके बेचने के लिए महाराष्ट्र जलगांव ले गए। इस पर 23 अगस्त को केस दर्ज कराया था। जांच के बाद क्राइम ब्रांच 65 की टीम ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया व चोरी हुए जूते बरामद कर लिया। जूतों की कीमत करीब 23 लाख रुपए आंकी है।

हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
(भारतसरकार का उद्यम)
पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर ए, जसौला, नई दिल्ली-110025
Website : www.hindustantin.biz. Contact No. : +91 11-49998888
CIN: L27109DL1958PLC003006 Fax No. : 011-49998822

पर्यावरणानुकूल भविष्य बनाते हुए

SCRIP CODE: 530315

सूचना

61वीं वार्षिक सामान्य बैठक, इलेक्ट्रोनिक वोटिंग सूचना, बुक क्लोजर और लाभांश की सूचना

वार्षिक सामान्य बैठक : एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम ("एजीएम सूचना") आयोजित करने की सूचना में निहित अनुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये कम्पनी की 61वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) जनिवार, 28 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 10.00 बजे तिलोली ग्रांड, मेन जी.टी. करनाल रोड, गांव जिन्दपुर, दिल्ली-110036 में आयोजित की जाएगी। व्याख्यात्मक विवरण और वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम सूचना सदस्यों को डाक द्वारा भेज दी गई है। एजीएम सूचना और इलैक्ट्रोनिक वोटिंग (ई-वोटिंग) हेतु निर्देश सहित वार्षिक रिपोर्ट 2018-19 की एक प्रति कम्पनी की वेबसाइट (www.hindustantin.biz) पर भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, इसकी एक भौतिक प्रति कार्यालय समय के दौरान कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में निरीक्षण हेतु भी उपलब्ध है।

इलैक्ट्रोनिक वोटिंग सूचना : कट-ऑफ तिथि शनिवार, 21 सितम्बर 2019 के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्य, सैंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) को इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से इकसठवीं वार्षिक सामान्य बैठक (61वीं एजीएम) की सूचना में निर्दिष्ट अनुसार सामान्य और विशेष बिजनेस पर अपना मत इलैक्ट्रोनिक रूप से दे सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि (ए) 61वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार सामान्य बिजनेस और विशेष बिजनेस इलैक्ट्रोनिक वोटिंग के माध्यम से सम्पादित किया जा सकता है। (बी) 61वीं एजीएम की सूचना के प्रेषण की पूर्णता की तिथि 28 अगस्त 2019 है; (सी) इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से मतदान बुधवार 25 सितम्बर, 2019 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) प्रारम्भ होगा ; (डी) इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से मतदान शुक्रवार, 27 सितम्बर, 2019 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगा ; (ई) इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से मतदान की अनुमति शुक्रवार, 27 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे के पश्चात् नहीं दी जाएगी (एफ) 61वीं एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.hindustantin.biz और सैंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल की) वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है और (एच) इलैक्ट्रोनिक मतदान से सम्बन्धित किसी पूछताछ हेतु सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com को लिख सकते हैं अथवा श्री राकेश दलवी, पदनाम : प्रबंधक, सीडीएसएल, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ई), मुम्बई-400013 से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा टोल फ्री नम्बर 1800-22-5533 पर कॉल कर सकते हैं।

बुक क्लोजर : कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और उनके तहत लागू नियमों और सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशन और डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 42 के अनुसरण में 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु लाभांश प्राप्त करने के लिये हकदार सदस्यों के नाम सुनिश्चित करने के लिये कम्पनी के इक्विटी शेयरों हेतु सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स सोमवार 23 सितम्बर 2019 से शनिवार, 28 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

लाभांश : निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु कम्पनी के रु. 10/- प्रत्येक के प्रत्यक्ष मूल्य के रु. 1.00 प्रति इक्विटी शेयर (10%) के लाभांश की अनुशंसा की है। निदेशक मंडल द्वारा अनुशंसित अनुसार लाभांश, यदि वार्षिक सामान्य बैठक में घोषित किया जाता है, का भुगतान किया जाएगा अथवा लाभांश वारंट प्रेषित किये जाएंगे, जैसा भी मामला हो, 28 सितम्बर 2019 को या इसके पश्चात्, ऐसे शेयरधारकों को जिनके नाम अग्रलिखित में दर्ज है (ए) इलैक्ट्रोनिक रूप में धारित शेयरों के सम्बन्ध में डिपॉजिटरी द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सूची के अनुरूप 21 सितम्बर 2019 की कार्य समय की समाप्ति के अनुसार लाभप्रद मालिकों के रूप में और (बी) 21 सितम्बर 2019 को या इससे पूर्व कम्पनी के पास भौतिक रूप में दर्ज सभी वैध शेयर ट्रांसफर्स को प्रभावी बनाने के पश्चात् कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर में सदस्यों के रूप में।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
हस्ता/-
स्थान : नई दिल्ली (रजत पाठक)
दिनांक : 01 सितम्बर 2019 वीपी (वित्त) एवं कम्पनी सचिव

सौकड़ों उत्पाद ... बना कैन!

कृपया यात्रीगण ध्यान दें, फोर्थ लाइन जोड़ने की वजह से होगी असुविधा

44 लोकल ट्रेनों का परिचालन दो से आठ तक बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ में फोर्थ लाइन को जोड़ने का काम शुरू होने से दो से आठ सितंबर तक 44 लोकल ट्रेनों का परिचालन बंद होने के बाद भी रेलवे 17 ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया है। लेकिन उनका स्टापेज बल्लभगढ़ स्टेशन पर नहीं होगा।

भीड़ को रोकने के लिए रेल प्रशासन ने ये निर्णय लिया है। इनमें से 12 एक्सप्रेस ट्रेनें हैं। इनका स्टापेज बल्लभगढ़ में होता है। लेकिन दो से आठ सितंबर तक उक्त ट्रेनें बल्लभगढ़ स्टेशन पर नहीं रुकेंगी। ट्रेनों को न्यूटाउन रेलवे स्टेशन पर स्टापेज दिया जाएगा। ताकि बल्लभगढ़ उतरने वाले यात्री न्यूटाउन स्टेशन पर उतरकर गंतव्य तक जा सकें। साथ ही इस दौरान न्यूटाउन रेलवे स्टेशन की सुरक्षा भी बढ़ाई जाएगी। रेल अधिकारियों ने आरपीएफ व जीआरपी की तैनाती कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है।

- छह शटल ट्रेनों का परिचालन बहाल रखने का है निर्णय

ये ट्रेने बल्लभगढ़ में नहीं रुकेंगी

रेलवे सूत्रों के मुताबिक 11057 अमृतसर एक्सप्रेस, 12721 हैदराबाद डेकन एक्सप्रेस, 12919 मालवा एक्सप्रेस, 12924 मेवाड़ एक्सप्रेस, 12723 हैदराबाद डेकन एक्सप्रेस, 14211 आगरा इंटरसिटी एक्सप्रेस, 12189 महाकौशल एक्सप्रेस, 19023 जनता एक्सप्रेस, 12059 कोटा जनशताब्दी एक्सप्रेस, 13007 तूफान एक्सप्रेस, 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, 19019 देहरादून एक्सप्रेस।

दैनिक यात्रियों को दी गई थोड़ी राहत

रेलवे सूत्रों ने बताया कि दैनिक यात्रियों को थोड़ी राहत देते हुए छह शटल ट्रेनों का परिचालन बहाल रखने का निर्णय लिया है। इनमें आगरा इंटरसिटी एक्सप्रेस भी शामिल है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि पलवल से चलकर गाजियाबाद जाने वाली 64053 शटल, मथुरा से गाजियाबाद जाने वाली 64903, पलवल से गाजियाबाद जाने वाली 64055, कोसीकलां से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली 64569, पलवल से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली 64494 शटल चलाई जाएंगी। लेकिन उक्त ट्रेनें बल्लभगढ़ स्टेशन पर नहीं रोकी जाएंगी।

एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : नं. 11, गली झांसी रोड,
(भोगिया खान), एम.एम. रोड, नई दिल्ली-110055
CIN: L74899DL1993PLC055687
Email : info@ekamleasing.com,
ekam.leasing1@gmail.com
Website : www.ekamleasing.com

सूचना

मेसर्ज (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित (स्टैंडअलोन एवं समेकित) वित्तीय परिणाम (अर्थपरिणाम) तथा अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये मै. एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 13 सितम्बर 2019 को अप. 3.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

यह सूचना वैष्णवी लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी के सेतु सूचीबद्ध ई. क. और कम्पनी की वेबसाइट इत्यादि http://www.ekamleasing.com/ पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड
हस्ता/-
(राकेश जैन)
स्थान : नई दिल्ली प्रबंध निदेशक
दिनांक : 31.08.2019 डीआईएन-00061737

खबर संक्षेप

मासूम से कुकर्म के दोषी को उम्रकैद और जुर्माना

कैथल। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश हुकम सिंह की अदालत ने एक मासूम बच्चे के साथ कुकर्म करने के आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न भरने पर दोषी को जेल में एक महीना अतिरिक्त रहना होगा। पीड़ित बच्चे के पिता ने 24 मार्च 2018 को पूंडरी थाना में सुनील के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। पूंडरी थाना के तहत आने वाले एक गांव व्यक्ति ने शिकायत में बताया था कि वह मजदूरी करता है। 23 मार्च को काम के बाद घर लौटा तो 13 वर्षीय बेटे ने बताया कि दिन के समय वह खेलने गया था। वहां पर गांव मूंदड़ी के शीनू ने उसे पकड़ लिया और सरकारी स्कूल के जर्जर कमरे में ले गया। जहां उसके साथ गलत काम किया। उसने चिल्लाने का प्रयास किया तो शीनू ने गला दबा दिया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने शीनू के खिलाफ कुकर्म करने, जान से मारने की धमकी देने, एससी-एसटी एक्ट व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। दोनों पक्षों की दलीलें व गवाहों की सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी शीनू को कुकर्म का दोषी करार देते हुए उसे उम्रकैद व 20 हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई।

चरस तस्कर को दस साल की सजा, 1 लाख जुर्माना

सोनीपत। मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष जज) राजेश मल्होत्रा की अदालत ने आरोपित का दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को 10 साल कैद व एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। एसआईटी में नियुक्त एएसआई राजबीर सिंह की टीम 7 फरवरी, 2017 को गंदा नाला आदर्श नगर के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक मादक पदार्थ लेकर गुजरने वाला है। जिस पर टीम ने नाकाबंदी कर दी थी। इसी बीच एक युवक बैग लेकर संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया था। पुलिस ने शक के आधार पर उसे रोक कर तलाशी देने को कहा था। उसने अधिकारी के सामने तलाशी देने को कहा था। जिस पर तत्कालीन डीएसपी राहुल देव को बुलाया गया था। उनके सामने युवक की तलाशी ली गई थी तो उसके कब्जे से एक किलो 900 ग्राम चरस बरामद की गई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित ने अपनी पहचान गांव सांदल कलां निवासी राजेश के रूप में दी थी। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए एएसजे राजेश कुमार की अदालत ने आरोपित को दोषी करार दिया है। उसे दस साल कैद व एक लाख रुपये जुर्माना की सजा दी गई है।

देव समाज स्कूल में माता पिता संतान दिवस मना

चंडीगढ़ । आईएस देव समाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 21 सी, चंडीगढ़ ने देव समाज कॉलेज ऑफ एजूकेशन, सेक्टर 36 के सभागार में 'मात पिता संतान दिवस मनाया जोकि देव समाज की एक अनूठी विशेषता है। समारोह का मुख्य आकर्षण था छात्रों द्वारा अपने माता-पिता के प्रति आभार और श्रद्धा प्रकट करना। इस कार्यक्रम में लगभग 800 अतिथियों ने भाग लिया। कुलदीप सिंह चहल (आईपीएस), एसएसपी मोहाली कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। सम्मानित अतिथियों में शामिल थे- देव समाज के सचिव निर्मल सिंह ढिल्लों और देव समाज कॉलेज ऑफ एजूकेशन, सेक्टर 36, चंडीगढ़ की प्रिंसिपल डॉ. एग्निस ढिल्लों। छात्रों ने माता-पिता के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिकायतों का निवारण करेंगे बिजली अधिकारी

चंडीगढ़। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपभोक्ताओं की शिकायतें दर्ज करने और पुरानी शिकायतों की सुनवाई के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के सदस्य सितंबर माह में विभिन्न स्थानों का दौरा करेंगे।प्रवक्ता ने बताया कि मंच के सदस्य 2 सितंबर को यमुनानगर, 5 को पंचकूला, 9 को कुरुक्षेत्र, 11 को करनाल, 13 को रोहतक, 17 को अंबाला, 20 को सोनीपत, 24 को कैथल, 26 को पानीपत, 27 को कुरुक्षेत्र और 30 सितंबर को झज्जर के अधीक्षण अभियंताओं के कार्यालय में शिकायतों की सुनवाई करेंगे।

हरियाणा में वाहन चालक अब कैमरे की नजर में रहेंगे

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाएं और इसमें चली जाने वाली पांच हजार से ज्यादा जान बचाने की मुहिम के तहत खास ऱणनीति के लिए खाका तैयार कर लिया गया है। राज्य में सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं ओवर-स्पीडिंग के कारण होती हैं, इसीलिए प्रदेश के एनएच (नेशनल हाइवे-44) को पूरे हरियाणा व दिल्ली सीमा सोनीपत तक सीमा तक 24 घंटे सातों दिन कैमरों की पैनी नजर रहेगी। ओवर स्पीड से चलने वालों के चालान भी आटोमोड पर रहेंगे। राज्य का परिवहन विभाग पांच करोड़ से ऊपर की रकम वाहनों पर रिफलेक्टर लगाने में खर्च करेगा। राज्य सरकार ने प्रदेश में दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए खास कार्य योजना तैयार की है। इस क्रम में जहां दुर्घटना प्वाइंट चिन्हित करके इन्हें कम से कम करने औऱ कमिया दूर करने का काम हो रहा है। वहीं, दुर्घटनाओं हिस्ट्री औऱ अध्ययन के बाद में यह बात पूरी तरह से साफ हो गई है, कि सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं ओवरस्पीडिंग के कारण होती हैं। इसीलिए नेशनल हाइवे नंबर 44 पर नवंबर के अंत तक आटोमैटिक कैमरा रीडर लगा दिए जाएंगे। अर्थात अब हाइवे पर ओवरस्पीडिंग करने वालों की खैर नहीं हैं, एक सितंबर से लागू होने वाला नया जुर्माना उन्हें देना होगा। दूसरा चालान करने के लिए पुलिस को वाहन रोकने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि कैमरे में आने के बाद में साक्ष्यों सहित वाहन संचालक के यहां पर खुद ही सूचना चली जाएगी।

नेशनल हाईवे 44 आटोमैटिक कैमरा रीडर लगेंगे

खास बात यह है कि हरियाणा की सीमा में पड़ने वाले नेशनल हाइवे नंबर 44 पर जहां 24 घंटे सातों दिन सीसीटीवी आटोमैटिक कैमरा रीडर कड़ी सुरक्षा के पहरे वाला काम करेगा। इससे हादसे में कमी आएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों लोगों पर शिकंजा कसा जा सकेगा।

अब सरकारी वाहनों की भी खैर नहीं

अक्सर झंडी औऱ सरकारी वाहनों के चालकों द्वारा भी ओवरस्पीडिंग की जाती है। इन वाहनों को ट्रेफिक पुलिस सरकारी अफसरों की गाडिया होने के कारण नहीं रोकती। आने वाले वक्त में ई चालानिंग हो जाने के कारण इस तरह के चालकों व वाहनों पर भी शिकंजा कसने जा रहा है। अगर वाहन चलाने वाले चालक द्वारा गलती की गई है, तो उसे इसे भुगतान होगा।

रिफ्लेक्टर लगाने पर पांच करोड़ खर्च होंगे

सूबे में पांच करोड़ से ज्यादा की रकम वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने पर खर्च करने की तैयारी है। उक्त रकम परिवहन विभाग चालान से प्राप्त होने वाली आय से खर्च की जाएगी वाहन चालकों से इसकी एवज में कुछ नहीं लिया जाएगा, इसे ट्रकों के पीछे, ट्रैक्टर ट्राली खासतौर पर इस तरह के वाहनों पर इस्तेमाल किया जाएगा, जिनके पीछे रिफ्लेक्टर नहीं लगा है।

दुर्घटनाएं रोकने में मदद मिलेगी: परिवहन विभाग के एसीएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव) टीसी गुप्ता ने पूछे जाने पर कहा कि राज्य में विजन जीरो और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हम गंभीरता से काम कर रहे हैं, इसी क्रम में हाइवे पर कैमरे लगाए जाएंगे साथ ही रिफलेक्टर लगाने का काम भी होगा। सुरक्षा के लिए नजर कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ साथ में अन्य कदम भी उठाए जा सकेंगे।

अपनों को खोने का दर्द...

अमृतसर। सिख महिलाएं एक प्रार्थना सभा के दौरान अपने रिश्तेदारों की तस्वीरें दिखाती हुईं, जिन्हें कथित तौर पर 1984 के बाद पंजाब राज्य में उग्रवाद और उग्रवाद की अवधि के दौरान सुरक्षा बलों ने मार डाला गया था। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका के अनुसार इन लापता व्यक्तियों में से हजारों की पहचान की गई है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई: भारत का सर्वोच्च न्यायालय 02 सितंबर 2019 को पंजाब में 8257 लापता व्यक्तियों के सामूहिक दाह संस्कार से संबंधित एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करेगा, जो कथित फर्जी मुठभेड़ों में मारे गए थे या अपहरण किए गए थे और लागू किए गए थे, जिन्हें सुरक्षा बलों की अवधि के दौरान गायब कर दिया गया था।

कांग्रेस नेताओं एवं परिवार के सदस्यों ने बेअंत सिंह को श्रद्धांजलि दी

चंडीगढ़। कांग्रेस नेताओं और परिवार के सदस्यों ने पंजाब के पूर्व एवं दिवंगत मुख्यमंत्री बेअंत सिंह को शनिवार को उनकी 24 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। पंजाब के 12 वें मुख्यमंत्री की याद में सर्व धर्म पाठ का आयोजन किया गया।पंजाब को आतंकवाद से मुक्त कराने में महती भूमिका अदा करने वाले सिंह को 31 अगस्त 1995 को चंडीगढ़ स्थित प्रदेश सचिवालय में बम धमाका कर हत्या कर दी गयी थी । दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री के पौत्रों - सांसद रवनीत सिंह बिट्टू, तथा विधायक गरकीरत सिंह कोटली - ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी । इसके अलावा जिन अन्य कांग्रेस नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी उनमें तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी, बलबीर सिंह सिद्धू, साधू सिंह धरमसोत और भारत भूषण आशु शामिल थे ।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

उप. मु. सं. एवं दू0 अभि. नि./सी. डब्लू., नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड सिंगल पैकेट प्रणाली निविदा निम्नलिखित कार्य के लिए आमंत्रित कर रहा है।

1.	कार्य का नाम एवं स्थान	उत्तर रेलवे के फिरोज़पुर मण्डल के अंतर्गत अमृतसर स्टेशन पर अमृतसर–छेहरटा खंड पर रेलवे लाइन के दोहरीकरण कार्य के सम्बंध में इलेक्टरोनिक इन्टरलोकिंग (इनडोर और आउटडोर काम) में जोड़ और परिवर्तन एवं ब्लाक प्रणाली एवं टेलिकॉम सहित संकेत एवं दूरसंचार कार्य हेतु।
2.	पूरा होने की अवधि	06 महिने (अनुबन्ध पत्र जारी होने की तिथि से)
3.	कार्य की अनुमानित लागत	रु.156.58 लाख (अनुमानित)
4.	धरोहर राशि	रु.228300/– (रुपये दो लाख अट्ठाईस हज़ार तीन सौ केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है)
5.	निविदा खुलने की तारीख एवं समय	निविदाकर्ता केवल ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 11.09.2019 से 25.09.2019 को 11.30 बजे तक IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते है, निविदा दिनांक 25.09.2019 को 11.30 बजे के बाद खोला जाएगा।
6.	स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है :	उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज – IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर मुक्त में दिनांक 11.09.2019 से निविदा में भाग लेने के लिये उपलब्ध रहेगा, निविदा डलने से पहले, निविदाकर्ता जो उपरोक्त वेब साइट पर निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक हैं रजिस्टर होने की सलाह दी जाती है। निविदाकर्ता को आई टी अधिनियम 2000 के तहत क्लास सी ०एस०सी०।।। डिजिट्ल प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा (अगर पहले से नहीं लिया है) उपरोक्त ई–निविदा की सभी नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा नोटिस का विवरण उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है।

पत्र संख्या : 178–सिग/सी. डब्लू./32/86 दिनांक 30.08.2019

2796/19

ग्राहकों की सेवा में गुरकाम के साथ

आईएसएफ लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : के–10, सोम विहार, आर के पुरम्, नई दिल्ली–110022

31वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग की सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये कम्पनी की 31वीं वार्षिक सामान्य बैठक, सोमवार, 30 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 11.30 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में के 10, सोम विहार, आर के पुरम्, नई दिल्ली 110022 में आयोजित की जाएगी और जिसकी एक प्रति सहित सम्बन्धित व्याख्यात्मक विवरण कम्पनी के सदस्यों को कम्पनी के पास पंजीकृत उनके पते पर डाक द्वारा प्रेषित कर दी गई है।

वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजन हेतु सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स 24 सितम्बर 2019 से 30 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से मतदान :

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 और सेबी (एलओडीआर) नियमन, 2015 के नियमन 44 के तहत, कम्पनी 31वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार प्रस्ताव पर नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध करवाये अनुसार इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा उनके मत देने के अधिकार ('दूरस्थ ई–वोटिंग') का उपयोग करने के लिये इसके सदस्यों को सुविधा प्रदान करने के लिये प्रसन्न है।

ए) दूरस्थ ई–वोटिंग के प्रारम्भ की तिथि व समय : 27 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 10.00 बजे

बी) दूरस्थ ई वोटिंग की समाप्ति की तिथि व समय : 29 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे

सी) मतदान के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट ऑफ तिथि : 23 सितम्बर 2019

डी) मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

टिप्पणी :– बैठक में उपस्थित रहने वाले सदस्य, जो दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से अपना मत पहले नहीं दे चुके हैं, बैठक में अपने अधिकार का उपेयाग करने में सक्षम होंगे।

ई) सदस्य, जो दूरस्थ ई–वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, बैठक में भी उपस्थित रह सकते हैं, परन्तु एजीएम में दोबारा मतदान के लिये अनुमति नहीं दी जाएगी।

एफ) कोई व्यक्ति जिसका नाम 23 सितम्बर 2019 के अनुसार कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर / डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किये गये लाभप्रद मालिकाना के विवरण में दर्ज है, मत देने के लिये हकदार होंगे।

जी) 31वीं एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.isflimited.in पर और एनएसडीएल की वेबसाइट : www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

एच) ई–वोटिंग के सम्बन्ध में यदि आपके पास कोई पूछताछ अथवा मुद्दा है तो आप चारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न ('एफएक्यूस') और हैल्पसैक्शन के तहत https://www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध ई–वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं।

कोई सदस्य जो बैठक में उपस्थित रहने और मत देने के लिये हकदार है, वह स्वयं की बजाए मत देने के लिये किसी पोल पर, और उपस्थित रहने के लिये किसी प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिये हकदार है और प्रतिनिधि को कम्पनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। प्रतिनिधियों को प्रभावी बनाने के लिये, बैठक हेतु निर्धारित समय से कम से कम 48 घंटे पूर्व कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिएं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
हस्ता/-
यज्ञ खंडिल्ल
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. 38504

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30 अगस्त 2019

टिप्पणी :– सदस्य उनके पते में किसी परिवर्तन के लिये कृपया तत्काल सूचित करें।

अरोड़ा ने आप की पंजाब इकाई के बयान पर आपत्ति जताई

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और विधायक अमन अरोड़ा ने शनिवार को कहा कि वह 2015 में धार्मिक ग्रंथ की बेअदबी मामलों की जांच के संबंध में पार्टी की पंजाब इकाई के 'नकारात्मक' बयान से आहत हैं। आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई ने शुक्रवार को कहा था कि 2015 में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी और पुलिस गोलीबारी की घटना के मामले में जिस तरह से केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियों ने जांच को अंधेरे में धकेल दिया है उससे पार्टी ने न्याय की सभी उम्मीदें छोड़ दी हैं। बयान विधानसभा में विपक्ष के नेता हरपाल सिंह चीमा और अन्य विधायकों ने शुक्रवार को जारी किया था। संगरूर के विधायक अरोड़ा ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि पिछले चार साल में शिअद भाजपा गठबंधन सरकार और कांग्रेस सरकार तथा केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बेअदबी मामले में न्याय दिलाने के लिए ''कुछ नहीं किया है।''

पंजाब सरकार बेअदबी के मामले को सही तरीके से पेश करने में विफल रही : बाजवा

चंडीगढ़। कांग्रेस सांसद प्रताप सिंह बाजवा ने शनिवार को पंजाब की अपनी ही पार्टी की सरकार की आलोचना करते हुए राज्य के बारगड़ी और अन्य स्थानों पर 2015 में हुए गुरू ग्रंथ साहिब की बेअदबी के मामले से ''गलत तरीके से'' निपटने का आरोप लगाया। इस मामले में राज्य की अमरिंदर सिंह सरकार पहले से ही विपक्ष के विरोध का सामना कर रही है। बेअदबी के तीन मामलों को केंद्रीय जांच ब्यूरो से वापस लिये जाने के राज्य सरकार के फैसले के बाद जांच एजेंसी ने राज्य सरकार के इस कदम की छानबीन करने की मांग करने के दो दिन बाद बाजवा का यह बयान आया है । एजेंसी ने मोहाली में विशेष अदालत को यह बताया था कि एक बार सीबीआई को जांच सौंपे जाने के बाद इसे वापस लेने का कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है। राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाजवा ने राज्य सरकार पर अपने पूरे ढाई साल के कार्यकाल के दौरान धार्मिक ग्रंथ की बेअदबी में शामिल दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने में ''असफल'' होने का आरोप लगाया। बाजवा ने शनिवार को कहा, ''इस मामले से तरीके से नहीं निपटा गया। यह सही दिशा में नहीं जा रहा है ।''

नशा तस्करों के खिलाफ खुद फील्ड में उतरेंगे फारूकी

भठिंडा । पुलिस पर नशा तस्करों पर कार्रवाई नहीं करने और पैसे लेकर छोड़ने के लग रहे आरोपों के बाद बठिंडा जोन के आईजी एमएफ फारूकी ने खुद फील्ड में उतरने का फैसला किया है। इसकी शुरुआत वह ग्रामीण क्षेत्रों से करेंगे। वहां घर-घर जाकर लोगों से नशा बेचने वाले व उनकी मदद करने वालों की जानकारी लेंगे।जमीनी हकीकत जानने के लिए एमएफ फारूकी इस मुहिम की शुरुआत भी कर दी है। इसके लिए मॉडल टाउन फेज-वन स्थित कम्युनिटी हाल में एक नशाविरोधी कार्यक्रम रखा।

विक्टोरिया क्रास विजेता बदलू सिंह की प्रतिमा का अनावरण आज

झज्जर। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ रविवार एक सितंबर को प्रथम विश्व युद्ध के नायक विक्टोरिया क्रास विजेता रिसलदार बदलू सिंह की शहादत को अमर बनाने के लिए उनके पैतृक गांव ढाकला में स्थित प्रतिमा का अनावरण करेंगे। प्रतिमा अनावरण समारोह में बतौर मुख्य पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य मंत्री एवं पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल वी.के सिंह और प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ओम प्रकाश धनखड़ कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

गुमशुदा की तलाश

अनिल

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** अनिल पुत्र श्री राज कुमार निवासी मकान नं. 161, गली नं. 06, हैदरपुर, शालीमार बाग, दिल्ली जो दिनांक 30.10.2016 से लापता है। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 698/16 दिनांक 26.11.2016 थाना शालीमार बाग, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है :–

उम्रः 6 साल, **कदः** 3', **रंगः** गेहुँआ, **शरीर :** पतला, **चेहराः** अण्डाकार, **कपड़ेः** लाल रंग की टी–शर्ट व नीले रंग की हॉफ पैन्ट और पैरों में चप्पल पहने हुए है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा बच्चे के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें,

ई–मेल– cic@cbi.gov.in, वेबसाइट: http://cbi.nic.in

फोन: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
DP/9327/NW/19

थानाध्यक्ष
थाना शालीमार बाग, नई दिल्ली,
उत्तर–पश्चिमी जिला, दिल्ली
दूरभाष 011-27495198

SBEC SYSTEMS (INDIA) LIMITED
CIN: L74210DL1987PLC029979
Regd Off: 1400, Hemkunt Tower, 98, Nehru Place, New Delhi-110019
Email id: sbecsystems@rediffmail.com **website:** www.sbecsystems.com

NOTICE OF 30TH ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE

Notice is hereby given that the 30th Annual General Meeting of the Shareholders of SBEC Systems (India) Limited will be held on Thursday , 26th September 2019 at the Executive Club, 439 Village Shahoorpur, P.O. Fatehpur Beri, New Delhi-110074 at 11.30 A.M. to transact the business as set out in the Notice of AGM.

The Notice of Meeting along with Annual Report for the financial year ended March 31, 2019 has been sent in electronic mode to all the members whose e-mail IDs are registered with RTA and depository Participants and physical copies of the same has been sent to all the other members at the registered addresses in the permitted mode as on 31st August, 2019.

Notice is further given pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 read with companies (Management and Administration rules, 2014) and Regulation 42 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015 that Register of Members & Share Transfer Books of the Company will remain closed from 20th September, 2019 to 26th September 2019 (both days inclusive) for the purpose of AGM.

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 , Rule 20 of the Companies (Management and Administration) rules, 2015 and Regulation 44 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. Members are provided with the facility to cast their votes on all resolutions set forth in the notice of the AGM using electronic voting system from a place other than the venue of the AGM ("remote e-voting"), provided by Central Depository Securities Limited (CDSL) and the business may be transacted through such voting system. All the members are informed that:

- The Business as set out in the notice of AGM may be transacted through voting by electronic means;
- The remote e-voting facility shall commence on Monday, September 23, 2019 (9.00 a.m. IST) and ends Wednesday, September 25, 2019 (5.00 p.m. IST).The remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time.
- The Cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means is 19th September, 2019.
- Any person who acquires shares of the Company and become member of the Company after dispatch of the Notice of AGM and holding shares as on the cut-off date i.e. 19th September, 2019 may obtain the User ID and password for the e-voting from the Company RTA (Beetal Financial and Computer Services Pvt. Ltd.) at beetalrta@gmail.com or CDSL by sending a request to helpdesk.evoting@cdslindia.com. However if a Person is already registered with CDSL for e-voting , then existing user ID and password can be used for casting vote;
- Member may note that (a) the facility for voting through ballot paper shall be made available at the AGM. (b) The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again. (c) a person whose name is recorded in the Register of Member or in the Register of Beneficial owner maintained by the Depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as wel as voting at the AGM through Ballot paper.
- The Notice of 30th AGM is available on the Company's Website www.sbecsystems.com for download.
- The Board of Director has appointed Ms. Nupur Gupta, Chartered Accountant in practice to act as scrutinizer for E-Voting process, in a fair and transparent manner.
- In case of any queries relating to voting by electronic means, please refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual for Shareholders available at the Downloads section of www.evotingindia.co.in or may write an e-mail to helpdesk.evoting@cdslindia.com or beetalrta@gmail.com. Or contact Ms. Priyanka Negi, Company Secretary & Compliance Officer, E-mail Id: sbecsystems@rediffmail.com, Contact No. 011-42504954 who will also address the grievances connected with the voting by electronic means.

By order of the Board
For SBEC Systems (India) Ltd
Sd/-
Priyanka Negi
(Company Secretary)

Place: New Delhi
Date: 31.08.2019

चंद्रयान-2 की चांद पर लैंडिंग देखने का मिला न्योता

मोदी के साथ ऐतिहासिक पल के गवाह बनेंगे खरखौदा के अर्णव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

भारत के चंद्रयान मिशन-2 पर जब 7 सितंबर को पूरी दुनिया की नजर रहेगी, उस समय खरखौदा के वार्ड संख्या 13 निवासी छात्र अर्णव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नियंत्रण कक्ष में इस ऐतिहासिक पल के गवाह रहेंगे। भारत सरकार द्वारा उन्हें आमंत्रण मिला है। छात्र अर्णव को अब उस ऐतिहासिक पल का बेसब्री से इंतजार है। जब चांद की सतह को चंद्रयान मिशन-2 चूमेगा और वह स्वयं प्रधानमंत्री के साथ होंगे। उसके जीवन के ये रोमांचक क्षण होंगे।

आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले अर्णण ने बताया कि उन्हें स्पेस में काफी रूचि है। पिछले दिनों भारत सरकार की तरफ से प्रत्येक स्कूल में स्पेस क्विज का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रत्येक राज्य से एक छात्र व एक छात्रा को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर चयनित किया जाना था। उसने उक्त प्रश्नोतरी में हरियाणा प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जिसके आधार पर ही उसका चयन हुआ है। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने की सूचना दिल्ली से दी गई है। बाद में भारत सरकार की तरफ से इस पल का गवाह बनने के लिए आमंत्रण पत्र भेजा गया है। अर्णव ने कहा कि उसके लिए जीवन की यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

खरखौदा। माता–पिता व भाई के साथ अर्णव।

कंप्यूटर की शिक्षा देने वाले उसके पिता रामसिंह सैनी ने बताया कि बेटे की इस उपलब्धि पर वह व उनकी पत्नी नूतन सैनी काफी खुश हैं। नूतन सैनी का कहना है कि उन्हें उस दिन का बेसब्री से इंतजार है, जब उनका बेटा प्रधानमंत्री के साथ चंद्रयान-2 की सफलता को देखेगा।

फतेहाबादः सरकारी स्कूल में तीन छात्रों को चाकू मारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- पैन उठाने को लेकर कहासुनी, भिड़ गए चार विद्यार्थी

दमकौरा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को छात्रों की मामूली सी बात पर चाकू चल गए। इस घटना में तीन छात्र घायल हो गए। घायलों को टोहाना के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि एक छात्र का स्कूल में पैन गिर गया, जिसे दूसरे छात्र ने उठा लिया। जब उससे पैन छीनने की कोशिश की गई तो उसने उसे धक्का मारकर गिरा दिया। इस बात को लेकर चार छात्र आपस में भिड़ गए और चाकू चले। तीनों में किसी के सिर व हाथ पर तथा किसी के पेट में चाकू लगे हैं। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सिक ने तीनों का प्राथमिक उपचार कर अग्रोहा मेडिकल रेफर कर दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि नागरिक अस्पताल से सूचना मिलने पर जांच अधिकारी ने अस्पताल में जाकर घायलों के बयान दर्ज कर लिए है। मामले की जांच की जा रही है।

पंजाब में बाढ़ के लिए अमरिंदर सरकार जिम्मेदारः बादल

अमृतसर। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष व सांसद सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि पंजाब में आई बाढ़ के लिए प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। बाढ़ के कारण जनता मुश्किल में है, लेकिन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के पास बाढ़ पीड़ितों की समस्या सुनने के लिए समय ही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में हुई अवैध माइनिंग ही बाढ़ का मुख्य कारण है। सुखबीर अपनी पत्नी केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल के साथ श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेकने के लिए पहुचे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 660 करोड़ रुपये पंजाब को दिए हैं, लेकिन कैप्टन सरकार ने इसमें से एक भी पैसा बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए खर्च नहीं किया है।

खबर संक्षेप

भगवान राम पर टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

बलिया (उप्र)। सोशल नेटवर्किंग साइट व्हाट्सएप पर भगवान राम के विरुद्ध कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने शनिवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक संजय यादव ने बताया कि चितबड़ागांव थानाक्षेत्र के टिका देवरी ग्राम के मुहम्मद शाहिद अंसारी ने व्हाट्सएप पर भगवान राम को लेकर शुक्रवार को कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। यादव ने बताया कि इस मामले में अर्जुन सिंह ने अंसारी के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पटरी के किनारे दो अज्ञात युवतियों के शव बरामद

बांदा (उप्र)। बांदा शहर में केन नदी पुल के पास रेलवे पटरी के किनारे झाड़ियों से दो अज्ञात युवतियों के क्षत-विक्षत शव बरामद किये गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) लाल भरत कुमार पाल ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की शाम बांदा थाना पुलिस ने केन नदी पुल के पास रेलवे पटरी के किनारे की झाड़ियों से दो युवतियों के क्षत-विक्षत शव बरामद किए जिनकी आयु 25 से 28 वर्ष के बीच है। शव दो या तीन दिन पुराने लग रहे हैं। उनकी शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

देहरादून आश्रय बलात्कार मामले में नौ दोषी करार

देहरादून। उत्तराखंड की अदालत ने राजधानी देहरादून में स्थित आश्रय गृह में रहने वाली मूक बधिर महिला के साथ चार साल पहले बलात्कार करने और बाद में उसका गर्भपात कराने के मामले में नौ लोगों को दोषी करार दिया है। लोक अभियोजक संजीव सिसोदिया के अनुसार बलात्कार के बाद महिला का गर्भपात कराया गया व मामले को रफा दफा करने के लिए उसके भ्रूण को नारी निकतेन में ही दफना दिया गया।

पुलिस ने आरोपी से जांच में सहयोग करने को कहा

बेतिया: विधायक बिहारी ने हाथी पर चढ़कर की फायरिंग, छानबीन शुरू

एजेंसी ▶▶| बेतिया

बिहार के बेतिया में योगापट्टी थाने के मच्छरगावां बाजार के समीप रमना मैदान परिसर में कंस वध मेले में लौरिया से बीजेपी विधायक विनय बिहारी ने हाथी पर सवार होकर राइफल से फायरिंग की।

घटना गुरुवार देर शाम की है। इसके बाद सोशल मीडिया पर इसका वीडियो और फोटो वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने भी कार्रवाई तेज कर दी है। एसडीपीओ पंकज कुमार रावत ने बताया कि मामले की छानबीन शुरू कर दी गयी है। विधायक से जांच में सहयोग करने को कहा गया है। उन्होंने राइफल योगापट्टी थाने में जमा करवा दी है। अब तक की छानबीन में पता चला है कि राइफल का लाइसेंस विधायक की पत्नी व पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चंचला बिहारी के नाम से है। राइफल से फायरिंग हुई है या नहीं, इसकी जांच पुलिस के आर्मर (तकनीकी विशेषज्ञ) करेंगे।



■ छानबीन में पता चला, विधायक की पत्नी के नाम से है राइफल का लाइसेंस

विधायक ने विपक्षियों पर लगाया साजिश के तहत बदनाम करने का आरोप

इधर, बीजेपी विधायक ने बताया कि कंस वध मेले का आयोजन पुराने जमाने से होता आ रहा है। इस मौके पर शस्त्र की पूजा भी होती है। इसी परंपरा के तहत उन्होंने फायरिंग की है। लेकिन, विरोधियों साजिश के तहत इसका वीडियो बनाकर मामले को दूसरा मोड़ दे दिया। विरोधी उनको बदनाम करना चाहते हैं। राइफल उनकी पत्नी के नाम पर है और वे इसके केयरटेकर हैं। उन्हें पुलिस पर विश्वास है कि जांच सही तरीके से होगी।

एफआईआर के साथ जब्त हो लाइसेंस: राजद

राजद के प्रदेश महासचिव रणकौशल प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने विधायक विनय बिहारी पर एफआईआर दर्ज करने और राइफल जब्त करने की मांग डीएम डॉ. निलेश रामचंद्र देवरे से की है। उन्होंने कहा है कि सैंकड़ों लोगों के बीच हाथी पर सवार होकर फायरिंग की गयी। इससे वहां बड़ा हादसा हो सकता था। हाथी भड़क जाता या गोली किसी व्यक्ति को लगती तो जान-माल की क्षति हो सकती थी।

यह है पूरा मामला

योगापट्टी के मच्छरगांवा बाजार से पहले रमना में कंस वध मेला लगा था। मेले में सैकड़ों लोग वहां मौजूद थे। मुख्य अतिथि विनय बिहारी मेले में शामिल होने के लिए हाथी पर बैठ हाथ में राइफल लिए हुए पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने फायरिंग भी की।

मोदी से पूर्व देश की बागडोर लुंज-पुंज हाथों में थी: नड्डा

एजेंसी ▶▶| मेदिनीनगर

■ नड्डा ने पाक अधिकृत कश्मीर को किसी भी हालत में हासिल करने की बात कही

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि हमें इस बात का गौरव है कि आज देश का नेतृत्व नरेंद्र मोदी जैसे राष्ट्रभक्त के हाथों में है जो देश के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं जबकि इससे पूर्व देश की बागडोर लुंज-पुंज हाथों में थी जिससे राष्ट्र का बहुत नुकसान हुआ।

भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि राज्य के नवनिर्माण में नीति के साथ नियत भी ईमानदार होनी चाहिए, तभी किसी देश का सर्वांगीण विकास संभव है। हमें इस बात का गौरव है कि आज देश की बागडोर देश के प्रति समर्पित मोदी के सुरक्षित हाथों में है, जिन्होंने अपने जीवन को राष्ट्रीय हितों के लिए समर्पित कर दिया है। नड्डा ने कहा कि मोदी के पूर्व सत्ता का संचालन लुंज-पुंज हाथों में था, जिसका अंतर्राष्ट्रीय जगत में कोई महत्त्व नहीं था, क्योंकि वैसे तत्व अपने पारिवारिक हितों से ऊपर उठकर जन कल्याण की बात सोच ही नहीं सकते थे। राष्ट्रीय हितों के लिए राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर बड़े निर्णय लेकर भाजपा की केंद्रीय सरकार ने जता दिया कि वह कड़े फैसले लेने में तनिक भी नहीं हिचकने वाली है। जम्मू कश्मीर की चर्चा करते हुए नड्डा ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 370 देश के लिए नासूर की तरह था, जिसे एक ही झटके में हमारी सरकार ने खत्म कर दिया। जम्मू कश्मीर का मामला राजनीतिक के साथ कूटनीतिक भी था, जिसे खत्म करते हुए भारत ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि इसपर कोई समझौता नहीं होगा व पाक अधिकृत कश्मीर को हम किसी भी हालत में लेकर रहेंगे।

राष्ट्र के लिए जीते हैं भाजपाई

नड्डा ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता राष्ट्र के लिए जीता है और मरता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की मजबूती से ही हमारी संप्रभुता एवं अखंडता सुरक्षित रह सकती है, जिसे भाजपा कभी विस्मृत नहीं होने देगी।

कांग्रेस ने मुसलमानों का इस्तेमाल किया: रघुवर

मेदिनीनगर। झारखंड के सीएम रघुवर दास ने शनिवार को आरोप लगाया कि आजादी के बाद कांग्रेस ने मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जिसके कारण इस समुदाय का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। सीएम दास ने स्थानीय पुलिस स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सरकारी कार्यक्रम में यह बात कही। भाजपा की सरकार नारी शक्ति को उच्च प्राथमिकता देने के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ है व इसके लिए सभी सरकारी योजनाओं में महिलाओं के नाम ही लाभान्वित मुखिया के तौर पर अंकित करने पर जोर है। राज्य सरकार अल्पसंख्यकों एवं बहुसंख्यकों में सरकारी योजनाओं के मामले में कोई भी भेदभाव नहीं कर रही है जिसके चलते यहां अल्पसंख्यकों के जीवन में भी अब तेजी से सुखद बदलाव हो रहा है।

बालियान ने आरएसएस के घायल कार्यकर्ता से मुलाकात की

मुजफ्फरनगर (उप्र)। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान व कई भाजपा विधायकों ने घायल आरएसएस कार्यकर्ता सोमपाल सैनी से मेरठ के अस्पताल जाकर शनिवार को मुलाकात की।

यूपी के मुजफ्फरनगर में शुक्रवार को कथित तौर पर सैनी को गोली मारी गई थी। भाजपा विधायक उमेश मलिक व विक्रम सैनी से अस्पताल जाकर मिलने वालों में शामिल थे। हबीबपुर गांव में आरएसएस ईकाई के प्रभारी सैनी को शुक्रवार को मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था।

लालू की बेटी के खिलाफ अनुपूरक आरोपपत्र पर 21 को लिया जाएगा संज्ञान: अदालत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की अदालत ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती और अन्यों के खिलाफ धन शोधन के मामले में अनुपूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने को लेकर आदेश पारित करने के लिए 21 सितंबर की तारीख तय की है।

विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दलीलें सुनीं और मामले पर सुनवाई के लिए अगली तारीख तय की। विशेष लोक अभियोजक अतुल त्रिपाठी के जरिए दायर किए आरोपपत्र में जांच एजेंसी ने 35 नये आरोपी बनाए हैं जिनमें से 15 व्यक्ति हैं, बाकी

■ भारती व उनके पति पर पूर्व में आरोपित कंपनी का निदेशक होने का आरोप

कंपनियां हैं। इन 15 व्यक्तियों में से आठ चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। आरोपपत्र में 8,000 करोड़ रुपये के शेयरों की जानकारियां हैं। केंद्रीय एजेंसी ने दो भाइयों सुरेंद्र कुमार जैन और वीरेंद्र जैन तथा अन्यों के खिलाफ अपनी जांच के संबंध में जुलाई 2017 में फार्महाउस, कुछ अन्य स्थानों पर छापे मारे थे। इन लोगों पर मुखौटा कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपये के धनशोधन का आरोप था। ईडी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेश अग्रवाल को गिरफ्तार किया था जिसने कथित तौर पर मध्यस्थता की व जैन बंधुओं को 90 लाख रुपये नकद मुहैया कराए ताकि वे इन रुपयों को एम/एस मिशेल पैकर्स एंड प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड में निवेश कर दें। भारती और उनके पति पर पूर्व में इस कंपनी का निदेशक होने का आरोप है। ईडी ने आरोप लगाया कि जैन बंधु, अग्रवाल और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो प्रसाद की बेटी तथा दामाद 1.2 करोड़ रुपये के धनशोधन के पीछे मुख्य शख्स हैं।

Cityon Systems (India) Ltd.
Regd. Off.:- 215, Delhi Chambers, Delhi Gate, Delhi – 110002,
CIN: L72900DL2004PLC126096
Phone No.: +91-11-41563395 Tel Fax: +91-11-43667149,
E-mail: info@cityonsystems.in, Website: www.cityonsystems.in

NOTICE

Notice is hereby given to the Shareholders of the Company that Annual General Meeting of the Company will be held on Thursday, 26th September, 2019 at 3:30 p.m. at the Registered Office of the Company at 215, Delhi Chambers, Delhi Gate, Delhi - 110002 to transact the businesses mentioned in the Notice of Annual General Meeting dated August 26, 2019, electronic copies of the Notice of AGM and Annual Report for the year 2019 have been sent to the members whose emails IDs are registered with the Company/Depository Participant(s) and to those who do not have registered their email ids with the Company/Depository Participant(s), physical copy of Notice of Annual General Meeting and Annual Report for the year 2019 have been sent at their registered addresses by permitted mode. The Notice of Annual General Meeting and Annual Report for the year 2019 are also available on the Company's website www.cityonsystems.in. The dispatch of the Notice of Annual General Meeting and Annual Report for the year 2019 has been completed on 31st August, 2019.

The Register of Members and Share Transfer Books of the Company shall remain closed from Thursday, September 19, 2019 to Thursday, September 26, 2019, both days inclusive for annual closing.

For Cityon Systems (India) Limited
Sd/-
(Mukesh Kumar)
Managing Director
DIN: 06573251

Date: 31-08-2019
Place: Delhi

राशिफल 01 सितंबर 2019

डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

मेष : पारिवारिक सदस्य से मिलने का प्लान बना सकते हैं। प्रॉपर्टी की खरीद्दारी के लिए दिन शुभ रहेगा। पढ़ाई में ज़्यादा मेहनत की जरूरत है। रोमांस के लिए समय अच्छा है। **शुभ अंक:** 8, **रंग :** इलेक्ट्रिक ब्लू।

वृष: आपके सकारात्मक रहने से घर में शांति माहौल बना रहेगा। किसी प्लॉट या फ्लैट को बुक करने के लिए दिन अच्छा है। पढ़ाई में मेहनत करते रहें। विवाह के लिए इंतजार करें। **शुभ अंक:** 17, **रंग:** फोरेस्ट ग्रीन।

मिथुन: किसी करीबी के आने से अच्छा महसूस करेंगे। किसी प्रॉपर्टी का मालिकाना हक मिल सकता है। पढ़ाई के लिए दिन अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों के लिए समय अच्छा है। **शुभ अंक :** 6, **रंग:** पीच।

कर्क: कार्यक्षेत्र पर परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। किसी को पैसा ना देने के लिए बहाने बना सकते हैं। घर में किए गए बदलाव जीवनसाथी को पसंद नहीं आएंगे। **शुभ अंक:** 2, **रंग:** डार्क स्काई ब्लू।

सिंह: परिवार में चल रही चिंता के कारण मूड खराब हो सकता है। गाड़ी चलाते समय सतर्क रहें। प्रॉपर्टी का झगड़ा आसानी से सुलझ जाएगा। पढ़ाई में सफलता मिलने के योग हैं। **शुभ अंक:** 9, **रंग:** मर्जेंटा।

कन्या: बढ़ते वजन को लेकर परेशान हो सकते हैं। परिवार को लेकर सकारात्मक रवैया अपनाएं। कोई प्रॉपर्टी आपके नाम हो सकती है। पढ़ाई में मन लगाने की कोशिश करें। **शुभ अंक:** 22, **रंग:** डॉर्क टरक्वॉइश।

तुला: परिवार में शांति का माहौल बनाने की कोशिश करें। प्रॉपर्टी को लेकर कोई झगड़ा हो सकता है। पढ़ाई में प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। प्रेम संबंधों पर ध्यान देने की जरूरत है। **शुभ अंक:** 3, **रंग :** लाल।

वृश्चिक: प्रेम संबंधों में एक दूसरे से खुलकर बात करने की कोशिश करें। सेहत में सुधार होने के संकेत हैं। परिवार के सदस्यों की मदद काफी काम आएगी। **शुभ अंक:** 4, **रंग :** इलेक्ट्रिक ब्लू।

धनु: सेहत को लेकर दूसरों की सलाह काफी काम आएगी। किसी यात्रा पर जाने से पहले मौसम का हाल जान लें। प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों को लेकर सतर्क रहें। **शुभ अंक :** 11, **रंग:** गुलाबी।

मकर: जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है। घर का कंस्ट्रक्शन करा सकते हैं। पढ़ाई के लिए दिन अच्छा है। किसी की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। **शुभ अंक :** 5, **रंग:** पीला।

कुंभ : ऑफिस की तरफ से किसी सहयोगी के विदेश जाने पर निराश हो सकते हैं। पढ़ाई में किसी चीज को लेकर असमंजस में रहेंगे। किसी से जान-पहचान हो सकती है। **शुभ अंक :** 15, **रंग:** पैरेट ग्रीन।

मीन: किसी चीज में निवेश करने के लिए दिन अच्छा है। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। परिवार के किसी समारोह में व्यस्त रहेंगे। प्रॉप्रर्टी को लेकर भाई-बहनों में झगड़ा हो सकता है।

:टिप्स:

1. स्नानघर में रौशनी बढ़ा दें। स्नान घर में पानी के अधिक प्रवाह से यिन ऊर्जा खत्म हो जाती है। रौशनी बढ़ाकर आप इस कमी की भरपाई कर सकते हैं।
2. क्रिस्टल का ग्लोब शिक्षा, साहित्य, प्रकाशन, मीडिया और संचार संबंधी क्षेत्रों में सफलता के लिए शक्तिशाली प्रेरक का कार्य करता है। यदि अप अपने अध्ययन की मेज पर एक क्रिस्टल का ग्लोब रखते हैं तो आपको इन क्षेत्रों में अच्छी पहचान मिल सकती है और धन अर्जित कर सकते हैं।

टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

यूपी में सामने आ रहीं बच्चा चोरी की अफवाहें, भीड़ के गुस्से का शिकार बन रहे निर्दोष

बलिया, बांदा में भीड़ ने महिला व चार मजदूर पीटे

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

यूपी में बच्चा चोरी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच बच्चा चोरी के शक में बलिया और बांदा में लोगों ने महिला और चार मजदूरों की पिटाई कर दी। बलिया से मिली खबर के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के बाहरी इलाके में भीख मांगने वाली रीना नामक महिला को शुक्रवार मोहल्ले के लोगों ने बच्चा चोर समझकर घेर लिया व उसकी पिटाई शुरू कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि सूचना पाकर बलिया के यातायात उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र द्विवेदी मौके पर पहुंचे और भीड़ के आक्रोश से उस महिला को बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस महिला को कोतवाली ले गई, जहां जांच पड़ताल के बाद पता चला कि महिला बैरिया इलाके की रहने वाली है, भीख मांग कर जीविकोपार्जन करती है। उधर बांदा के अतर्रा कस्बे में बच्चा चोर समझ कर भीड़ ने शुक्रवार को चार मजदूरों को पिटाई कर दी व बाद में पुलिस हवाले कर दिया। पुलिस ने शनिवार को बताया

यूपी के अलग-अलग शहरों से लगातार बच्चा चोरी की अफवाहें सामने आ रही हैं, निर्दोष लोग भीड़ की हिंसा का शिकार बन रहे हैं। कुछेक घटनाएं सच पाई गई हैं पर अधिकतर मामले फर्जी निकल रहे हैं और लोगों का गुस्सा, निर्दोषों की जान का दुश्मन बन रहा है।

कि ग्रामीण क्षेत्र से कस्बे में मजदूरी करने आये चार मजदूर काम नहीं मिलने पर लोहिया नहर पुल के पास बैठे हुए थे। पुलिस के मुताबिक कुछ लोगों ने बच्चा चोर की अफवाह फैला दी, जिससे भीड़ इकट्ठा हो गई व उनकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया था। करीब तीन घंटे की पूछताछ में मजदूरों से हकीकत का पता चला तो उन्हें छोड़ दिया गया है। थानाध्यक्ष रामेंद्र तिवारी ने कहा कि शुक्रवार को मैं साक्ष्य के सिलसिले में जिले से बाहर था। शाम को थाने वापस आने पर घटना की जानकारी मिली है। भीड़ में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

■ बलिया में भीड़ के हाथों पिटने वाली महिला भीख मांग कर करती है गुजारा

बच्चा चोर होने के शक में दिल्ली के व्यक्ति को पीटा

मुजफ्फरनगर। जिले के आनंदपुरी क्षेत्र में दिल्ली के व्यक्ति की बच्चा चोर होने के संदेह में भीड़ ने पिटाई कर दी। व्यक्ति किसी काम से शुक्रवार को आनंदपुरी क्षेत्र में गया था जहां लोगों के समूह ने उस पर बच्चा चोर होने का आरोप लगाया, उसकी पिटाई की। पुलिसकर्मियों के दल ने उसे भीड़ से बचाया। पूछताछ में पाया गया कि वह निर्दोष है।

महिला की लाठी डंडों से पीटकर हत्या

इटावा। शहर के छिपैटी मोहल्ले में शनिवार दोपहर महिला की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। हमले में उसकी दो बेटियां घायल हो गई हैं। छिपैटी मोहल्ले में दोपहर आशा देवी शुक्ला घर के अंदर अपनी दो बेटियों के साथ थीं। अचानक तीन-चार लोग घर में घुसे और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया।

intec CAPITAL LIMITED
अपने आपके, भरोसे अपनों का
इंटेक कैपिटल लिमिटेड
CIN: L74899DL1994PLC057410
पंजी. कार्यालय : 708, मंजुषा बिल्डिंग, 57, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
T.: +91-11-4652200/300
Email: complianceofficer@inteccapital.com; Website: www.inteccapital.com

25वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सार्वजनिक सूचना

1. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि 25वीं एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य एवं विशेष बिजनेस के सम्पादन के लिये इंटेक कैपिटल लिमिटेड के शेयरधारकों की 25वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 27 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 11.15 बजे बिपिन चन्द्र पाल ऑडिटोरियम, ए-81, चितरंजन पार्क, नई दिल्ली-110019 में आयोजित की जानी निर्धारित है। सूचना कम्पनी की वेबसाइट http://www.inteccaptial.com पर भी उपलब्ध है।
2. कम्पनी सेचो (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर अपेक्षाएं) नियमन 2015 के नियमन 44 और कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 और उसके तहत सम्बन्ध नियमों के प्रावधानों के अनुपालन में कम्पनी एजीएम स्थल से अतिरिक्त किसी अन्य स्थल पर (दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से) 25वीं एजीएम में इसके सदस्यों को इलैक्ट्रिोनिक वोटिंग प्रणाली द्वारा अपने वोट के अधिकार का उपयोग करने की सुविधा देने के लिये प्रसन्न है और उक्त एजीएम का बिजनेस सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध करवाई गई दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से सम्पादित किया जा सकता है।
3. दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि तीन (3) खुलेगी जो मंगलवार 24 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 10.00 बजे प्रारम्भ होगी और बृहस्पतिवार 26 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी।
4. जिस व्यक्ति का नाम डिपॉजिटरी द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर तथा सदस्यों के रजिस्टर में कट ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार 20 सितम्बर 2019 को दर्ज कर लिया गया है, केवल वे ही एजीएम में ई-वोटिंग के साथ-साथ मतपत्र के माध्यम से अपना वोट देने के अधिकारी हैं।
5. एजीएम में मतपत्र द्वारा वोटिंग की सुविधा उन सदस्यों को भी उपलब्ध करवाई जाएगी जिन्होंने दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं दिया। कोई सदस्य एजीएम में तब भी भाग ले सकता है यदि उसने दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है किन्तु उसे एजीएम में मतपत्र के माध्यम से पुनः वोट देने की अनुमति नहीं होगी।
6. यदि कोई सदस्य बैठक की सूचना के प्रेषण के उपरांत कम्पनी का सदस्य बनता है और कम्पनी के शेयरों का अर्जन कट ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार 20 सितम्बर 2019 को शेयरों का धारण करता है तो वह एजीएम की सूचना में दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु वर्णित प्रक्रिया का अनुसरण कर सकता है या हमारे आरटीए अर्थात् बीटल फाइनैंशियल एवं कम्प्यूटर सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड की ई-मेल आईडी beetalrta@gmail.com को लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिये ई-मेल भेज सकता है। तथापि, यदि ऐसे शेयरधारक पहले ही दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु सीडीएसएल के साथ पंजीकृत हैं वे अपना मत देने के लिये वर्तमान यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं। लॉगइन आईडी / यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने हेतु विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में भी उपलब्ध करवाई गई जो कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् www.inteccaptial.com पर उपलब्ध है और सीडीएसएल की वैबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।
7. ई-वोटिंग के सम्बन्ध में किसी पूछताछ के मामले में आप सदस्यों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों तथा सदस्यों के लिये www.evotingindia.com पर उपलब्ध इलैक्ट्रिोनिक वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं। ई-वोटिंग के सम्बन्ध में कोई शिकायत श्री राकेश दलवी, प्रबंधक, सीडीएसएल, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर पैरेल (ई), मुम्बई-400013, फोन नं. 1800-22-5533 से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल लिख सकते हैं।

कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड
हस्ता/-
पुनीत सहगल
कम्पनी सचिव
एसीएस-12557

दिनांक : शुक्रवार, 30 अगस्त 2019
स्थान : नई दिल्ली

टिप्पणी : वार्षिक सामान्य बैठक में उपस्थित होने और मत देने का पात्र सदस्य एक प्रतिनिधि (प्रॉक्सी) को नियुक्त करने का पात्र है और प्रतिनिधि को कम्पनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है।

बिहार में लगेगी जेटली की मूर्ति: नीतीश

पटना। नीतीश सरकार ने पूर्व वित्त मंत्री और दिवंगत बीजेपी नेता अरुण जेटली की बिहार में प्रतिमा लगवाने का फैसला किया है। शनिवार को प्रदेश के सीएम नीतीश कुमार ने इसकी घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने यह भी ऐलान किया है कि अरुण जेटली की जन्मतिथि (28 दिसंबर) को हर साल राजकीय समारोह के तौर पर मनाया जाएगा। गौरतलब है कि बीते 24 अगस्त को पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली का एम्स में निधन हो गया था। जेटली के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए सीएम ने इसे व्यक्तिगत क्षति बताया था। इसके बाद उन्होंने राज्य में दो दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि जेटली से उनके व्यक्तिगत संबंध थे।

शिक्षण संस्थान सरकारी अभियान का हिस्सा बनें: योगी

समाज का उत्थान करने से होता है नाम

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कोई भी संस्था दुनिया के अंदर अपनी नई पहचान तभी बना पाती है, जब वह खुद को समाज सापेक्ष बनाती है।

शिक्षकों, अभिभावकों व छात्र-छात्राओं को समाज सापेक्ष बनकर रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ना

चाहिए। शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों को शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान और योजनाओं का हिस्सा बनना चाहिए। इससे समाज में नई चेतना का उदय होगा। हमारे शिक्षण संस्थान समाज की चेतना का केंद्र हुआ करते थे, इस बात का साक्षी हमारा इतिहास है। सीएम शनिवार को गोरखपुर में दिग्विजय नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्थापना की 50वीं सालगिरह के अवसर पर आयोजित समारोह के समापन सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के स्थापना उद्देश्यों की चर्चा करते हुए कहा कि हमारे शिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रम सैद्धान्तिक न हों, बल्कि व्यवहारिक हों। रचनात्मक व समाज केंद्रित हों, तभी वे असली जिम्मेदारी निभा सकेंगे। हम शिक्षण संस्थाओं को कैसे समाजोपयोगी बनाएं।

खबर संक्षेप

रौंद गया अज्ञात वाहन 17 मवेशियों की मौत

राजगढ़/खिलचीपुर। राजगढ़ के पास जयपुर-जबलपुर हाईवे 12 पर, तेज बारिश से बचने के लिए गायें नीचे बैठ गई थीं, इसी दौरान हाईवे से गुजर रहे अज्ञात वाहन ने गायों के झुंड को रौंद दिया। इस हादसे में 17 मवेशी मर गए, जबकि 3 गायें गंभीररुप से घायल हैं। इन गायों को उपचार दिया जा रहा है। हाईवे पर हुए इस हादसे के बाद जब ग्रामीणों को गायों की मौत की जानकारी मिली तो उन्होंने अपना विरोध जताते हुए क्षेत्र में चक्काजाम कर दिया। काफी देर तक ग्रामीण जाम लगाकर अपना विरोध करते रहे। इसी दौरान सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश देकर जाम खुलवाया। इसके बाद हाईवे से वाहनों की आवाजाही शुरू हुई।

बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में प्राचार्य गिरफ्तार

रायपुर । छह साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में एक स्कूल के प्राचार्य को गिरफ्तार किया गया है। प्राचार्य पर आरोप है कि स्कूल में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म की जानकारी होने के बाद भी पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। पीड़ति बच्ची के परिजनों ने स्कूल में इस घटना की शिकायत खमतराई पुलिस को की थी। पुलिस की जांच के बाद दुष्कर्म घटना को सही पाया गया। हालांकि बाद में प्राचार्य को जमानत मिल गई। बता दें कि पिछले दिनों एक स्कूल में छह साल की बच्ची से स्कूल के ही तीन नाबालिग बच्चों ने दुष्कर्म किया था। जिसकी जानकारी पीड़ति बच्ची ने अपने परिजनों को दी थी। शिकायत के बाद भी स्कूल प्राचार्य द्वारा घटना को छुपाने का प्रयास किया जा रहा था और इसकी शिकायत पुलिस में नहीं करने को लेकर पीड़ति परिवार पर दबाव बनाया गया था।

आईआईटी बनाएगा अबूझमाड़ा का नक्शा

रायपुर। बस्तर संभाग के अबूझमाड़ को फिर एक बार समझने की कोशिश सरकार ने शुरू की है। सरकार ने आइआइटी रुड़की को वहां के गांवों का मसाहती (ऐसे गांव जिनका न तो राजस्व सर्वे हुआ है और न सीमा तय है) खसरा-नक्शा तैयार करने की जिम्मेदारी दी है। अबूझमाड़ क्षेत्र में पड़ने वाले तीनों जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में आदेश जारी किया है। कलेक्टरों को एक महीने के भीतर यह काम पूरा करके पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर कलेक्टरों को कहा है कि नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए असर्वेक्षित ग्रामों में नियमित राजस्व अभिलेख के स्थान पर मसाहती खसरा और नक्शा तैयार किया जाना है।

छत्तीसगढ़ की एक मात्र रजिस्टर्ड कोसली गाय की जानकारी चिप में अपलोड होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की एक मात्र रजिस्टर्ड देसी नस्ल की कोसली गाय और छत्तीसगढ़ी भैंस की खूबियां अब चिप में एकत्रित की जाएंगी। यह चिप इन नस्ल के पशुओं लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति उस पशु के बारे में सारी जानकारी मात्र 10 मिनट में प्राप्त कर सकेगा। उस पशु के बारे में किसी से पूछने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नेशनल ब्यूरो ऑफ एनिमल जेनेटिक रिसोर्सेस करनाल (हरियाणा) सारी जानकारी चिप में अपलोड करेगा और इसे अपडेट भी करता रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार गाय, भैंस की नस्ल, दूध और बच्चा देने की क्षमता, प्रमुख रोग, टीकाकरण सहित कई जानकारी चिप में रहेगी। इसके लिए नेशनल ब्यूरो ऑफ एनिमल जेनेटिक रिसोर्सेस करनाल के पशु वैज्ञानिकों की टीम ने प्रथम चरण में आरंग विकासखंड के ग्राम दरबा, बकतरा, दूसरे चरण में धरसींवा विकासखंड के ग्राम सेरीखेड़ी, अभनपुर के गातापारा में गायों के सीरम एकत्रित किया।

चिप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति उस पशु के बारे में सारी जानकारी मात्र 10 मिनट में प्राप्त कर सकेगा...

देश में पहली बार होगा इस चिप का प्रयोग

करनाल की टीम के तकनीकी अधिकारी डॉ. सुभाषचंद्र ने बताया कि माइक्रो चिप सिस्टम का चलन अब तक विदेशों में हुआ करता है। अब भारत में शुरू किया जा रहा है। वैज्ञानिक नेशनल ब्यूरो ऑफ एनिमल जेनेटिक रिसोर्सेस के माध्यम से देश भर के सभी रजिस्टर्ड पशुओं के रक्त व सीरम लेकर जांच की जाती है। पूर्व में तकनीकी जानकारी के अभाव में पशुओं के नस्ल में बहुत सुधार नहीं हो पा रहा था, इसलिए पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए पहली बार चिप का उपयोग पशुओं की जानकारी इकट्ठा करने के लिए किया जा रहा है।

144 नस्लों का हुआ है पंजीकरण

संस्थान में अब तक देश भर की लगभग 144 नस्ल के पशुओं का पंजीकरण किया गया है। इनमें भैंस की 13, गाय की 43, बकरी की 23, सुअर की दो, गधे की एक, भेंड़ की 39, घोड़े की छह, ऊंट की आठ व मुर्गी की 15 नस्ल शामिल हैं। वर्ष 2012 में पंजीकृत नौ नस्लों में ओडिशा की कालाहांडी भैंस, तमिलनाडु की पुल्ली कुल्लम गाय, छत्तीसगढ़ की कोसली गाय व भैंस, कर्नाटक की गाय, महाराष्ट्र की दो बकरी की नस्ल, वेस्ट बंगाल का घुंघरू सुअर शामिल है।

मध्यम वर्ग के लिए लाभकारी

छत्तीसगढ़ की कोसली गाय, भैंस का पालन मध्यम वर्ग के किसानों के लिए काफी लाभकारी है। इनमें बच्चे पैदा करने की क्षमता अधिक होने के साथ रोग इन्हें कम होते है।

डॉ. एनपी दक्षिणकर, कुलपति छत्तीसगढ़ कामधेनु विवि

तुरंत जानकारी मिल सकेगी

चिप में नस्ल की पूरी जानकारी होगी। इससे देश-विदेश में बैठे पशुपालकों को इन नस्ल की जानकारी महज दस से मिनट में उपलब्ध हो जाएगी।

डॉ. सुभाषचंद्र, पशु विशेषज्ञ, नेशनल ब्यूरो ऑफ एनिमल जेनेटिक रिसोर्सेस करनाल

रिसर्च टीम आई थी

प्रदेश की कोसली व छत्तीसगढ़ी भैंस की मांग अन्य राज्यों में बढ़े इसके लिए नस्ल सुधार रिसर्च की टीम आई थी। टीम सैंपल के माध्यम से चिप तैयार करेगी। हर जानकारी तुरंत मिलेगी।

डॉ. सीआर प्रसन्ना, डायरेक्टर, पशुधन विभाग सेवाएं

प्रदेश अध्यक्ष को लेकर कांग्रेस नेताओं में मतभेद की अफवाह फैला रही है भाजपा

दिग्विजय ने अफवाहों के लिए भाजपा की वाट्सएप ब्रिगेड को जिम्मेदार ठहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिंड (ब्यूरो)

पीसीसी अध्यक्ष पद को लेकर खींचतान मची हुई है, भोपाल से लेकर नई दिल्ली तक कांग्रेस नेता समीकरण बिठाने में जुटे हैं, सिंधिया द्वारा पार्टी आलाकमान से इस पद के लिए दावेदारी की भी चर्चा है

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को लेकर खींचतान मची हुई है। भोपाल से लेकर नई दिल्ली तक कांग्रेस नेता समीकरण बिठाने में जुटे हैं।चर्चाएं हैं कि ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पार्टी आलाकमान से उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाने को कहा है। लेकिन इन तमाम दावों को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने नकार दिया है।

दिग्विजय सिंह के मुताबिक वर्तमान में कमलनाथ ही प्रदेश अध्यक्ष हैं और जब तक उनका इस्तीफा नहीं होता तब किसी दूसरे का नाम फाइनल नहीं होगा। सिंधिया की नाराजगी की खबरों को भी उन्होंने सोशल मीडिया की देन बताते हुए खारिज कर दिया। दिग्विजय सिंह ने इन अफवाहों के लिए भाजपा की व्हॉट्सअप ब्रिगेड को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की नाराजगी से लेकर सिंधिया के भाजपा में शामिल होने और बच्चा चोरी, रोहिंग्या मुसलमान को लेकर डर जैसे तमाम अफवाहों को इसी ब्रिगेड ने फैलाया है।

खास बातें

- दिग्विजय ने पीसीसी चीफ बनने से किया इनकार
- सिंधिया की नाराजगी को भी विपक्ष की साजिश बताया

कहा- आर्थिक हालात के लिए मोदी जिम्मेदार...

देश की मौजूदा अर्थव्यवस्था को लेकर भी दिग्विजसिंह ने मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा - देश चलाने के लिए रिजर्व बैंक से कर्ज लेना पड़ रहा है, इससे देश की अर्थव्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रदेश के बड़े कांग्रेस नेता अपने-अपने समर्थकों को पीसीसी अध्यक्ष बनाने के लिए कवायद करने में जुट गए हैं। मंत्रियों उमंग सिंघार, बाला बच्चन, ओमकार सिंह मरकाम के अलावा डॉ. गोविंद सिंह का नाम भी चर्चाओं में है। इनके अलावा ज्योतिरादित्य सिंधिया, अजय सिंह और रामनिवास रावत के नाम पीसीसी अध्यक्ष की दौड़ में चल रहे हैं। इस बारे में पूछे जाने पर दिग्विजय सिंह ने कहा फिलहाल ये सारी बातें गलत हैं। किसी नेता को किसी के संरक्षण की जरुरत नहीं है। सभी अपनी-अपनी अलग राजनीति करते हैं।

ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत ने पूर्व सीएम शिवराज को बताया असली मिस्टर बंटाधार

जबलपुर। प्रभारी मंत्री प्रियव्रत सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को असली मिस्टर बंटाधार बताया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने मप्र को आर्थिक संकट में डाल दिया। 15 साल के कार्यकाल में डंपर से लेकर व्यापमं घोटाला हुआ। असल में वही मिस्टर बंटाधार हैं। प्रभारी व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह ने ये बातें शिवराज सिंह चौहान के जुबानी हमलों के जवाब में कहीं। वे जबलपुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में ही महिला अपराध में प्रदेश अव्वल बना। बिजली कंपनियां घाटे में आईं वो भी शिवराज के कार्यकाल में ही।

गोविंद सिंह का समर्थन किया

ज्योतिरादित्य सिंधिया के पीसीसी चीफ बनने की अटकलों पर ऊर्जा मंत्री ने सिर्फ यही कहा कि इस मामले में सोनिया गांधी उचित फैसला करेंगी। रेत खनन को लेकर मंत्री गोविंद सिंह के बयान का भी ऊर्जा मंत्री ने समर्थन किया। उन्होंने कहा अवैध रेत खनन सरकार के लिए नासूर बन गया है। प्रदेश सरकार रेत खनन की नई नीति बना रही है। अवैध खनन पर अंकुश लगाने का प्रयास होगा।

दहशत फैलाने नक्सलियों ने की उपसरपंच की हत्या

- छोटे गुडरा चालाकीपारा गांव में धारदार हथियार से उपसरपंच लखमा मंडावी की कर दी गई हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तारीखें व प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही चुनावी सरगर्मी शुरू हो गई है, वहीं आमतौर में चुनाव का विरोध करने वाले नक्सलियों ने भी दहशत फैलाने के लिए हिंसक वारदातें शुरू कर दी है। नक्सलियों ने शुक्रवार देर रात एक उपसरपंच की धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा थाना क्षेत्र के छोटे गुडरा चालाकीपारा गांव में उपसरपंच लखमा मंडावी की हत्या कर दी। 10 से 20 हथियारबंद नक्सलियों ने गांव में पहुंचकर लखमा मंडावी पर मुखबिरी का आरोप लगाया और हत्या कर दी।

बच्चा चोरी के शक में दिल्ली के परिवार के साथ सेंधवा में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेंधवा

बच्चा चोरी के शक में लोगों की पिटाई के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा घटना बड़वानी जिले के सेंधवा की है। यहां दिल्ली के परिवार के साथ कुछ लोगों ने बच्चा चोरी के शक में मारपीट की।

बड़ी मश्किल से परिवार अपनी जान बचाकर थाने पहुंचा। दरअसल ये परिवार दिल्ली से मुंबई हाजी अली दरगाह पर चादर चढ़ाने जा रहा था। जानकारी के मुताबिक जब इनकी कार शहर से गुजर रही थी तो ये पता पूछने के लिए रूक गए। इसी दौरान कार में बच्चों को देखकर लोगों को बच्चा चोर गिरोह होने का शक हुआ।

मामला बिगड़ते देख ये लोग कार लेकर जाने लगे तो बाइक सवार कुछ लोगों ने इनका पीछा शुरू कर दिया और भीड़ ने कार को टोल प्लाजा के पास रोककर परिवार के 5 सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचीं और उन्हें थाने लेकर आई।

अमित बोले, जब रात के अंधेरे में पिता पर एफआईआर तो मुझे भी करें गिरफ्तार

- जोगी के बेटे ने ज्ञापन के साथ जाति प्रमाण पत्र खारिज करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी पर गुरुवार की रात एफआइआर के बाद इसकी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष अमित जोगी की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर जमकर हंगामा मचाया। अमित ने कहा कि जब रात के अंधेरे में मेरे पिता के खिलाफ एफआइआर हो सकती है तो दिन के उजाले में मुझे भी गिरफ्तार करें। यही नहीं अमित ने थाना प्रभारी के सामने अपने जाति प्रमाण पत्र को लहराते हुए कहा कि अगर हाई कोर्ट के आदेश की अवेहलना करनी है तो मेरा जाति प्रमाण पत्र भी रद कर दें। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के सुप्रीमो जोगी पर हुई एफआइआर की कार्रवाई ने तूल पकड़ लिया है।

हाई कोर्ट के आदेश की कापी भी दी है

अमित ने हाई कोर्ट के उस आदेश की कॉपी भी दी है जिसमें उनसे उनकी कंवर जनजाति के अधिकार को नहीं छीनने के साफ निर्देश हैं। जकांछ प्रदेशाध्यक्ष ने ज्ञापन के साथ अपनी जाति प्रमाण पत्र संलग्न कर खारिज करने और एफआइआर दर्ज करने की मांग की है। सिविल लाइन थाना प्रभारी को सौंपे ज्ञापन अमित ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी समीरा पैकरा की मेरे विरुद्ध चुनाव याचिका को खारिज करते समय हाई कोर्ट ने 30 जनवरी 2019 को कंडिका 60 में आदेश किया था कि संविधान और अनुसूचित जनजाति आदेश 1950 के तहत किसी को कंवर जनजाति के तहत प्राप्त अधिकार को छीनने का अधिकार नहीं देता।

मंडावी होंगी भाजपा उम्मीदवार, घोषणा आज

रायपुर। दंतेवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की उम्मीदवार ओजस्वी मंडावी होंगी। भाजपा प्रदेश चुनाव समिति की बैठक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हुई। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में ओजस्वी के नाम पर सहमति बन गई है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि चुनाव समिति में एक नाम पर सहमति बनी है।

बाइक में आग लगाकर बचाओ बचाओ चिल्लाते किले से कूदा युवक लापता

ग्वालियर। किले पर सास-बहू के मंदिर के पास बाइक में आग लगाने के बाद एक युवक के आत्महत्या करने के इरादे से कूद गया। इसके बाद खलबली मच गई। युवक ने झाड़ी में अटकने के बाद चिल्लाकर लोगों से बचाने के लिए मदद मांगी। अपना नाम सुनील रावत निवासी आनंद नगर भी बताया। उसने लोगों को एक दोस्त का मोबाइल नंबर भी दिया। दोस्त ने पूरी बात सुनने के बाद मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। पुलिस ने युवक को तलाशने के लिए दमकल दस्ते को बुला लिया। 3 घंटे चले रेस्क्यू में युवक नहीं मिला। अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन सुबह तक के लिए स्थगित करना पड़ा। बाइक पर रजिस्ट्रेशन नंबर शिवनगर मोतीझील निवासी श्याम रावत के नाम पर दर्ज है।

केबीसी 11 की हॉट सीट पर नजर आएंगे आसीम चौधरी

इंदौर टेलीविजन के सबसे लोकप्रिय शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के मंच पर इंदौर का युवा भी अपने ज्ञान का कौशल दिखाएगा। निजी बैंक में बतौर ब्रांच सेल्स मैनेजर के रूप में कार्यरत आसीम चौधरी को 2 सितंबर की रात 'कौन बनेगा करोड़पति' में देखा जा सकेगा। वे सेट पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट की श्रेणी में नजर आएंगे।

हरियाणा सरकार

निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य / सूचना / निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लाखमा) रुपये में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी
1	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, फरीदाबाद	गुड़गांव कैनाल फ्लोडर के आरडी 33300 पर मौजूदा 2 लेन पीएससी ग्राइडर ब्रिज में 1 लेन को जोड़ना और पुराने क्षतिग्रस्त (यू/एस) ब्रिज के स्थान पर 6 लेन सिंगल स्पैन प्री-स्ट्रैस्ड ब्रिज अर्थात् 3 लेन का निर्माण + 4 अन्य कार्य।	बंद होने की तिथि 03.09.2019	1110 लाख	http://etenders.hry.nic.in	0129-2268504 xen_fbd@yahoo.co.in
2	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, फतेहाबाद	आरडी 246650-आर फतेहाबाद ब्रांच पर पाइप लाइन चैनल आरडी 0-27600 टेल ऑफ रैकिंग सहित न्यू हिंग माइनर की पुनः स्थापना + 7 अन्य कार्य।	बंद होने की तिथि	489.23 लाख 09.09.2019	hid.gov.in	xen-wsflib.in@gov.in
3	वन विभाग हरियाणा, रोहतक	रोहतक चिड़ियाघर, जिला रोहतक, हरियाणा में 14 मी. ऊंचे टयुबुलर स्टील पोल पर खड़े किये जाने वाली धातु की जानवरों की मूर्ति की रचना और स्थापना।	31.08.2019 06.09.2019	7 लाख	haryanaforest.gov.in	1262274377 dfwlrohtak@yahoo.com
4	पंचायती राज अम्बाला	ब्लॉक ऑफिस बिल्डिंग, थानेसर-कुरुक्षेत्र में हॉल में ई.आई. का प्रावधान।	30.08.2019 09.09.2019	90700/-	https://etenders.hry.nic...in	94678-07024 / 0171-2550510 (pmxeengatec.amb @hry.nic.in/anujpurbi795@gmail.com
5	पंचायती राज, भिवानी	नहर से जुड़े हुये तालाब के 16 गांव के चुनरोद्धार का निर्माण + 1 अन्य कार्य।	03.09.2019 10.09.2019	87.13 (लाख में) प्रत्येक	https://etenders.hry.nic...in	01664-243929 pmxeeng.bhw@hry.nic.in
6	पंचायती राज, झज्जर	नीचे दिये अनुसार निम्नलिखित टेक्नोलॉजी पर विचार करते हुये गांव भिंडावास में पशु डिस्पेंसरी भवन का निर्माण 1. एक्सपेंडेड पॉलिस्टीन टेक्नोलॉजी 2. 3डी वोल्यूमैट्रिक प्रीकास्ट टेक्नोलॉजी।	01.09.2019 06.09.2019	31 (लाख में) प्रत्येक	https://etenders.hry.nic...in	0125-254118 pmxeeng.jj@hry.nic.in
7	लोनिवि भ व पु, अम्बाला	अम्बाला जिले में विभिन्न गैर आवासीय भवन हेतु वर्षा जल हार्वेस्टिंग सुविधा + 1 अन्य कार्य।	30.08.2019 09.09.2019	101.79 लाख	https://etenders.hry.nic...in	0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in
8	लोनिवि भ व पु, पानीपत	जिला पानीपत में एसएच-11 (रोड आईडी-8204 + 8206 + 8186) तक नौलधा से आलूचुर दाभेचाना तक सड़क पर मजबूतीकरण का प्रावधान। (आरडी 0.00 से 24.68) + 2 अन्य कार्य।	30.08.2019 09.09.2019	592.51 लाख	https://etenders.hry.nic...in	0180-2638652
9	लोनिवि भ व पु, पानीपत	पानीपत जिले में गांव सिवाह में नये खेल-कूद स्टेडियम का निर्माण (स्वीमिंग पूल, बैडमिंटन हॉल और बहुउद्देश्यीय हॉल इत्यादि) (ईआई कार्य को छोड़कर) (पुनः आमंत्रित)।	30.08.2019 09.09.2019	598.05 लाख	https://etenders.hry.nic...in	0180-2638652
10	लोनिवि भ व पु, नरवाना	जींद जिले में गांव सच्चा खेड़ा से बदनपुर तक एक सड़क का निर्माण - 2 अन्य कार्य।	बंद होने की तिथि 09.09.2019	385.65 लाख	https://etenders.hry.nic...in	01684-244833
11	लोनिवि भ व पु, हिसार	हिसार जिले में न्याय विभाग के प्रशासन के विभिन्न भवनों में 9 अदद रूफ टॉप वर्षाजल हार्वेस्टिंग रिचार्ज बोरवैल्स का निर्माण + 6 अन्य कार्य।	02.09.2019 11.09.2019	293.30 लाख	https://etenders.hry.nic...in	01662-239887 pwd-eepd3-hissar@hry.nic.in
12	लोनिवि भ व पु, कैथल	कैथल जिले में कैथल चंदाना रोड से नई अनाज मंडी, कैथल तक (रोड आईडी 7100) का मजबूतीकरण।	बंद होने की तिथि 09.09.2019	47.30 लाख	https://etenders.hry.nic...in	01746-222282 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in
13	लोनिवि भ व पु, झज्जर	झज्जर जिले में लोनिवि विश्राम गृह में सम्मेलन हॉल का निर्माण। (ईआई कार्य को छोड़कर) + 5 अन्य कार्य।	28.08.2019 09.09.2019	197.39 लाख	https://etenders.hry.nic...in	EXECUTIVE ENGINEER
14	लोनिवि भ व पु, भिवानी	भिवानी जिले में तोशाम में राजकीय महिला महाविद्यालय के परिसर में 4 अदद वर्षाजल हार्वेस्टिंग टैंक का निर्माण + 5 अन्य कार्य।	29.08.2019 04.09.2019	100.05 लाख	https://etenders.hry.nic...in	01664-242436 pwd-eepd-bhiwani@hry.nic.in
15	बागवानी विभाग, घरौंडा, करनाल	एल 19 × बी 15 × एच 8 इंच पेपर आयर 180 जीएसएम क्राफ्ट 22 बीएफ, इनर-140 जीएसएम मेमी क्राफ्ट 18 बीएफ, ग्राड फ्लटिंग 2 कलर प्रिंटिंग, डाई राइटिंग सहित सीडलिंग पैकिंग हेतु कॉरगेटेड बॉक्स।	03.09.2019 13.09.2019	ईएमडी 50,000	www.haryanaprocurement.gov.in TENDER NO e-Tender/DCHI CSV:[IAP]/Ghaisunda/2019-20/Bgl	9812163923, 9050373466 dch.cev@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/1920/2430000000000/79093 दि. 31.08.19

कम खपत वाले महीने में मिलेगा पीले रंग का बिजली बिल

- इंदिरा गृह ज्योति योजना के लाभ के दायरे में आने वाले उपभोक्ताओं को पीले रंग का बिल दिया जाएगा, बाकी को सामान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

किसी महीने आपके घर में बिजली की खपत 150 यूनिट तक सीमित रही तो सामान्य नहीं बल्कि पीले रंग का बिल पहुंचेगा। घरेलु बिजली उपभोक्ताओं के बिलों को रंगों में बांटने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। 1 सितंबर से बिजली के बिल दो रंगे के हो रहे हैं। इंदिरा गृह ज्योति योजना के लाभ के दायरे में आने वाले उपभोक्ताओं को पीले रंग का बिल दिया जाएगा। शेष सभी को सफेद बिल मिलेगा।

20 लाख से ज्यादा बिजली के बिल हो जाएंगे पीले रंग वाले

सितंबर से बिजली के जो भी बिल जारी होंगे उसमें रंग का यह पैमाना लागू होगा। हालांकि बिजली बिल के प्रारूप में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। अनुमान जताया जा रहा है कि पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को हर महीने करीब 20 लाख से ज्यादा बिजली के बिल पीले रंग में जारी करने होंगे। शासन ने पहले इंदिरा गृह ज्योति योजना में सिर्फ गरीब व श्रमिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को शामिल किया था। इसमें पश्चिम क्षेत्र कंपनी में 20 लाख उपभोक्ता पंजीकृत हैं। बीते दिनों जारी आदेश के बाद 150 यूनिट तक खपत करने वाले हर उपभोक्ता को इस योजना का लाभ देने का ऐलान किया गया है।

पैसे आएंगे तो सुस्ती टूटेगी

अर्थशास्त्र

आलोक पुराणिक

सुस्ती का फायदा उठाकर कई उद्योग वो कर छूट हासिल न कर लें, जिनके वो हकदार नहीं हैं। बेरोजगारी फैलेगी, ऐसा भय दिखाकर कई उद्योग छूट की मांग कर रहे हैं। पर देखने की बात यह है कि तकनीकी सुधारों के चलते कुशल कंपनियों में श्रम की लागत में कमी आ रही है। आर्थिक सुस्ती का गलत इस्तेमाल कोई उद्योग न करे, यह देखना भी सरकार का काम है। ऐसे उद्योगों को राहत दी जानी चाहिए जिनमें रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हों। रोजगार होगा तो पैसे आएंगे, ये पैसे बाजार में जाएंगे तो मांग मजबूत होगी। सरकार चाहे तो रिजर्व बैंक से हासिल रकम का एक हिस्सा युवाओं को कर्ज देने में भी प्रयोग कर सकती है और उन कंपनियों को छूट देने में भी, जो रोजगार सृजन में भूमिका निभाएं। जनता की जेब में नकदी आए तो बाजार में मांग बढ़ेगी।

सकल घरेलू उत्पाद विकास यानी अर्थव्यवस्था के विकास के जो आंकड़े हैं, वो सरकार को चिंतन और कर्म के लिए प्रेरित करने वाले हैं। चिंता तो उनसे होनी ही चाहिए। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2019-20 वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून 2019 के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास पांच फीसदी की रफ्तार से हुआ। पिछले छह सालों मे किसी भी तिमाही की यह विकास रफ्तार सबसे कम है। अप्रैल जून 2019 में खेती की विकास दर 2 प्रतिशत रही, अप्रैल जून 2018 में खेती की विकास दर 5.1 प्रतिशत रही। मैन्युफेक्चरिंग क्षेत्र यानी कार, बाइक समेत तमाम आइटम बनाने वाला क्षेत्र अप्रैल जून 2019 में सिर्फ दशमलव छह प्रतिशत की दर दिखा रहा है। अप्रैल, जून 2018 में यह विकास दर 12.1 प्रतिशत थी। निर्माण क्षेत्र जहां कम पढ़े लिखों को भी रोजगार मिल जाता है, की विकास दर अप्रैल जून 2019 में 5.7 प्रतिशत रही, यह दर अप्रैल जून 2018 में 9.6 फीसदी थी। अप्रैल, जून 2018 में अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर आठ प्रतिशत थी, जो अप्रैल जून 2019 में गिरकर पांच प्रतिशत पर आ गई है। हालांकि भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन ने केंद्र सरकार का बचाव किया है। उन्होंने आर्थिक सुस्ती के बावजूद 5 प्रतिशत की ग्रोथ रेट को अच्छा बताया। कृष्णमूर्ति ने कहा, हम जिन शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे प्रतीत होता है कि हम मंदी के दौर से गुजर रहे हैं, इसलिए हमें इस बात को लेकर सतर्क रहना है कि हम क्या बोल रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था में सुस्ती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था की हालत खराब है, लेकिन इसके बावजूद हम पांच फीसदी की दर से आगे बढ़ रहे हैं।

सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार का काम है कि वह हर सूरत में सकारात्मक बात चिन्हित करें। पर चिंता की वजहें हैं। ये आंकड़े तो भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी दफ्तर ने जारी किए हैं। एक दिन पहले रिजर्व बैंक ने भी अपनी सालाना रिपोर्ट जारी की है। वहां भी मंदी को लेकर चिंताएं हैं।

रिजर्व बैंक को सब मालूम होगा, मर्ज की वजह भी और मर्ज भी और मर्ज का इलाज भी, ऐसी समझ कोई भी रख सकता है। पर रिजर्व बैंक की हालिया

सालाना रिपोर्ट 2018-19 में रिजर्व बैंक ने जो दर्ज किया है, उसका आशय यह है कि हाल की आर्थिक सुस्ती की वजहों की पहचान मुश्किल है। खासकर तब जब आर्थिक सुस्ती, आर्थिक धीमापन अभी शक्ल ही ले रहा हो। गौर की बात यह है कि रिजर्व बैंक के आकलन में इस सुस्ती को मूलत चक्रीय माना है, ढांचागत नहीं। चक्रीय मंदी का मामला थोड़ा कम गंभीर होता है, पर ढांचागत मंदी का मामला बहुत गहरा है। यानी अर्थव्यवस्था के मूल ढांचे में ही वृहद बदलावों की जरुरत है। चक्रीय मंदी का मामला यूं है कि आर्थिक चक्र है, कभी किसी उद्योग में तेजी रहेगी, कभी किसी उद्योग में मंदी रहेगी। मंदी के बाद तेजी आ जाएगी और फिर तेजी के बाद मंदी आ जाएगी। चक्रीय मंदी को सस्ती ब्याज दरों से तेजी में तब्दील किया जा सकता है। पर ढांचागत मंदी को सुधारने के लिए कई किस्म के उपाय करने होते हैं। हालांकि रिपोर्ट ने दर्ज किया है कि जमीन, श्रम और खेती की मार्केटिंग से जुड़े मसलों पर काम करने की जरुरत है। इनसे जुड़े कई क्षेत्रों में काम किए जाने की जरुरत है।

रिजर्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में समस्या की नब्ज हाथ रखा है, यह बताते हुए कि घरेलू मांग में कमजोरी है। लोग खरीद नहीं रहे हैं। रिजर्व बैंक ने अपने स्तर पर कोशिशें की हैं कि ब्याज दरों में लगातार कमी आए। पर ब्याज की दर में रिजर्व बैंक के स्तर पर कटौती से ही बात नहीं बनती। तमाम बैंक उस कटौती को आगे लेकर जाएं, यह भी जरुरी है। गत 23 अगस्त 2019 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कुछ घोषणाओं से खासकर ऑटो उद्योग की मांग में तेजी लाने की कोशिश की है। इन घोषणाओं के परिणामों को अभी देखा जाना बाकी है। ऑटो उद्योग तमाम वजहों से समस्याओं में है। पेट्रोल-डीजल से हटकर ऑटोमोबाइल उद्योग बिजली से चालित हो, ऐसी इच्छा सरकार लगातार व्यक्त करती रही है। इसलिए कुछ अनिश्चितता लगातार बनी हुई है ऑटोमोबाइल सेक्टर में। इसके परिणाम भी दिखाई पड़ रहे हैं ऑटोमोबाइल सेक्टर की मंदी में।

रिजर्व बैंक का अनुमान है कि 2019-20 के वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.9 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगी। पर इस अनुमान को बहुत उदार माना जा रहा है। मांग में कमजोरी की कुछ वजहों को रिजर्व बैंक की यह रिपोर्ट ही रेखांकित करती है। यह रिपोर्ट बताती है कि 2017-18 वित्तीय वर्ष में नान बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की तरफ से कारोबारी क्षेत्र को 11,60,300 करोड़ रुपये का कर्ज दिया गया था। इसके अगले वर्ष यानी 2018-19 में इसमें 24 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। गौरतलब है कि इस अवधि में कई महत्वपूर्ण गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां संकट में आईं। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां छोटे और मझोले कारोबारियों के लिए महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं वित्तीय व्यवस्था के लिए। इनके संकट में आने का मतलब यह है कि छोटे कारोबारी के लिए वित्तीय दिक्कत। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के संकट के चलते वो कई किस्म के कर्ज नहीं दे पा रही हैं, कार और बाइक का लोन देने में भी दिक्कतें आ रही हैं, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को। कर्ज नहीं है, तो कार और बाइक कोई कैसे खरीदे। आर्थिक सुस्ती के कुछ सूत्र वहां से भी जुड़ते हैं।

राजनीतिक बहस अलग, पर सरकार और तमाम आर्थिक संस्थानों का जिम्मा यह है कि इसे मंदी कहें, आर्थिक सुस्ती कहें, स्लोडाउन कहें, इससे उबरने के उपाय निकालें। एक उपाय पर तो रिजर्व बैंक अमल कर ही रहा है कि अपने स्तर पर ब्याज दरों में कमी के लगातार प्रयास कर रहा है। हाल में केंद्रीय वित्त मंत्री ने भी घोषणा की है कि खासकर सरकारी बैंक भी ब्याज में कमी को ग्राहकों को पहुचाएंगे। सरकारी बैंक ग्राहकों से ब्याज कम वसूलें, यह अच्छी खबर है। घोषणाएं जितनी जल्दी अमली जामा पहनें, उतना ही बेहतर है। राजनीति घोषणाओं से चल जाती है, पर अर्थव्यवस्था ठोस एक्शन मांगती है। यह बात अर्थव्यवस्था के हर पक्ष को समझनी चाहिए और यह भी देखा जाना चाहिए कि इस सुस्ती का फायदा उठाकर कई उद्योग वो कर छूट हासिल न कर लें, जिनके वो हकदार नहीं हैं। बेरोजगारी फैलेगी, ऐसा भय दिखाकर कई उद्योग छूट की मांग कर रहे हैं। पर देखने की बात यह है कि तकनीकी सुधारों के चलते कुशल कंपनियों में श्रम की लागत में लगातार कमी आ रही है। बजाट ऑटो के राजीव बजाज ने कहा कि हमारी कुल सेल का सिर्फ चार प्रतिशत ही श्रम लागत है। यानी श्रम की लागत में कमी आ रही है, दरअसल अब तकनीक के चलते उत्पादन प्रक्रिया में श्रमिक का रोल ही न्यूतनम होता जा रहा है। इस स्थिति के अलग परिणाम हैं। उस पर अलग से चर्चा बनती है। कुल मिलाकर इस आर्थिक सुस्ती का गलत इस्तेमाल कोई उद्योग न करे, यह देखना भी सरकार का काम है। ऐसे उद्योगों को राहत दी जानी चाहिए जिनमें रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हों। रोजगार होगा तो पैसे आएंगे, ये यपैसे बाजार में जाएंगे तो मांग मजबूत होगी। सरकार चाहे तो रिजर्व बैंक से हासिल रकम का एक हिस्सा युवाओं को ब्याज मुक्त कर्ज देने में भी प्रयोग कर सकती है और उन कंपनियों को छूट देने में भी, जो रोजगार सृजन में भूमिका निभाएं। जनता की जेब में नकद आए तो बाजार में मांग बढ़ेगी।

राहुल गांधी इस स्थिति से निपटने के लिए ठोस खाका पेश करें, तो उस पर विमर्श होना चाहिए। पर राहुल की आदत पत्थर मारकर भागने की है, इसलिए उन्हे कोई गंभीरता से नहीं लेता। किसी भी संकट में समय विपक्ष अगंभीर हो, तो हालात की गंभीरता और बढ़ जाती है।

राहुल गांधी दिग्भ्रमित

कश्मीर

प्रमोद जोशी

अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने का आदेश पास होने के 23 दिन बाद राहुल गांधी ने कश्मीर के सवाल पर महत्वपूर्ण ट्वीट किया कि सरकार के साथ हमारे कई मुद्दों को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन साफ है कि कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है। राहुल गांधी का यह ट्वीट उनके कन्फ्यूजन को दिखाता है।

कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है। ज्यादातर सरकारी फैसलों के दूसरे पहलू पर रोशनी डालने की जिम्मेदारी कांग्रेस की है, क्योंकि वह सबसे बड़ा विरोधी दल है। उसकी जिम्मेदारी है कि वह वृहत्तर दृष्टिकोण को राष्ट्र हित से जोड़े। उसे यह विवेचन करना होगा कि बीते छह साल में उससे क्या गलतियां हुईं, जिनके कारण वह पिछड़ गई। केवल यह कहने से काम नहीं चलेगा कि जनता की भावनाओं को भड़काकर बीजेपी उन्मादी माहौल तैयार कर रही है।

कांग्रेसी नैरेटिव के अंतर्विरोध कश्मीर में साफ नजर आते हैं। इस महीने का घटनाक्रम गवाही दे रहा है। अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने का आदेश पास होने के 23 दिन बाद राहुल गांधी ने कश्मीर के सवाल पर महत्वपूर्ण ट्वीट किया कि सरकार के साथ हमारे कई मुद्दों को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन साफ है कि कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है।

राहुल गांधी का यह ट्वीट स्वतः नहीं है, बल्कि पेशबंदी में है। यही इसका दोष है। इसके पीछे संयुक्त राष्ट्र को लिखे गए पाकिस्तानी ख़त का मजमून है, जिसमें पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि कश्मीर में हालात सामान्य होने के भारत के दावे झूठे हैं। इन दावों के समर्थन में राहुल गांधी के एक बयान का उल्लेख किया गया है, जिसमें राहुल ने माना कि 'कश्मीर में लोग मर रहे हैं' और वहां हालात सामान्य नहीं हैं। राहुल कहें कि 'हालात सामान्य नहीं हैं' तब यह सामान्य वक्तव्य है। देश में काफी लोग मानते हैं कि कश्मीर में हालात सामान्य नहीं है। सरकार भी यह बात मानती है। पर 'कश्मीर में लोग मर रहे हैं' कहने पर मतलब कुछ और निकलता है। तथ्य यह है कश्मीर में किसी आंदोलनकारी के मरने की खबर अभी तक नहीं है। यह बात केवल पाकिस्तानी दुष्प्रचार में है।

पाकिस्तानी चिट्ठी में नाम आने से राहुल गांधी का राजनीतिक गणित उलट गया है। उन्होंने अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करने में देर की है। इस बात को उन्हें 23 दिन पहले ही कहना चाहिए था। पार्टी की कश्मीर नीति को स्पष्ट करने की जिम्मेदारी भी उनकी है। इस अफरा-तफरी में कांग्रेस ने सफाई देनी शुरू कर दी है। इस प्रतिक्रिया पर पाकिस्तानी मंत्री फवाद चौधरी ने राहुल गांधी को कनफ्यूज्ड बताया है। उनके अनुसार राहुल को अपने रुख पर कायम रहना चाहिए। कांग्रेस को इस सवाल पर जिस गहराई से विचार करना चाहिए, वह नहीं किया गया है। पार्टी ने कश्मीर समस्या को पिछले पांच साल की राजनीति में समेट लिया है और जिन मसलों पर अपने परंपरागत दृष्टिकोण पर दृढ़ रहने की जरूरत थी, उन्हें उसने बिसरा दिया है।

कांग्रेस को लगता है कि भारतीय मुसलमानों का दिल जीतने के लिए कश्मीरी आंदोलनकारियों का समर्थन जरूरी है, तो यह गलतफहमी है। भारतीय मुसलमानों का हित इस बात में है कि कश्मीर भारत की धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था में बनी रहे। देश के एक और सांप्रदायिक विभाजन की कल्पना ही भयावह है और इसके दुष्परिणामों पर कांग्रेस ने विचार नहीं किया है। उसकी इस नासमझी का फायदा बीजेपी को मिला है। सेना पर पत्थरबाजी का समर्थन नहीं किया जा सकता। कांग्रेस को यह बात समझनी चाहिए। पत्थरबाज अनुच्छेद 370 के लिए नहीं लड़ रहे थे और न उनका आंदोलन बीजेपी के खिलाफ है। उन्होंने वर्ष 2010 में पत्थर बरसाना शुरू किया था। तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। दरअसल समस्या उस नैरेटिव की है, जिसे कांग्रेस स्पष्ट नहीं कर पा रही है।

मिट्टी हो जाएगा पाक

दो टूक

सुशील राजेश

पाकिस्तान ने कराची के पास जिस 'ग़ज़नवी' मिसाइल का परीक्षण किया है, वह करीब 17 साल पुरानी मिसाइल है। इसका पहला परीक्षण 2002 में किया गया था। उसके बाद एक तय अंतराल पर परीक्षण किए जाते रहे और फौज को भी सौंप दिया गया था। 2012 के बाद अब परीक्षण किया गया है, तो मकसद पाकिस्तान ही बता सकता है। न तो इसकी मारक रेंज बढ़ाई गई है और न ही कोई तकनीकी आधुनिकीकरण किया गया तो फिर पुरानी मिसाइल का परीक्षण इस तरह क्यों किया गया कि संकेत जाए कि एक नई मिसाइल छोड़ी गई है। बहरहाल गजनवी मिसाइल की लंबाई, चौड़ाई, क्षमता सब कुछ यथावत हैं। एक ओर यह परीक्षण और दूसरी तरफ इमरान हुकूमत के रेल मंत्री शेख रशीद ने बयान दिया है कि इसी अक्तूबर अंत तक या नवंबर-दिसंबर में भारत-पाक युद्ध छिड़ सकता है और दोनों देशों के दरमियान यह आखिरी जंग होगी। कश्मीर में 370 को हटाने और पीओके पर भारत के कब्जे की संभावनाओं से पाक बिल्कुल बौखला गया है। हम इसे 'विनाश काल' करार दे रहे हैं, क्योंकि जंग की सूरत में पाकिस्तान का वजूद ही 'मिट्टी' होना तय है। पाकिस्तान में भूख और कंगाली है। उसके करीब 95 फीसदी युवा बेरोज़गार हैं। गधे और भैंसें बेचकर पैसा जुटाया जा रहा है। प्रधानमंत्री सचिवालय की बिजली कटने की नौबत आ गई है, क्योंकि 41 लाख, 13 हजार रुपये से ज्यादा का बिल नहीं भरा गया। पाकिस्तान पर 7.31 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। उसका राजकोषीय घाटा 34 अरब डॉलर बताया जा रहा है। इन आर्थिक कंगालियों के बावजूद पाकिस्तान के मंत्री और खुद प्रधानमंत्री परमाणु युद्ध की बात दोहरा रहे हैं। मिसाइल परीक्षण पर पैसा बर्बाद कर रहे हैं। पाकिस्तान की तुलना में भारत की 1500 किमी रेंज वाली मिसाइल का प्रहार ही पर्याप्त रहेगा, जबकि हम अग्नि-6 की तैयारी कर चुके हैं, जिसकी मारक क्षमता 8000 किमी होगी। अब भी अग्नि-5 के दायरे में पूरा पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक और यूरोप का काफी हिस्सा है। हमारे पास एंटी बैलेस्टिक मिसाइल भी हैं, जो जल, थल, नभ से दुश्मन पर मार कर सकती हैं। पाकिस्तान की मिसाइलें सतह से सतह पर ही हमला करने में समर्थ हैं। ईश्वर न करे कि जंग की नौबत आए। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि भारत-पाकिस्तान में परमाणु युद्ध की नौबत आई, तो वह 1945 के जापान हमले से भी खौफनाक होगी। करीब 2 करोड़ लोग मरेंगे और 2 अरब लोग रेडिएशन से प्रभावित होंगे। यदि एक-एक

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल का मानना है कि भारत अपने नुकसान के बाद फिर खड़ा होने में सक्षम है, लेकिन पाकिस्तान का वजूद ही मिट जाएगा। अनुभव कहता है कि दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध की नौबत नहीं आएगी, लेकिन कश्मीर पर बौखलाए पाक को कौन समझाएगा?

करके तीन परमाणु हमले किए गए, तो 100 किमी तक तबाही हो सकती है, करीब 50 किमी तक रेडिएशन का प्रभाव होगा। जलवायु, पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित होंगे और खेत-खलिहान बंजर हो जाएंगे। यदि परमाणु बम 100 किग्रा का हुआ, तो पाकिस्तान में इस्लामाबाद, कराची, पेशावर आदि बड़े शहर बिल्कुल तबाह हो सकते हैं। बेशक नुकसान भारत का भी होगा, लेकिन उसके पास परमाणु हमले रोकने की प्रणालियां भी हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल का मानना है कि भारत अपने नुकसान के बाद फिर खड़ा होने में सक्षम है, लेकिन पाकिस्तान का वजूद ही मिट जाएगा। बहरहाल हमारा अनुभव कहता है कि दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध की नौबत नहीं आएगी,लेकिन कश्मीर पर पगलाए,बौखलाए पाकिस्तान को आखिर कौन समझाएगा?

क्यों बौखलाए इमरान खान

पड़ोस

प्रभात कुमार रॉय

अब तो इमरान खान के विरुद्ध पाक में विपक्ष एकजुट होकर कमर कसने लगा है। पाकिस्तान में आर्थिक हालात दिनों दिन बिगड़ते जा रहे हैं। आईएमएफ द्वारा पाक को प्रदान किए जा रहे छह खरब डॉलर के कर्ज पर भी खतरा मंडराने लगा है क्योंकि आईएमएफ द्वारा पेश की गई शर्तों को पाकिस्तान पूरा नहीं कर पा रहा है। इसलिए वे बौखलाए हुए हैं।

आर्थिक बदहाली और दिवालियापन के कगार पर खड़े हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान पांच अगस्त से बेहद बौखलाए हुए हैं। देश की अंदरुनी तक़लीफों और मसअलों से ध्यान हटाने के लिए पांच अगस्त को पाक प्रधानमंत्री द्वारा भारत को गंभीर सबक सीखा देने की धमकी दी गई। युद्धोन्माद से ग्रसित इमरान खान ने संकल्प प्रकट किया कि इन हालात में यदि जंग भी हुई तो हम खून के आखिरी कतरे तक लड़ेंगे। इमरान अफसोस प्रकट करते हैं कि भारत में मुस्लमान संकट में है और दुनिया ने इस पर चुप्पी साध ली है। इमरान खान की गहन पीड़ा समझिए कि कश्मीर विवाद पर एक भी मुस्लिम देश पाक के पक्ष में खड़ा नहीं हुआ है। तत्पश्चात पाक संसद का संयुक्त अधिवेशन बुलाया गया। संयुक्त अधिवेशन में भाषा देते हुए इमरान खान ने फरमाया कि हम कश्मीर के मसले को संयुक्त राष्ट्र में ले जाएंगे। इमरान खान द्वारा अपने दोस्त चीन की मदद से कश्मीर विवाद को यूएन सिक्योरिटी काऊंसिल में ले भी जाया गया। आखिकार क्या नतीजा निकला, चीन के अतिरिक्त यूएन सिक्योरिटी काऊंसिल के शेष 14 सदस्य राष्ट्रों ने कश्मीर विवाद पर पाक के नजरिए को नकार दिया। दुनिया पाकिस्तान के पाखंडी आचरण से बखूबी परिचित हो चुकी है। दशकों से वैश्विक आतंकवाद का गढ़ बन चुका, पाकिस्तान किस मुंह से निकला था, विश्व बिरादरी को समझाना चाह रहा है।

इमरान खान ने फरमाया कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को बताएंगे कि फासिज्म और नाजीवाद से प्रेरित नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा भारत में अल्पसंख्यकों के साथ किस तरह का सलूक किया जा रहा है। सर्वविदित है कि इमरान खान इन दलीलों का समूची दुनिया पर क्या प्रभाव पड़ा है? पाकिस्तान दुनिया के पटल पर और अधिक अलग-थलग पड़ गया है। संसद में इमरान खान अपने भाषण में कहते हैं कि भारत पर पुलवामा सरीखे आक्रमणों को दोहराया जा सकता है। इस तरह से दुनिया के समक्ष पाक प्रधानमंत्री द्वारा स्पष्ट तौर पर स्वीकार कर लिया गया कि पुलवामा में भारतीय सैनिकों हमले के पीछे पाक हुकूमत खड़ी थी और पाक हुकूमत द्वारा भारत ऐसे हमलों को भविष्य में दोहराया जाएगा। 22 अगस्त को अमेरिकन अखबार न्यूयार्क टाइम्स को साक्षात्कार देते हुए इमरान ख़ान ने कहा कि भारत के साथ पाकिस्तान कोई बातचीत नहीं करेगा। शुक्रवार 30 अगस्त को इमरान खान एक अमेरिकन अखबार में प्रायोजित लेख के माध्यम से कहते हैं कि परमाणु शक्ति से संपन्न भारत और पाक के मध्य कुछ भी घटित हो सकता है। वे परमाणु जंग की चेतावनी देते हुए फरमाते हैं कि हालात द्वितीय विश्वयुद्ध जैसे हो रहे हैं। अतः परमाणु युद्ध की भयानक आशंका में बिगड़े हुए हालत पर काबू पाने के लिए बातचीत की जाए किंतु बातचीत में कश्मीरियों को अवश्य ही शामिल किया जाना चाहिए। बौखलाए हुए इमरान खान महज एक सप्ताह के अंतराल में ही अपना नजरिया परिवर्तित कर देते हैं। 22 अगस्त को साक्षात्कार में कहते हैं कि कश्मीर विवाद पर भारत के साथ कोई बातचीत नहीं की जाएगी और 30 अगस्त को लिखते हैं कि बातचीत में कश्मीरियों को शामिल किया जाना चाहिए और साथ ही यूएन सिक्योरिटी काऊंसिल के मृत प्रस्ताव की लाश उठाए हुए इमरान खान कश्मिरियों के लिए आत्मनिर्णय का सवाल खड़ा करते हैं। यूएन सिक्योरिटी काऊंसिल द्वारा पेश किए गए कश्मीरियों के आत्मनिर्णय के प्रस्ताव को तो वर्ष 1948 पाकिस्तान द्वारा ही दफ़न कर दिया गया था। इसके पश्चात तो भारत और पाक के मध्य तीन बड़े युद्ध लड़े जा चुके हैं। बंगलादेश की जंग के पश्चात संपन्न हुए शिमला समझौते के तहत कश्मीर विवाद को तकरीबन सुलझा लिया गया था। अंततः पाक़ फौजी हुक्मरानों द्वारा शिमला समझौते को दफ़न कर दिया गया।

समस्त विश्व जानता है कि पाक कश्मीर को छल से हड़पना चाहता हैं। मजहबी जूनून पर निर्मित पाक को प्रारम्भ से यह तथ्य नहीं समझ आया कि पाक से सटी हुई मुस्लिम बहुल कश्मीर घाटी कैसे धर्मनिरपेक्ष भारत के साथ रह सकती है। इसी पीड़ा से पाक द्वारा अक्टूबर 1947 में कश्मीर पर हमला किया गया। चार युद्धों में पराजित होकर पाक हुक्मरॉन मजहबी धर्मान्धता से बाहर नहीं आ सके हैं। मुस्लमानों की इतनी फिक्र हुई होती तो तीस लाख बंगालियों का नृशंस कत्ल पाक फौज द्वारा कदापि अंजाम नहीं देती। बलूचिस्तान में भी मुस्लमान ही रहते हैं, जहां पाकिस्तानी फौज़ रोजना बम बरसाती रहती है। अब तो इमरान खान के विरुद्ध पाक में विपक्ष एकजुट होकर कमर कसने लगा है। पाकिस्तान में आर्थिक हालात दिनों दिन बिगड़ते जा रहे हैं। आईएमएफ द्वारा पाक को प्रदान किए जा रहे छह खरब डॉलर के कर्ज पर भी खतरा मंडराने लगा है क्योंकि आईएमएफ द्वारा पेश की गई शर्तों को पाकिस्तान पूरा नहीं कर पा रहा है। इसलिए वे बौखलाए हुए हैं।

राग दरबार

दलबदलुओं की चिंता

कांग्रेस समेत विभिन्न दलों के नेताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला ऐसा चला कि कई भाजपा में शामिल हो गए चाहे उन्हें इसके लिए राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा ही क्यों न देना पड़ गया हो। ऐसे सांसदों में कांग्रेस के संजय सिंह, भुवनेश्वर कलिता व संजय सेठ, सपा के नीरज शेखर तथा नागर शामिल रहे, जिनमें नीरज शेखर तो फिर राज्यसभा सदस्य बन गए, लेकिन बाकी को यही चिंता सता रही है कि उन्हें भी भाजपा किसी न किसी तरह उच्च सदन में खाली निर्वाचित करवा देगी। भाजपा उन्हें उसी तरह तोहफा देगी जिस प्रकार नारायण राणे व चौधरी बीरेन्द्रसिंह को दिया गया था। भाजपा की माने तो ऐसे दलबदुओं को भाजपा ने बिना शर्त पार्टी की सदस्यता दी है। उदाहरण के तौर पर तृणमूल कांग्रेस के मुकुल राय को राज्यसभा में आने के लिए दो साल से इंतजार करना पड़ रहा है और बीजद के नेता वैजयंत पांडा भाजपा में आकर लोकसभा चुनाव हार गए।

विपक्ष बेचैन

कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान की भाषा बोल रहे कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को शायद अभी भी यह यकीन है कि विपक्ष का दबाव बना तो शायद कश्मीर से धारा 370 खत्म करने के निर्णय को वापस हो सकता है। यदि विपक्षी ऐसा मानकर इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं तो यह उनकी गलत फहमी है। जम्मू-कश्मीर अमन चैन के साथ इस कदम को लेकर जहां दुनिया के देश सराहना कर रहे हैं, वहीं पाकिस्तान में मची हायतौबा के साथ अपने देश में ही विपक्षी दलों की बेचैनी को सोशल मीडिया पर साफतौर से देखा जा सकता है। खासकर राहुल गांधी की नादानी, कांग्रेस की हैरानी और परेशानी यह संदेश दे रही है कि उन्हें कश्मीर घाटी में अमन-चैन कतई बर्दाश्त नहीं है!

माननीयों का सम्मान

नौकरशाहों और जनप्रतिनिधियों के बीच दूरी आने वाले वक्त में कम होती हुई नजर आ सकती है। कुछ प्रदेश सरकारों ने बाबूओं को वह मौखिक निर्देश दिया है कि वे जनता के नुमाइंदों के साथ सहयोग की भावना से मिलें और पूरे आदर व सम्मान के साथ पेश आएं। बेवजह अपने पद का गुमान दिखाने से बचें। ऐसा इसलिए किया गया है। क्योंकि पहले अक्सर यह देखने को मिलता था कि सरकारी दफ्तरों में सार्वजनिक कार्यों को पूरा कराने के मकसद से जाने वाले पार्षदों, विधायकों व सांसदों से अधिकारी बात करने से बचते हैं उन्हें लंबा इंतजार कराते हैं या कई मौकों पर जरुरी मीटिंग का हवाला देकर बैरंग भी लौटा देते हैं। अब चीजें बदलेंगी जिसकी शुरुआत जम्मू-कश्मीर और राजस्थान से हो चुकी है।

मुसीबत में माया

आय से अधिक संपत्ति व ताज कोरीडोर मामले में भले ही मायावती को राहत मिल गई हो, लेकिन उनके भाई आनंद अब उनके लिए नई मुसीबत बन गए हैं। आनंद लंबे समय से आयकर विभाग के निशाने पर थे। अब वे सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर भी आ गए हैं। मायावती को भी इसका अंदाजा है। लिहाजा माया भाजपा को साधने में जुट गई हैं। उनके सुर बदले हुए हैं। कश्मीर से धारा 370 खारिज होने के बाद जब पूरा विपक्ष विरोध कर रहा था तो अकेले माया ही थी जो भाजपा के सुर में सुर मिलाए हुए थी। बावजूद उनकी मुसीबत कम नहीं हुई। हाल ही में उनके भाई आनंद की आयकर विभाग ने 400 करोड़ की बेनामी संपत्ति जब्त की है और बताया रहा है कि अभी 1000 करोड़ की संपत्ति निशाने पर है। ऐसे में अगर आनंद पर कानूनी शिकंजा कसता है तो बात मायावती तक भी जाएगी। अब देखना यह है कि उन्हें राहत मिलती है अथवा चिदंबरम की तरह कसता शिकंजा उन्हें जेल तक ले जाकर ही दम लेता है।

चर्चा में नृपेंद्र

कहने को नृपेंद्र मिश्र ने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके प्रधान निजी सचिव पद से मुक्त करने का आग्रह किया है, लेकिन अंदरखाने कई बातें चर्चा में हैं। बताया जा रहा है कि लोस चुनाव के समय उन्होंने अपने बेटे साकेत के लिए देवरिया अथवा श्रावस्ती से टिकट देने की मांग की थी और पार्टी ने उन्हें आश्वस्त भी कर दिया था। यही कारण था कि साकेत ने अपनी विदेश की नौकरी छोड़कर श्रावस्ती में डेरा डाल दिया था और 50 से ज्यादा सभाएं भी कर डाली थी। लेकिन बाद में उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया और आश्वस्त किया की आगे उन्हें समायोजित करने पर विचार किया जाएगा। अब जब मोदी सरकार दूसरी बार सत्ता में आ गई तो वे अपने बेटे को समायोजित करने का आग्रह करने लगे। बताया जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व ने कह दिया कि वे खुद बड़े पर हैं और अगर बेटे को भी कोई पद दिया तो खराब संदेश जाएगा। लिहाजा वे तय कर लें कि उन्हें सत्ता में रहना है अथवा बेटे को समायोजित कराना है। माना जा रहा है कि इसी के चलते नृपेंद्र मिश्र ने अपना पद छोड़कर बेटे का रास्ता साफ करने की कोशिश की है। अब देखना यह है कि पार्टी साकेत को कब मौका देती है।

-हरिभूमि ब्यूरो

सूची जारी करने के केन्द्र सरकार के फैसले को सराहा

एनआरसी के समर्थन में शिवसेना मुम्बई में भी लागू करने की मांग

मुंबई। असम में नेशनल सिटिजन रजिस्टर (एनआरसी) की अंतिम लिस्ट शनिवार को आने के बाद शिवसेना ने मुंबई में भी एनआरसी लागू करने की मांग की है। शिवसेना के नेता अरविंद सावंत ने कहा है कि मुंबई में भी एनआरसी लागू करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि हमने भी अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों का मुद्दा उठाया है। शिवसेना नेता अरविंद सावंत ने शनिवार को कहा कि पहले असम में कामयाब होने के बाद मुंबई में भी एनआरसी को लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि असम में एनआरसी के जरिये अब यह पता चलेगा कि वहां बाहर के कितने लोग रहते हैं। एनआरसी सूची जारी करने का निर्णय सरकार का सराहनीय कदम है। यह देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए यह जरूरी है। बता दें कि पूर्वोत्तर राज्य असम में आज नेशनल सिटिजन रजिस्टर यानी एनआरसी की अंतिम लिस्ट जारी कर दी गई है।

सोनिया गांधी के आवास पर एनआरसी को लेकर हुई बैठक

एनआरसी की अंतिम सूची आने के बाद कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि एनआरसी की मौजूदा स्थिति से राज्य का हर वर्ग नाराज है और देश के वास्तविक नागरिकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। एनआरसी की अंतिम सूची आने के बाद पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर इस मुद्दे को लेकर बैठक हुई जिसमें पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर से ताल्लुक रखने वाले वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि देश के वास्तविक नागरिकों के हितों की रक्षा होनी चाहिए। असम से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई ने कहा कि असम का हर वर्ग एनआरसी की स्थिति से नाराज है।

एनआरसी जारी होने के बाद मिजोरम में बढ़ाई गई सुरक्षा

आइजोल। पड़ोसी राज्य असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की अंतिम सूची जारी किये जाने के मद्देनजर शनिवार को मिजोरम में सुरक्षा बढ़ाई गई। 123 किमी लंबी मिजोरम-असम सीमा के साथ-साथ मिजोरम के पुलिस थानों और सीमा चौकियों पर सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ अलर्ट जारी किया गया है।

एनआरसी सूची से छूटे भारतीय नागरिकों को सरकार कानूनी मदद उपलब्ध करायेगी: मंत्री

गुवाहाटी। असम सरकार ने शनिवार को दावा किया कि कई वास्तविक भारतीय राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की अंतिम सूची से छूट गये है लेकिन उन्हें घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि उनके पास विदेशी न्यायाधिकरण (एफटी) में अपील करने का विकल्प उपलब्ध है। असम के संसदीय कार्य मंत्री चन्द्रमोहन पटवारी ने कहा कि सरकार एनआरसी सूची में स्थान नहीं पाने वाले भारतीय नागरिकों को कानूनी मदद उपलब्ध करायेगी।

एनआरसी से बांग्ला भाषी लोग प्रभावित हुए: ममता

कोलकाता। असम में बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण (एनआरसी) की अंतिम सूची शनिवार को सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। बनर्जी ने ट्विटर पर अपना गुस्सा जाहिर किया और दावा किया कि इससे बांग्लाभाषी लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

गृह मंत्री शाह से इंटरपोल के महासचिव स्टॉक ने की मुलाकात

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग का दिया भरोसा

नई दिल्ली। भारत दौरे पर आए इंटरपोल के महासचिव जुर्गेन स्टॉक ने शनिवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने गृह मंत्री को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इंटरपोल की तरफ से हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने गृहमंत्री को आतंकवाद के दिखाई गई प्रतिबद्धता के लिए शुक्रिया कहा। मुलाकात के दौरान गृह मंत्री शाह ने दिल्ली में इंटरपोल महासभा की मेजबानी का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि 2022 में भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाएगा। उन्होंने उसी साल

दिल्ली में इंटरपोल महासभा की मेजबानी की पेशकश की। इसके अलावा गृह मंत्री ने इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सपोर्ट और सहयोग की बदौलत भारत को इंटरपोल ग्लोबल अकैदमी का क्षेत्रीय गढ़ बनाने की इच्छा जाहिर की।

बैठक में कानून से बच रहे भगोड़ों के खिलाफ कार्रवाई करने पर दिया जोर

इससे पहले इंटरपोल के महासचिव जुर्गेन स्टॉक ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह सचिव एक. के. भल्ला से मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस दौरान आतंकवाद फैलाने के आरोपी जाकिर नाईक सहित अन्य के खिलाफ लंबित रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। नाईक अभी मलयेशिया में है। अधिकारियों ने बताया कि भल्ला ने स्टॉक के साथ हुई 30 मिनट की बैठक में भारतीय कानून से बच रहे भगोड़ों के खिलाफ लंबित रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करने की जरूरत पर जोर दिया।

कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार लगातार दूसरे दिन ईडी के सामने पेश हुए

नई दिल्ली। कर्नाटक से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डी के शिवकुमार धन शोधन के एक मामले में लगातार दूसरे दिन शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह यहां स्थित ईडी मुख्यालय में पेश हुए। अधिकारियों ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामले के जांच अधिकारी ने शुक्रवार को 4 घंटे तक उनसे पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। शिवकुमार से आज दस्तावेजों के साथ कई सवाल पूछे जाने की उम्मीद है। बेंगलुरु से यहां पहुंचने के बाद शुक्रवार को अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, कनकपुरा के विधायक शिवकुमार ने कहा कि वह ईडी की जांच में सहयोग करेंगे। उन्होंने ईडी कार्यालय के बाहर संवाददाताओं से कहा, ''यह मेरा कर्तव्य है (पेश होना)... मैं कानून का सम्मान करता हूं।

खबर संक्षेप

कर्नाटक में सावदी को डेप्युटी सीएम बनाने पर भड़की कांग्रेस महिलाएं कार्यकर्ता

बेंगलुरु । कर्नाटक में पिछले दिनों बीएस येदियुरप्पा के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार में विधानसभा के अंदर पॉर्न देखते पकड़े गए लक्ष्मण सावदी को डेप्युटी सीएम बनाए जाने पर कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता आगबबूला हो गई हैं। उन्होंने प्रदर्शन करके सावदी को हटाए जाने की मांग की है। राज्यपाल वजुभाई वाला ने पिछले दिनों लक्ष्मण सावदी समेत 17 मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से डेप्युटी सीएम लक्ष्मण पाटिल को हटाए जाने की मांग की। कांग्रेस नेता पुष्पा अमरनाथ ने कहा, 'वर्ष 2012 में पाटिल राज्य विधानसभा के अंदर पॉर्न देखते पकड़े गए थे।

शिवसेना कार्यकर्ताओं की मांग, वर्ली से चुनाव लड़ें आदित्य ठाकरे

मुंबई। शिवसेना नेता अनिल परब ने शनिवार को कहा कि पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता चाहते हैं कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के पुत्र और युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे मुंबई के वर्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ें। महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। आदित्य ठाकरे परिवार से चुनाव लड़ने वाले पहले सदस्य होंगे। कयास लगाए जा रहे हैं कि 29 वर्षीय ठाकरे चुनाव लड़ सकते हैं। इसके अलावा पार्टी के कुछ नेता उन्हें पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार भी मान रहे हैं। परब ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि कल, विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वर्ली में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

जेएनयूएसयू चुनाव: कार्यक्रम में शामिल हुए हार्दिक पटेल

जेएनयू की चुनाव समिति ने एनएसयूआई को कारण बताओ नोटिस किया जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेएनयू की चुनाव समिति ने कांग्रेस से संबद्ध एनएसयूआई को चुनाव प्रचार के एक कार्यक्रम में हार्दिक पटेल के शामिल होने के बाद शनिवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के आगमी चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है और नियमों के अनुसार कोई भी बाहरी व्यक्ति पार्टियों के लिए प्रचार नहीं कर सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की जेएनयू इकाई ने गुजरात के कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल को अपने ''मशाल जूलूस'' के लिए आमंत्रित करने की अनुमति मांगी थी, लेकिन चुनाव समिति ने इसे अस्वीकार कर दिया।

24 घंटों में जवाब नहीं दिया तो होगा नामांकन रद्द

पार्टी ने शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में गंगा ढाबा से चंद्रभागा छात्रावास तक ''मशाल जूलूस'' निकाला। एनएसयूआई ने यहां तक कि इस कार्यक्रम के लिए जो निमंत्रण-पत्र बांटे थे, उनमें कहा गया था कि इसे पटेल संबोधित करेंगे। चुनाव समिति के एक सदस्य ने कहा कि पार्टी को पहला कारण बताओ नोटिस शुक्रवार को जारी किया गया था और उसने इसका जवाब देते हुए कहा कि उसे यह नहीं पता कि पटेल वहां कैसे मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया और हमने शनिवार को उन्हें दूसरा कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्हें अगले 24 घंटों के भीतर इसका जवाब देना होगा। यदि उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनका नामांकन रद्द कर दिया जाएगा।

जमीयत प्रमुख मदनी ने की भागवत से मुलाकात

हिन्दू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच हिन्दू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने और भीड़ द्वारा हत्या की घटनाओं (मॉब लिंचिंग) सहित कई मुद्दों पर बातचीत हुई। जमीयत से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दोनों की यह मुलाकात शुक्रवार रात संघ के दिल्ली स्थित कार्यालय केशव कुंज में करीब डेढ़ घन्टे तक चली। एक सूत्र ने बताया कि दोनों की मुलाकात की भूमिका लंबे से तैयार हो रही थी और इसके लिए भाजपा के पूर्व संगठन महासचिव राम लाल मुख्य रूप से प्रयासरत थे।

सांप्रदायिक सद्भाव के बिना हमारा देश बड़ी ताकत नहीं बन सकता

मौलाना मदनी ने आरएसएस प्रमुख से कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता और सांप्रदायिक सद्भाव के बिना हमारा देश बड़ी ताकत नहीं बन सकता। उन्होंने भीड़ द्वारा हत्या, घृणा अपराधों की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत पर भी जोर दिया। एनआरसी और कुछ अन्य मुद्दों पर भी बात हुई।''

फड़णवीस ने उड़ाया कांग्रेस-राकांपा का मजाक

कहा- चुनाव के बाद वीबीए से हो सकता है नेता प्रतिपक्ष

एजेंसी ▶▶ नांदेड़

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने कांग्रेस और राकांपा का मजाक उड़ाते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें लगता है कि राज्य के विधानसभा चुनाव के बाद नेता प्रतिपक्ष वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) से हो सकता है। कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कई नेता सत्तारूढ़ भाजपा-शिवसेना गठबंधन में जा चुके हैं। वंचित बहुजन अघाड़ी का गठन भारिप बहुजन महासंघ नेता प्रकाश आंबेडकर और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन औवेसी ने इस साल हुए लोकसभा चुनाव से पहले किया था। वीबीए को राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से सिर्फ एक सीट पर ही जीत मिली थी। लेकिन उसे बड़ी संख्या में वोट

मिलने का बाद कांग्रेस और राकांपा ने कहा था कि इससे भाजपा को फायदा हुआ। कांग्रेस और राकांपा ने वीबीए को भाजपा की बी टीम करार दिया था। फड़णवीस से जब यहां संवाददाता सम्मेलन में इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वंचित बहुजन अघाड़ी को भाजपा की 'बी' टीम करार देने वाली कांग्रेस-राकांपा खुद ही भाजपा की 'बी' टीम बन रही हैं और वंचित बहुजन अघाड़ी 'ए' टीम बनती जा रही है।

चुनाव आयोग का मतदाता सत्यापन कार्यक्रम आज से शुरू

नई दिल्ली। चुनाव आयोग का नया बृहद् मतदाता सत्यापन कार्यक्रम (ईवीपी) देशभर में एक सितम्बर से शुरू होगा। इसमें मतदाता सूची को क्राउड सोर्सिंग (जन भागीदारी) के माध्यम से अद्यतन किया जाएगा। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) रणबीर सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कार्यक्रम के तहत हर परिवार से एक मतदाता को यूजर नेम और पासवर्ड मिलेगा जिससे वह मतदाता पंजीयन से जुड़े सारे दस्तावेज अपलोड करेगा और अपने या अपने परिवार के बारे में इस तरह का ब्यौरा उसमें डालेगा। उन्होंने कहा कि इन ब्यौरा की पुष्टि प्रखंड स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) करेंगे और इस तरह से काफी समय बचेगा। इस विचार का मकसद मतदाताओं को मतदाता सूची ब्यौरा का आकलन करने, स्वयं सत्यापन करने और अगर कोई गलती रह गई तो उसे दुरूस्त करने के लिए सशक्त बनाना है।

अलवर में फिर युवक की मॉब लिंचिंग पुलिस ने बचाया तो उन्हें भी पीटा

राजस्थान। मॉब लिंचिंग के लिए देशभर में बदनाम हो चुके अलवर जिले में शनिवार को एक बार वैसी ही बड़ी वारदात सामने आई है। यहां भीड़ में शामिल करीब 100 से ज्यादा लोगों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर डाली। अलवर में फिर युवक की मॉब लिंचिंग, पुलिस ने बचाया तो उन्हें भी पीटा अलवर में भीड़ की शिकार हुआ हाकिम। यहां करीब 100 लोगों की भीड़ ने उसे दबोच लिया और जबर्दस्त तरीके से उसकी पिटाई की। पीड़ित युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हैड कांस्टेबल ने दिखाई बहादुरी

भीड़ जब हाकिम की पिटाई कर रही थी तो सदर थाने के हैड कांस्टेबल सुंदर सिंह ने बहादुरी दिखाते भीड़ से युवक को बचा लिया। लेकिन इस दौरान भीड़ ने कांस्टेबल सुंदर सिंह को भी लात घूसे मारे। फिर भी कांस्टेबल ने युवक हाकिम को उनसे बचा लिया।

पीड़ित के पर्चा बयान पर दर्ज हुआ मामला

डीएसपी ग्रामीण सपाट खान ने बताया कि एक युवक की भीड़ के द्वारा पिटाई की गई है। उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पर्चा बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

अलवर के सदर थाना इलाके में हुई वारदात

जानकारी के अनुसार मॉब लिंचिंग की यह वारदात अलवर के सदर थाना इलाके के पापड़ी मोड़ पर दोपहर में हुई। अलवर-भिवाड़ी मार्ग पर भीड़ ने हरियाणा नंबर की एक कार में सवार युवक को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान कार में सवार दो लोग भागने में कामयाब हो गए। जबकि गाड़ी चालक हरियाणा के पुन्हाना के सिकरावा गांव निवासी हाकिम अली की 100 से अधिक लोगों की भीड़ ने पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने घायल हाकिम अली को भीड़ से छुड़वाकर अलवर के राजीव गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहां ट्रोमा सेंटर में उसका उपचार चल रहा है।

कार्यक्रम...

नई दिल्ली में शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस और डॉ. आरएमएल हॉस्पिटल द्वारा आयोजित इंस्पिरेशन लेक्चर सीरीज़ 'स्पार्क' के दौरान अपना संबोधन देते कपिल देव।

डीजीसीए ने तीन माह के लिए पायलट को किया निलंबित

नई दिल्ली। विमानन नियामक डीजीसीए ने हवाई यातायात

नियंत्रक (एटीसी) के निर्देश को समझने में चूक करने वाले स्पाइसजेट के एक पायलट को शनिवार को तीन माह के लिए निलंबित कर दिया। सूरत-मुंबई मार्ग पर संबंधित उड़ान के प्रथम अधिकारी की भूमिका निभा रहे इस पायलट के कारण विमान बिना बारी के हवाई पट्टी पर आ गया था। इस पायलट ने विमान के पायलट-इन-कमांड (पीआईसी) को नियंत्रण कक्ष के संदेश को लेकर गलत सूचना दे दी । और इस कारण स्पाइसजेट का वह विमान अनधिकृत रूप से मुंबई हवाई अड्डे पर उतर गया।

यह देशभर के कॉलेज छात्रों को करेगी प्रोत्साहित: रविशंकर

'बिल्ड फॉर डिजिटल इंडिया' के लिए गूगल, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने 'बिल्ड फॉर डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम चालू करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ समझौता किया है। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में बताया कि यह कार्यक्रम इंजीनियरिंग छात्रों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराएगा जहां वह सामाजिक समस्याओं से निपटने वाले प्रौद्योगिकी आधारित बाजार के लिए तैयार समाधान को विकसित कर सकेंगे। बयान में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद के हवाले से कहा गया है कि यह पहल ना केवल देशभर के कॉलेज छात्रों को प्रोत्साहित करेगी बल्कि देश की कुछ बड़ी सामाजिक चुनौतियों के लिए कुछ अच्छे प्रौद्योगिकी समाधान भी पेश करेगी। कंपनी ने कहा कि इसके तहत देशभर से इंजीनियरिंग छात्रों को स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, स्मार्ट सिटी एवं अवसंरचना, पर्यावरण, दिव्यांगता एवं पहुंच और डिजिटल साक्षरता जैसे विषयों पर उनके विचार और समाधान पेश करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। बयान के मुताबिक इसके तहत प्रतिभागी मशीन लर्निंग, क्लाउड और एंड्राइड जैसी नयी प्रौद्योगिकियों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन सीखने के अवसरों को लाभ उठा सकेंगे।

अमृता प्रीतम की 100वीं जयंती पर डूडल बनाकर गूगल ने दी श्रद्धांजलि

सर्च इंजन गूगल ने कवयित्री एवं लेखिका अमृता प्रीतम की 100वीं जयंती पर शनिवार को डूडल बनाकर उन्हें याद किया। पंजाबी कविता 'अज्ज आखां वारिस शाह नूं' के लिए मशहूर एवं 20सदीं की जानी मानी लेखिका का जन्म 31 अगस्त 1919 को पंजाब प्रांत के गुजरांवाला में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। वह बंटवारे के बाद भारत आ गई थीं। डूडल में प्रीतम पंजाबी सलवार सूट पहने हाथ में डायरी लिए उससे कलम पर कुछ लिखती नजर आ रही हैं और उनके पास में गुलाब का एक गुच्छा पड़ा है। प्रीतम की 1936 में करीब 17 वर्ष की उम्र में किताब छप गई थी। 'ब्लैक रोज', 'रसीदी टिकट' सहित उनकी कई किताबों का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया। उनकी मशहूर किताब 'पिंजर' पर 2003 में फिल्म भी बनाई गई और इसे कई पुरस्कार भी मिले।

हिमाचल प्रदेश पर 49 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज: ठाकुर

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शनिवार को राज्य विधानसभा को सूचित किया कि राज्य पर 49,096 करोड़ रुपये का कर्ज है। ठाकुर ने जगत सिंह नेगी, राजेंद्र राणा और रमेश चंद धवाला के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राज्य का कर्ज 2017 में 46385 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने इस वर्ष 31 जुलाई तक 2711 करोड़ रुपये का शुद्ध कर्ज लिया। इसलिए कर्ज का बोझ अब बढ़कर 49,096 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य पर बोझ 2007 और 2012 में क्रमशः 19,977 और 27,598 करोड़ रुपये था। ठाकुर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 2013 से 2017 के बीच अपने पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान कुल 18,787

करोड़ रुपये का कर्ज लिया। मुख्यमंत्री ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों का इस वर्ष 31 जुलाई तक का आंकड़ा पेश करते हुए कहा कि 11,329 करोड़ रुपये का कुल कर्ज लिया गया। इसमें से 6,517 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कर्ज का भुगतान करने के लिए किया गया। उधर, विपक्षी कांग्रेस के सदस्यों ने राज्य में भारी वर्षा से हुए नुकसान पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस विधानसभाध्यक्ष द्वारा स्वीकार नहीं करने के बाद सदन से बहिर्गमन किया।

पहले दिन साहो ने कमाए 68 करोड़ रुपए ...

मुंबई। प्रभास और श्रद्धा कपूर की फिल्म साहो इस शुक्रवार, 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। बाहुबली फ्रैंचाइजी के बाद ये प्रभास की पहली फिल्म है और इसकी चर्चा शुरुआत से ही फैंस के बीच होती आ रही है। हालांकि, फिल्म रिलीज होने के बाद इसे मिक्स रिव्यू मिल रहे हैं। साहो को हिंदी, तमिल, मलयालम और तेलुगू भाषा में रिलीज किया गया है। फिल्म ने रिलीज के पहले ही दिन आलओवर 68 करोड़ रुपए की बंपर कमाई की है। वहीं, फिल्म का ग्रॉस बिजनेस 100 करोड़ रहा है। 350 करोड़ रुपए में बनने वाली फिल्म साहो का इंतजार फैंस को बेसब्री से था।

लाइफ Style

जाह्नवी

असली व फिल्मी गुंजन की शेयर की फोटो

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'गुंजन सक्सेना' के जरिए एक बहादुर पायलेट की कहानी लेकर बड़े पर्दे पर आ रही है। जाह्नवी ने अपनी आने वाली फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द करगिल गर्ल' का फर्स्ट लुक हाल ही में सोशल मीडिया पर रिलीज किया है।

इस फिल्म का प्रोडक्शन करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन ने किया है। शनिवार को जाह्नवी ने अपनी असली गुंजन सक्सेना के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। गुंजन सक्सेना भारतीय सेना की पायलेट हैं, जिन्होंने 1999 में हुए करगिल युद्ध में घायलों को बचाने की मुहिम चलाई थी। गुंजन सक्सेना और उनके साथी श्री विद्या को कश्मीर के उस इलाके में भेजा गया था जहां पाकिस्तानी सैनिक, भारतीय सैनिकों पर हमला कर रहे थे। आज (शनिवार) गुंजन सक्सेना का जन्मदिन है और उन्हें बधाई देते हुए जाह्नवी ने एक पोस्ट लिखा है। जाह्नवी ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे गुंजन मैम। मुझे बहादुरी और कठिन परिश्रम का सही अर्थ समझाने के लिए और देश की लाखों लड़कियों के लिए नया रास्ता बनाने के लिए आपका शुक्रिया। आप बिना कोशिश के भी एक प्रेरणा हैं, हीरो हैं। आपकी कहानी ने मुझे खुद में विश्वास करना सिखाया और उम्मीद करती हूं कि बाकी भी प्रेरित हों।' बता दें कि दो दिन पहले इस फिल्म का फर्स्ट लुक जारी करते हुए तीन नए पोस्टर रिलीज किए गए हैं। एक पोस्टर में जाह्नवी हाथ में कागज का हवाई जहाज लिए और रंगबिरंगे के स्वेटर में नजर आ रही हैं।

हॉलीवुड मसाला

2022 में आएगा ब्लैक पैंथर 2

लॉस एंजिलिस। मार्वल स्टूडियो इन दिनों काफी चर्चा में हैं। हाल ही में मेकर्स ने अपने नए सुपरहीरो 'शी हल्क','मिस मार्वेल' और 'मून नाइट' को लांच करने की घोषणा की है। इसके साथ अब स्टूडियो ने साल 2018 में आई फिल्म ब्लैक पैंथर के सीक्वल की घोषणा भी कर दी है। मार्वल स्टूडियो ने शनिवार को आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर घोषणा करते हुए लिखा- 'रयान कूगलर ब्लैक पैंथर 2 में लौट रहे हैं, ये फिल्म साल 2022 में 6 मई को रिलीज होगी।'

'ब्लैक विडो' का पोस्टर रिलीज

लॉस एंजिलिस। इस साल जुलाई महीने में मार्वेल स्टूडियोज ने अपने कई सारे प्रोजेक्ट्स का एलान किया था। हॉलीवुड की फिल्में 'आयरन मैन 2' और 'द एवेंजर्स' में मार्वेल कॉमिक्स का प्रसिद्ध चरित्र 'ब्लैक विडो' भी इसी प्रोजेक्ट में से एक था। अब इस फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है। ब्लैक विडो के इस नए पोस्टर में स्कारलेट जोहानसन अलग ही अंदाज में नजर आ रही हैं। स्कारलेट ने सुपरहीरो किरदार के लिए जो कॉस्टयूम पहना है वह कमाल का है। फिल्म ब्लैक विडो 1 मई 2020 को रिलीज होगी। पोस्टर में फिल्म के अन्य प्रमुख किरदार भी हैं, जिनमें फ्लोरेंस, रशेल वीज और डेविड हार्बर शामिल हैं।

खुलकर जिंदगी नहीं जी पा रही मिया...

लॉस एंजिलिस। एडल्ट फिल्म इंडस्ट्री की स्टार रह चुकीं मिया खलीफा अब इंडस्ट्री से अलग हो चुकी हैं। लेकिन तीन साल बीत जाने के बावजूद वे आज भी खुलकर जिंदगी नहीं जी पा रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में मिया ने इंडस्ट्री में अपने अनुभव पर खुलकर बात की। मिया ने बताया कि एडल्ट फिल्म इंडस्ट्री में काम करने का उनका एक्सपीरियंस बहुत खराब रहा है। उन्होंने कहा, एडल्ट फिल्म इंडस्ट्री में मेरे अनुभव से जुड़े एक इंटरव्यू के बाद कई लोग मुझसे संपर्क करने लगे। कई ई-मेल्स आए। मेरे मैनेजर इस तरह के विषय से जुड़े स्टफ चेक करते, फिल्टर करते और फिर मुझे भेजते थे। मिया ने बताया, जिस्मफरोशी या फिर इस इंडस्ट्री में जबरदस्ती लाई गई ऐसी लड़कियां जिनकी जिंदगी खराब हो गई है या फिर जिनकी जिंदगी पुरुषों ने खराब कर दी है।



83 के लंदन शेड्यूल की शूटिंग खत्म

मुंबई। रणवीर सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 83 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म 1983 वर्ल्डकप विजेता टीम पर आधारित है। फिल्म में रणवीर सिंह, पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल देव का रोल प्ले करते नजर आएंगे फिल्म की शूटिंग काफी दिनों से लंदन में चल रही थी। इस दौरान की तस्वीरें रणवीर खुद साझा करते रहते थे जिसमें वे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ बातचीत करते नजर आते थे। फिल्म के लंदन शेड्यूल की शूटिंग खत्म हो गई है। रणवीर ने सोशल मीडिया पर ये बात साझा की है। रणवीर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वे चीयर्स करते नजर आ रहे हैं। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा- ऑडिएंस, 83 के एक शेड्यूल की शूटिंग खत्म। चीयर्स।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

बंगाल का जादू करेगा चमत्कार
हमसे पहले काम करने वाले को मुँह मांगा ईनाम
2 घंटे में समाधान
गोल्ड मेडलिस्ट
बाबा खान बँगाली
9872207873
कारोबार, गृहक्लेश जादू टोना वशीकरण करवाओ/तुड़वाओ खोया प्यार पाओ, दुश्मन सौतन तड़पाओ, मुठकरनी
आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा My Promise
सभी जटिल समस्याओं का समाधान गारन्टी स्टाम्प लिखित
मिलें : जी.टी. रोड, पुल के नीचे (समालखा, पानीपत)

अद्भुत चमत्कार वर्ल्ड फेमस 3 घण्टो में
घर बैठे तुरन्त समाधान पायें (मास्टरजी) जादू-टोना, स्पेशलिस्ट वशीकरण, मनचाहा प्यार सौतन/दुश्मन से छुटकारा किया कराया कारोबारी रुकावट, मूठकरनी, प्यार में धोखा खायें प्रेमी-प्रेमिका इधर उधर ना भटके काम होगा इधर रूहानी एवं काले इल्म के माहिर
सूफी हसन जी
9917255848

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
11 साल से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में निश्चित समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
9997322441
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
11 साल से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

ज्योतिष चन्द्रिका केवल इन्सान
जैसे से नहीं मिलने से कष्ट दूर होंगे कर लें प्रेमी, प्रेमिका, पत्नी मुट्ठी में यंत्र तंत्र ही तुरन्त असर शुरू
GOLD MEDALIST
गुरू राज भारती
11 घन्टो में तुरन्त समाधान (कई फैमस)
9697730004
कारोबार, गृह क्लेश, वशीकरण, करवाओ तुड़वाओ, दुश्मन सौतन तड़पाओ जैसी जटिल समस्या का समाधान लिखकर लो प्यार में धोखा खाए प्रेमी-प्रेमिका सम्पर्क करें
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरनी, खोया प्यार
मन में सच्ची श्रद्धा लेकर ही फोन करें।
संजय चौक, चांदनी बाग, पानीपत

टावर

☛ गैलक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G, टॉवर लगवायें। आईडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टॉवर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 50 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगों को नौकरी। सम्पर्क करें। 76689-16707

आवश्यकता

☛ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं-ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियां (25,500 - 74500) सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-63349

☛ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं-ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियां (25,500 - 74500) सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 74286-36972, 96397-45866

☛ वन विभाग को आवश्यकता है जिलेनुसार 450 लड़के-लड़कियां योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट सैलरी 23500/- रहना+ खाना फ्री इच्छुक व्यक्ति नाम पता शहर पिनकोड SMS करें- 7705081353

लोन

☛ श्रीराम फाइनेंस नेशनल अवार्ड विजेता मुद्रा योजना अंतर्गत 500000 से 50,00,000 तक प्रॉपर्टी, मार्कशीट, पर्सनल, आधारकार्ड लोन 2% ब्याज 40% छूट (काम हमारा विश्वास आपका) महिलाओं हेतु छूट 94078-89327

टॉवर

☛ अग्रवाल टॉवर (Regd) अपनी खाली जमीन, प्लॉट, छत पर Idea / Airtel / Jio 4G के डिजिटल टॉवर लगवायें एडवांस 70 लाख, किराया 45000/- + 1 नौकरी सैलरी 25000/- (Reg. fees 1100/-) # 095480-94986, 093686-30997

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

टॉवर

☛ Hi-Tech टावर (Regd) कम्पनी द्वारा अपनी खाली जमीन, प्लॉट, छत, खेत पर सभी कम्पनी के 4G/5G डिजिटल टावर लगवायें एडवांस 60 लाख, किराया 40000/- + 2 नौकरी सैलरी 20,000/- # 081006-18456, 088149-98118

केले पर शहद लगाकर मुंहासों पर हल्के हाथों से करें मसाज

खूबसूरती का वरदान केले के छिलके फेकें नहीं ऐसे करें इसका इस्तेमाल

केला एक ऐसा फल है जो विटामिन, मिनरल्स और प्रोटीन से भरपूर होता है। वजन चाहे बढ़ाना हो या घटाना हो, केले के नुस्खे ही काम आते हैं।

नई दिल्ली। फल तो अक्सर ही बड़े चाव से खाया जाता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि केले के छिलके में भी कमाल के गुण छिपे हैं। अगर आप अभी तक केले के छिलके कचरा समझकर फेंक रही थीं तो अगली बार ऐसा न करें। क्योंकि सिर्फ छिलके में इतने फायदे छिपे हैं जो शायद आप जानती भी नहीं होंगी। इसमें मौजूद विटामिन, कार्बोहाइड्रेट, एंटीऑक्सीडेंट और पौटेशियम जैसे तत्व आपकी त्वचा के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं।

तो आइए जानते हैं केले के छिलके में छिपे फायदों के बारे में:-

- अगर आप मुंहासों से परेशान हैं, तो केले के छिलके आपकी मदद कर सकते हैं। इसके लिए केले के छिलके पर शहद लगाकर मुंहासों पर हल्के हाथों से मसाज करें और थोड़ी देर बाद चेहरा धो लें।

- ब्लैकहेड की समस्या के लिए भी केले के छिलके का उपयोग किया जा सकता है। इसे मसलकर इसमें आधा छोटा चम्मच नींबू का रस और चुटकीभर बेंकिंग पाउडर मिला लें। फिर ब्लैकहेड वाले हिस्से पर इसे 10 मिनट के लिए लगाएं और फिर धो लें।
- दातों का पीलापन दूर करने में भी ये काफी असरदार साबित होता है। करीब एक हफ्ते तक रोज़ सुबह एक केले के छिलके को दांतों पर अच्छी तरह रगड़ें फिर कुल्ला कर लें।
- आंखों के नीचे काले घेरे से परेशान हैं तो इन पर भी केले के छिलके लगा सकते हैं। इसके लिए छिलको को ब्लेंडर में पीस लें और उसमें एलोवेरा जेल मिलाकर अंडरआई एरिया पर लगाएं। जब सूख जाए तो धो लें।
- इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट झुर्रियों को दूर करने में मदद करता है। इसके लिए केले के छिलकों को मिक्सर में पीस लें और इसमें 2 छोटे चम्मच बादाम का तेल मिलाकर चेहरे पर लगा लें। 20 मिनट बाद इसे धो लें।

... जब सल्लू ने खुद को मारे कोड़े

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान फिल्म में जब शर्ट उतारते हैं तो फैन्स की सीटियों और तालियों की गड़गड़ाहट से सिनेमाघर गूंज उठता है। दबंग खान अब तक ढेरों एक्शन फिल्में कर चुके हैं और अधिकतर फिल्मों में उन्होंने अपने एक्शन सीन्स खुद किए हैं। पर्दे पर तमाम तरह के किरदार निभा चुके सलमान रियल लाइफ में एक फैमिली बॉय हैं और काफी इमोशनल भी हैं। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जो काफी वायरल हो रहा है। वीडियो में सलमान खान खुद को चाबुक मार कर पैसे मांगने वालों से बातें करते नजर आ रहे हैं। सलमान पहले उन्हें खुद को कोड़े मारते हुए देखते हैं और फिर उनसे कोड़ा लेकर वह खुद भी वैसे करने की कोशिश करते हैं। सलमान पूछते हैं कि ये आवाज कैसे आती हैं। इस पर खुद को कोड़े मारकर पैसे मांगने वाला बताता है कि कि कोड़े की टिप पर जो चीज बंधी हुई है उससे आवाज आती है।

अमिताभ बच्चन के नाम पर है वॉटर फॉल (मुंबई)। क्या आप जानते हैं कि सिक्किम में अमिताभ बच्चन के नाम पर एक झरना है। खुद अमिताभ बच्चन को भी इस बात की जानकारी नहीं थी। अमिताभ ने हाल ही में एक तस्वीर अपने ट्विटर हैंडल से रीट्वीट की।

आंत में माइक्रोबायोटा की विविधता जाती है बढ़

शोध में दावा: रेड वाइन आंत के लिए फायदेमंद

नई दिल्ली। शोधकर्ताओं ने पाया है कि जो लोग रेड वाइन का सेवन करते हैं उनकी आंत में माइक्रोबायोटा की विविधता बढ़ जाती है और इसके साथ ही खराब कोलेस्ट्रॉल और मोटापे के स्तर में भी कमी आती है। लंदन के किंग्स कॉलेज के कैरोलिन ले रॉय ने कहा, संतुलित मात्रा में रेड वाइन के सेवन का संबंध आंतों की माइक्रोबायोटा की विविधता और स्वास्थ्य से जुड़ी है जो आंशिक रूप से स्वास्थ्य पर इसके लंबे समय तक चलने वाले लाभदायक प्रभावों की व्याख्या करती है। आंत में खराब जीवाणुओं की तुलना में अच्छे जीवाणुओं के असंतुलन से कई सारी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है जैसे कि रोध-प्रतिरोधक क्षमता में कमी, वजन का बढ़ना या हाई कोलेस्ट्रॉल। एक व्यक्ति की आंत के माइक्रोबायोम में बैक्टीरिया के विभिन्न प्रजातियों की उच्च संख्या को स्वस्थ आंत का प्रतीक माना जाता है। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं की एक टीम ने आंत के माइक्रोबायोम पर बीयर, साइडर, रेड वाइन, व्हाइट वाइन और स्पिरिस्ट के प्रभावों का पता लगाया।

यह ईंधन के रूप में करती है काम

शोधकर्ताओं ने पाया कि रेड वाइन पीने वालों की आंत के माइक्रोबायोटा में जीवाणुओं के विभिन्न प्रजातियों की एक बड़ी संख्या थी। उनके मुताबिक, ऐसा शायद रेड वाइन में अधिक मात्रा में मौजूद पॉलीफिनोल्स की वजह से हो सकता है। पॉलीफिनोल्स एक ऐसा केमिकल है जो स्वाभाविक रूप से कई फलों और सब्जियों में पाई जाती है। इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स सहित कई सारे लाभदायक तत्व होते हैं और यह हमारी आंत में मौजूद माइक्रोब्स के लिए ईंधन के रूप में काम करती है।

बॉलीवुड हस्तियों ने राजकुमार राव को ऐसे किया विश...

मुंबई। शनिवार को बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव का जन्मदिन है। राजकुमार अपना 35वां जन्मदिन मना रहे हैं। शुरुआत में काफी मेहनत और स्ट्रगल का सामना करने के बाद इस मुकाम पर पहुंचने वाले राजकुमार राव बॉलीवुड में हर किसी के चहेते हैं। इसलिए उनके जन्मदिन पर आज हर कोई उन्हें बर्थडे विश कर रहा है और उनके टैलेंट की तारीफ कर रहा है। देखते हैं राजकुमार राव को किस-किस ने विश किया है... फिल्म बरेली की बर्फी को-स्टार आयुष्मान खुराना ने ट्विटर पर लिखा, 'जन्मदिन की बधाई राजकुमार राव! बहुत सारा प्यार और खुशियां।' वहीं उनकी गर्लफ्रेंड पत्रलेखा ने भी इंस्टाग्राम पर एक प्यारा सा पोस्ट लिखकर राजकुमार राव को जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही उन्होंने राजकुमार की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा- 'जन्मदिन मुबारक हो, मेरे सबसे कीमती, मेरे प्यारे राजकुमार राव।

PUBLIC NOTICE

Notice is herby given that the share certificate for 132 Equity Shares Folio No. K001821 Certificate No. 414731 and distinctive nos. 1239307587-1239307718 of Mahindra & Mahindra Ltd standing in the name(s) of Devdas Kapoor has/have been lost or mislaid and the undersigned has/have applied to the company to issue duplicate(s) for the said shares. Any person who has a claim in respect of the said shares should lodge such claim with the company at its Registered office Gateway Building, Apollo Bunder, Mumbai 400001 within 15 days from this date else the company will proceed to issue duplicate Certificate(s).

Name of the Shareholder
Devdas Kapoor
Date: 01.09.2019

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that the following share certificate(s) of Modern Insulators Ltd. have been reported lost/misplaced and have applied to the company for the issue of duplicate share Certificate. (1). Shareholder/s Ravinder Kumar Folio No. 0034351 Certificate No. 58942, 65757-65758, 107546, 141412-141417, Distinctive No.2946771-2946820, 3287521-3287620, 5376971-5377020, 9317028-9317327 No. of Shares 509 (2). Shareholder/s Satish Chander Gujral Folio No. 036479 Certificate No. 131535-131544, 96130-96131, 92055-92056, 96657, 112921 Distinctive No. 8770057-5770556, 4866171-4806270, 4602421-4602520, 4832521-4832570, 5645871-5645920 No. of Shares 800.

Any person(s) who have any claim in respect of the said certificate(s) should lodge such claim(s) with the share department of the Company at its Regd. Office as per address given below within 15 days of the publication of this NOTICE. After which no claim will be entertained and the company will proceed to issue the duplicate share certificate(s).

Contact : Modern Insulators Limited
A-4, Vijay Path, Tilak Nagar, Jaipur, Rajasthan-302001

Name of the Shareholder/s
(1). Ravinder Kumar
(2). Satish Chander Gujral
Date: 01.09.2019

खबर संक्षेप

अकोला में धूमधाम से मना 'गधा पोला', गधों की हुई पूजा

अकोला/ ठाणे (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र में 'पोला' त्योहार बैलों को समर्पित है, लेकिन अकोला जिले में कुछ समुदाय इस दिन गधों की पूजा करते हैं जिसे 'गधा पोला' कहते हैं। महाराष्ट्र के किसान किसानी में पूरे साल हाड़ तोड़ मेहनत के प्रति आभार प्रकट करने लिए 'पोला' (जिसे 'बैल पोला' भी कहते हैं) के दिन बैलों और सांड की पूजा करते हैं। इसी तरह भोई और कुम्हार समुदाय के लोग गधों का आभार और सम्मान प्रकट करने के लिए इस दिन उनकी पूजा करते हैं। समुदाय के विष्णु छोड़ ने कहा कि भार ढोने के अलावा बरसात में सड़क खराब होने पर गधे खेती के लिए खाद ढोने में अधिक उपयोगी हैं। इस मौके पर गधों को नहला कर उन्हें फूलों से सजाया जाता है और उनकी पूजा की जाती है। उन्होंने दुख जताया कि धीरे-धीरे यह परंपरा खत्म हो रही है क्योंकि युवा दूसरे पेशों को अपना रहे हैं।

'सुधरी बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था' लागू करने की जरूरतः नायडू

हैदराबाद। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने दुनिया में संरक्षणवादी प्रवृत्तियों से उत्पन्न चुनौतियों से मुकाबले के लिए आवश्यक 'सुधारों के साथ बहुपक्षीय व्यवस्था ' लागू करने का पक्ष लिया है। उन्होंने यहां शनिवार को यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक एवं वित्तीय संस्थानों में सुधार किए जाने चाहिए ताकि वे दुनिया की नयी वास्तविकताओं का प्रतिनिधित्व करें। नायडू ने कहा कि हमें संरक्षणवादी प्रवृत्तियों से मुकाबले के लिए बहुपक्षीय व्यवस्था को सुधार के साथ लागू करने की जरूरत है। हमें अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक, वित्तीय और व्यापारिक संस्थानों में सुधार लाने की जरुरत है ताकि वे जमीनी हकीकत का ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व कर सके। और नयी चुनौतियों से निपटने के लिए अनुकूल बन सकें।

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक बाजार में लगी आग

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक बाजार में आग लगने से छह दुकानों समेत बारह इमारों जल गयीं । अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को गंडोह बाजार में आग लग गई। आग की चपेट में आने वाली 12 इमारतों में से छह दुकानें थीं। डोडा के उपायुक्त सागर डी डोईफोडे ने उन प्रभावित मकान मालिकों को शनिवार को 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की, जिनका मकान पूरी तरह से जल गया है, जबकि जिनका मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है, उनको 10,000 रुपये दिए गए। डोईफोडे ने पीड़ितों को जिला प्रशासन से सभी आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया।

येदियुरप्पा ने तिरुपति मंदिर में पूजा अर्चना की

तिरुपति (आंध्रप्रदेश)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा ने शनिवार को यहां के मशहूर तिरुपति मंदिर जाकर भगवान वेंकटेश्वर की पूजा अर्चना की। मंदिर के अधिकारियों ने बताया कि 26 जुलाई को सत्ता संभालने के बाद येदियुरप्पा पहली बार शुक्रवार शाम को यहां आए। रातभर वह तिरुमला तिरुपति देवस्वओम के यात्री निवास में रहे और शनिवार सुबह मंदिर जाकर भगवान वेंकटेश्वर का दर्शन एवं पूजा अर्चना की। इसके बाद वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए।

सुनंदा पुष्कर मौत मामला

पुलिस ने थरूर के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने की कोर्ट से मांगी इजाजत

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने सुनंदा पुष्कर की मौत मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की इजाजत मांगी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान पुलिस ने कहा कि सुनंदा पुष्कर और शशि थरूर की यह तीसरी शादी थी। सुनंदा पुष्कर के बेटे शिव मेनन ने एसडीएम को दिए बयान में कहा था कि मेरी मां सुनंदा पुष्कर एक मजबूत इरादों वाली महिला थी। वो कभी आत्महत्या नहीं कर सकतीं।

पुलिस ने कोर्ट के समक्ष दलील दी कि सुनंदा पुष्कर के भाई ने भी बयान दिया था कि वो अपनी शादीशुदा जिंदगी से तो खुश थीं, लेकिन मौत से कुछ दिन पहले से शादीशुदा जिंदगी को लेकर तनाव में थीं। सुनंदा पुष्कर के भाई ने कहा था कि उन्होंने जो मेल लिखा था, उससे जाहिर होता है कि वो मेंटल प्रेशर में थीं। सुनंदा ने अपने लेख में कहा था कि वो साहब को नहीं छोड़ेगी। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को यह भी बताया कि नौकर ने भी अपने बयान में कहा था कि सुनंदा पुष्कर और शशि थरूर के बीच लड़ाई होती थी। दुबई में भी दोनों के बीच खूब लड़ाई हुई थी। दोनों के बीच यह झगड़ा किसी लड़की को लेकर हुआ था। त्रिवेंद्रम से आते समय और विमान का दरवाजा खुलने तक सुनंदा पुष्कर रोती रहीं। उस दिन फिर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसी दिन साढ़े चार बजे सुनंदा पुष्कर ने किसी से बात की थी और अपना शूट मंगाया था। पुष्कर ने कहा था कि उन्होंने शूट प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के लिए मंगाया है।

टेंशन के चलते छोड़ दिया था खाना

दिल्ली पुलिस के मुताबिक सुनंदा पुष्कर को या तो जहर खिलाया गया या फिर इंजेक्शन के जरिए दिया गया। फॉरेंसिक साइंस ऑटोप्सी एनालिसिस रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि सुनंदा पुष्कर मेंटल टेंशन में थीं और कई दिनों से खाना तक छोड़ दिया था। वो लगातार स्मोकिंग कर रही थीं। उन्होंने पति शशि थरूर से परेशानी की बात कही थी। यह नेचुरल डेथ नहीं थी। अब इस मामले में अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी और शशि थरूर के वकील अपना पक्ष रखेंगे।

मेहर तरार को लेकर सुनंदा पुष्कर और शशि थरूर में हुई थी लड़ाई

सुनंदा पुष्कर ने मौत से पहले नलिनी सिंह से कहा था कि उसने शशि थरूर के बीबीएम चैट से मैसेज देखा था, जिसमें मेहर तरार के साथ रोमांटिक मैसेज शेयर किए गए थे। साथ ही सुनंदा को तलाक देने की बात कही गई थी। मेहर तरार को लेकर शशि थरूर और सुनंदा पुष्कर के बीच झगड़ा हुआ था. उस दिन सुबह चार बजे तक दोनों के बीच लड़ाई होती रही, जिसके बाद मैडम सुनंदा पुष्कर होटल में चली गई थीं।

नलिनी से फोन पर रोया था अपना दुखड़ा

दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा कि सुनंदा पुष्कर ने मौत से पहले पत्रकार नलिनी सिंह को बताया था कि दुबई में शशि थरूर मेहर तरार के साथ रात में थे। मैसेज में पाकिस्तानी पत्रकार मेहर तरार से शादी करने की भी बात थी। नलिनी सिंह ने बताया था कि 16 जनवरी 2014 को जब वो टीवी शो देख रही थीं, तभी उनके पास सुनंदा पुष्कर का फोन आया था और फोन पर लगातार रो रही थीं। सुनंदा ने नलिनी को बताया था कि जब वो शशि थरूर के साथ त्रिवेंद्रम से फ्लाइट से आ रही थीं, तभी शशि थरूर टॉयलेट गए थे और उसने (सुनंदा पुष्कर) मैसेज चेक किया, तो पाया कि शशि थरूर लगातार मेहर तरार के सम्पर्क में थे। वहीं, शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान शशि थरूर के वकील ने दिल्ली पुलिस की दलीलों पर एतराज जताया और कहा कि दिल्ली पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज बातों को अदालत के सामने रखें। पुलिस रिकॉर्ड के बाहर की बातें ना करें।

जहर दिए जाने की आशंका

दिल्ली पुलिस के मुताबिक सुनंदा पुष्कर के दोस्त सुनील टकरू का बयान था कि पाकिस्तानी पत्रकार मेहर तरार को लेकर सुनंदा पुष्कर का शशि थरूर से झगड़ा हुआ था। सुनंदा पुष्कर ने शशि थरूर को एक्सपोज करने की धमकी दी थी। पाकिस्तानी पत्रकार तरार को लेकर सुनंदा पुष्कर काफी तनाव में थीं। इसके बाद सुनंदा पुष्कर ने या तो जहर खुद खाया या फिर उनको जहर दिया गया। सुनंदा पुष्कर को कार्डियक प्रॉब्लम नहीं थी और न ही उनको शुगर प्रॉब्लम थी। इसका खुलासा मेडिकल रिपोर्ट में भी हुआ था। पहली पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में अल्प्राजोलम प्वॉइजनिंग की बात सामने आई थी। सुनंदा पुष्कर के शरीर पर 15 चोट के निशान मौत के पहले के थे।

आवास घोटाले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्रियों जैन और देवकर को सात साल की जेल

मुंबई। महाराष्ट्र के धुले जिले की सत्र अदालत ने शनिवार को राज्य के पूर्व मंत्रियों सुरेश जैन और गुलाबराव देवकर को 46 अन्य लोगों के साथ कई करोड़ रुपये के 'घरकुल' आवास घोटाले में दोषी ठहराये जाने के बाद तीन से सात साल तक की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश सृष्टि नीलकंठ ने सुरेश जैन को सात साल की सजा सुनाई और उन पर 100 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। देवकर को पांच साल की सजा सुनाई गई, जबकि शेष 46 दोषियों को तीन से सात साल की जेल की सजा मिली। आरोपियों में जैन और देवकर के अलावा नगर निगम के कुछ पूर्व पार्षद और अधिकारी शामिल हैं। अदालत के फैसला सुनाने के तुरंत बाद अदालत में मौजूद सभी 48 आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। शिवसेना नेता जैन को मार्च 2012 में गिरफ्तार किया गया। 29 करोड़ रुपये के आवासीय परियोजना घोटाले के दौरान (1990 के दशक में) वह गृह राज्य मंत्री थे। राकांपा नेता देवकर को मई 2012 में गिरफ्तार किया गया था। जमानत मिलने से पहले

पुडुचेरी सीएम ने सरकारी शिक्षकों से की अपील

अपने बच्चों को सरकारी संस्थानों में पढ़ाएं

पुडुचेरी। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी ने सरकारी शिक्षकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को निजी संस्थानों के बजाय सरकारी संस्थानों में पढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने एक निजी टेलीविजन चैनल द्वारा विभिन्न श्रेणियों के तहत पुरस्कार जीतने वालों को संबोधित करते हुए शुक्रवार रात कहा कि मैं हाल में एक ग्रामीण स्कूल के दौरे पर गया था और यह जानकर काफी निराश हुआ कि सरकारी स्कूलों के शिक्षक अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए निजी स्कूलों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि यह निराशाजनक चलन है। सरकारी स्कूल के शिक्षकों को निजी संस्थानों के बजाय सरकारी स्कूलों का चयन कर दूसरों के लिए मिसाल पेश करनी चाहिए। उन्होंने दुर्घटना का शिकार हुए लोगों को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले वालों को 5000 रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा के बारे में कहा कि इस कदम को पुडुचेरी ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

राकांपा की लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने कहा

अच्छा है कि पवार को बेटा नहीं है जो पार्टी छोड़ जाए

एजेंसी ⏭नवी मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि उन्होंने मजाक में पार्टी प्रमुख और पिता शरद पवार से कहा कि वह सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें बेटा नहीं है जो कॅरियर बनाने के लिए अपने पिता के साथ पार्टी छोड़कर किसी अन्य दल में चला जाए। राकांपा के कुछ नेता हाल में भाजपा और शिवसेना में शामिल हो गए और ऐसी हर घटना में इस तरह के कयास लगाए गए कि उनके पिता भी सत्तारूढ़ दल में शामिल होने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि राकांपा नेता पद्म सिंह पाटिल के कथित तौर पर भाजपा में शामिल होने के बारे में एक पत्रकार के सवाल पर उनके पिता क्रोधित हो गए। सुले ने कहा कि बेटे के बारे में समझा जाता है कि वह परिवार की विरासत संभालता है। सांसद ने कहा कि उन्होंने पवार से हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि वह सौभाग्यशाली हैं कि उनका कोई बेटा नहीं है। उन्होंने कह कि मैं महाराष्ट्र की राजनीति में एक प्रचलन देख रही हूं कि बेटे अपने कॅरियर के लिए अपने पिता को दूसरे दलों में ले जा रहे हैं, इस तरह के विरासत संभालने वालों से बेटियां अच्छी हैं। बहरहाल यह पता नहीं चला कि उनकी टिप्पणी किसके लिए थी।

पवार के रिश्तेदार राकांपा नेता होंगे भाजपा में शामिल

उस्मानाबाद । राकांपा नेता और पार्टी अध्यक्ष शरद पवार के संबंधी राणा जगतसिंह पाटिल ने भाजपा में शामिल होने की शनिवार को पुष्टि की। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री पाटिल, पवार के करीबी पद्मसिंह पाटिल के पुत्र हैं। पद्मसिंह पाटिल की बहन की शादी पवार के भतीजे और पूर्व उप मुख्यमंत्री अजित पवार से हुई है। उस्मानाबाद लोकसभा सीट से राकांपा के टिकट पर चुनाव हारे राणा जगतसिंह ने कहा कि वह जिले के लोगों की परेशानियों को दूर करने के लिये भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। वह रविवार को सोलापुर में भाजपा अध्यक्ष अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

सीबीआई ने कर्नाटक में कांग्रेस-जेडीएस सरकार के दौरान नेताओं की फोन टैपिंग की जांच संभाली

नई दिल्ली। सीबीआई ने कर्नाटक में पूर्ववर्ती कांग्रेस-जद(एस) सरकार के दौरान नेताओं की कथित फोन टैपिंग की जांच की जिम्मेदारी संभाली है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के नेतृत्व में कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर एक प्राथमिकी दर्ज करायी है। येदियुरप्पा ने सीबीआई जांच की घोषणा की थी। जद(एस) के अयोग्य करार दिए विधायक ए एच विश्वनाथ के खुलासे के बाद से यह स्कैण्डल जोर पकड़ रहा है। जद(एस) के प्रदेश अध्यक्ष रहे और बगावत करने वाले विश्वनाथ ने एच डी कुमारस्वामी सरकार पर फोन टैप करने और उनके समेत 300 से अधिक लोगों की जासूसी करने का आरोप लगाया था। सिद्दरमैया, एम. मल्लिकार्जुन खड़गे और गठबंधन सरकार में गृह मंत्री एम बी पाटिल समेत कई कांग्रेस नेताओं ने जांच की मांग की जबकि पार्टी के अन्य अहम नेता और पूर्व मंत्री डी के शिवकुमार ने जासूसी के आरोपों को खारिज कर दिया तथा कुमारस्वामी का समर्थन किया। खबरों के अनुसार, सिद्दरमैया के करीबियों के फोन भी टैप कराए गए थे। सिद्दरमैया उस समय गठबंधन समन्वय समिति के प्रमुख थे। पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार समेत कई भाजपा नेताओं ने कुमारस्वामी पर अपनी सरकार बचाने के लिए फोन टैपिंग कराने का आरोप लगाया।

शारीरिक परीक्षण...

जम्मू में शनिवार को राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) में एसपीओ के पद के लिए युवा शारीरिक परीक्षण में भाग लेते हुए।

पाकिस्तान में सिख किशोरी के कथित अपहरण और धर्मांतरण से तनाव

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गवर्नर के आग्रह के बावजूद सिख किशोरी ने शनिवार को घर लौटने से इंकार कर दिया। कथित तौर पर अपहृत और धर्मांतरित किशोरी की मुस्लिम युवक से शादी की गई। एक अधिकारी ने कहा पंजाब के गवर्नर चौधरी मोहम्मद सरवर ने लाहौर में एक आश्रय स्थल पर किशोरी से मुलाकात की और उससे घर वापस लौट जाने का अनुरोध किया लेकिन किशोरी ने जान को खतरा बताते हुए वापस जाने से इनकार कर दिया। एक सिख ग्रंथी की इस बेटी को एक अदालत के आदेश के बाद शुक्रवार को दारुल अमन (आश्रय स्थल) भेजा गया था। उसने न्यायाधीश को बताया था कि उसकी मर्जी से ही उसका विवाह इलाके में रहने वाले मोहम्मद हसन से हुआ है। किशोरी के परिवार का आरोप है कि बंदूक की नोक पर उसका धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम लड़के से शादी के लिये मजबूर किया गया।

मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा

अर्थव्यवस्था में मजबूती और स्थिरता सुनिश्चित हुई है

एजेंसी ⏭मुंबई

मौजूदा आर्थिक हालात पर कांग्रेस की ओर से आलोचनाओं के बीच केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार ने देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के ताजा आंकड़ों से अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के बीच नकवी ने नोटबंदी और जीएसटी लागू किये जाने को 'ऐतिहासिक' फैसला बताया। उन्होंने कहा कि इससे अर्थव्यवस्था में 'मजबूती और स्थिरता' सुनिश्चित हुई है। यहां एक समारोह में नकवी ने कहा कि भारत की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और समृद्धि का दायित्व इस समय 'सुरक्षित और ईमानदार हाथों' में है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों सहित सभी वर्गों का 'समावेशी वृद्धि' और 'गरिमापूर्ण विकास' मोदी सरकार की प्राथमिकता है।

अगले पांच वर्षों में पांच करोड़ छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएंगी

नकवी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में अल्पसंख्यक समुदायों के लगभग 25 लाख युवाओं को रोजगार-उन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अगले पांच वर्षों में पांच करोड़ छात्रों को विभिन्न छात्रवृत्ति दी जाएंगी जिनमें आधी लड़किया होंगी। कांग्रेस ने केंद्र पर ऐसे वक्त में देश को आर्थिक मोर्चे पर विफल करने का आरोप लगाया है जब वित्तवर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में जीडीपी घटकर पांच प्रतिशत रह गई, जो पिछली 25 तिमाहियों में सबसे कम है। विपक्षी दल ने इसे वित्तीय आपातकाल बताते हुए दावा किया है कि देश की अर्थव्यवस्था 'सिकुड़' रही है।

महंत नरेन्द्र गिरि ने बाबा रामदेव से की मुलाकात

आचार्य बालकृष्ण बनेंगे निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर

प्रयागराज। दुनिया में योग और आयुर्वेद का पचरम लहराने वाले आचार्य बालकृष्ण जल्द ही सनातन धर्म का प्रचार प्रसार भी करते जल्द नजर आएंगे। इसके लिए पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी आचार्य बालकृष्ण को महामंडलेश्वर की पदवी देने जा रहा है। साधु-संतों की सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत नरेन्द्र गिरि ने हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण से मुलाकात के बाद उन्हें महामंडलेश्वर बनाये जाने का प्रस्ताव रखा। अखाड़ा परिषद सचिव के इस प्रस्ताव पर आचार्य बालकृष्ण ने अपनी सहमति भी दे दी है। अब हरिद्वार में 2021 में आयोजित होने वाले महाकुंभ के दौरान आचार्य बालकृष्ण पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी से विधिवत जुड़ जाएंगे। इससे पहले अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि शुक्रवार को योग गुरु स्वामी रामदेव के सहयोगी आचार्य बालकृष्ण का हालचाल पूछने पतंजलि योगपीठ हरिद्वार पहुंचे थे। नरेंद्र गिरि के मुताबिक, अखाड़ों में धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए महामंडलेश्वर बनाए जाने की परंपरा रही है। कुंभ के दौरान या शुभ मुहूर्त में पट्टाभिषेक कर साधु-संतों की मौजूदगी में महामंडलेश्वर की पदवी दी जाती है।

शिक्षा और संस्कार के आधार पर मिलता है पद

बता दें कि, सनातन परंपरा में संन्यासी बनना सबसे कठिन होता है। शिक्षा, ज्ञान और संस्कार के साथ सामाजिक स्तर को ध्यान में रखते हुए संन्यासी को महामंडलेश्वर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर बिठाया जाता है। महामंडलेश्वर अखाड़ों का अंग होते हैं और अखाड़ों को सनातन धर्म की रक्षा करने वाले नागा संन्यासियों के संगठन के रूप में जाना जाता है। साधारण संत को महामंडलेश्वर जैसे पद पर पहुंचने में वर्षों लग जाते हैं। पहले साधु-संतों की मंडलियां चलाने वालों को मंडलीश्वर कहा जाता था।

निजी जीवन की होती है पड़ताल

महंत नरेंद्र गिरि ने बताया कि, ऐसे महापुरुष जिन्हें वेद और गीता का अध्ययन हो, उन्हें बड़े पद के लिए नामित किये जाने की परंपरा रही है। संन्यासी परंपरा से होना चाहिए और उसने वेद का अध्ययन भी किया हो। उसका चरित्र, व्यवहार और ज्ञान का स्तर अच्छा होना चाहिए। इसके साथ ही महामंडलेश्वर की पदवी के लिए अखाड़ा कमिटी भी निजी जीवन की पड़ताल करती है और पूरी तरह से संतुष्ट होने पर ही उसे महामंडलेश्वर बनाया जाता है।

केरलः पाकिस्तानी झंडा फहराने का आरोप

30 से ज्यादा छात्रों पर केस दर्ज

तिरुवनंतपुरम। केरल में कॉलेज के 30 से ज्यादा छात्रों पर पाकिस्तान का झंडा फहराने का केस दर्ज किया गया है। कोझिकोड जिले में पेराम्बरा पुलिस ने मुस्लिम स्टूडेंट फ्रंट (एमएसएफ) के छात्रों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि छात्रों ने पेराम्बरा सिल्वर कॉलेज में पाकिस्तानी झंडा लहराया था। यह घटना गुरुवार की है। यहां छात्र संघ चुनाव के प्रचार के दौरान यह घटना हुई। इसमें 30 से ज्यादा छात्रों पर केस दर्ज किया गया है। आगे कार्रवाई छात्रों की पहचान होने के बाद की जाएगी।कॉलेज यूनियन चुनाव की तैयारियों के दौरान गुरुवार को कथित रूप से झंडे लहराए गए। फिलहाल आईपीसी की धारा 143, 147, 153 और 149 के तहत मामले दर्ज किया जा चुका है और मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

छात्रों का दावा यह एमएसएफ का झंडा है

वहीं छात्रों का दावा किया है कि यह एमएसएफ का झंडा है जो पाकिस्तान के राष्ट्रीय ध्वज की तरह दिखता है। कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष एके थारुवयी ने कहा कि एमएसएफ ध्वज को उल्टा रखा गया था जिससे यह पाकिस्तान के राष्ट्रीय ध्वज की तरह लग रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि जुलूस छुट्टी के दिन आयोजित किया गया था और सोमवार को मामले में जांच का आश्वासन दिया।

आर्थिक सुस्ती में भी छुपा है बड़ा अवसर

कई फैक्टर निकट भविष्य में बाजार में तेजी आने का संकेत दे रहे

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

वर्ष 2008 के अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संकट के दिनों में जब शेयर बाजार का एक प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स करीब 21,000 के ऊपरी स्तर से गिरकर करीब 8,000 के स्तर पर आ गया था, तब हर ओर निराशा का माहौल दिख रहा था। उस वक्त लाखों लोगों की नौकरी छूट गई थी। लेकिन उस निराशा के माहौल में निवेश करने के अनेक अवसर नजर आ रहे थे। कारण कि कुछेक महीनों में ही शेयर बाजार संभल गया और आसमान से बातें करने लगा था। जमीन पर औंधे मुंह गिर चुके शेयर फिर से आसमान पर जा पहुंचे थे। अभिप्राय यह है कि निराशाजनक परिस्थितियों में भी निवेश के अच्छे अवसर छुपे होते हैं। देश में एक बार फिर आर्थिक सुस्ती का दौर जारी है। औद्योगिक क्षेत्र की रफ्तार सुस्त है। बाकी आर्थिक सेंटिमेंट भी मंदी के संकेत कर रहे हैं। लेकिन इसमें दो राय नहीं कि जल्द ही बाजार गति पकड़ेगा और फिर फर्राटा मारने लगेगा।

खरीदारी का अच्छा समय

यह शेयर खरीदने का अच्छा समय है। इनकी कीमतें निचले स्तर पर पहुंच चुकी है। यहां से भले ही यह थोड़ी और नीचे चली जाए, पर इसे ऊपर तो आना ही है। इन दिनों वाहन, रियल्टी, रिटेल और एफएमसीजी जैसे सेक्टरों में भारी मंदी का माहौल देखा जा रहा है। वाहनों की बिक्री में जुलाई में करीब 20 साल की सबसे बड़ी गिरावट

शेयर मंत्रा

देखी गई। निराशाजनक स्थित का असर शेयर बाजार पर भी देखा जा रहा है।

शौकिया निवेशक कहां लगाएं पैसा

छोटे निवेशकों को मिडकैप शेयर लेना चाहिए। ये शेयर अभी आकर्षक हैं। आईटी शेयर हमेशा अच्छा रिटर्न देते हैं। बिजली, फाइनेंस, बैंकिंग और एफएमसीजी शेयर भी निकट भविष्य में अच्छा रिटर्न देंगे। इनके भाव अभी खरीदने के लिए बेहतरीन हैं।

कितने समय के लिए करें निवेश

आज जो शेयरों का भाव चल रहा है, वह शायद आपको छह महीने बाद नहीं मिले। कीमतें तो ऊपर आनी ही हैं। यह रेट दोबारा शायद न मिले। सोच समझ कर सही शेयरों में निवेश किया जाए, तो दो साल में आपका निवेश दो गुना हो जाने के पूरे चांस हैं।

किन वजहों से आ सकती है तेजी

गमगीन माहौल के बीच भी बाजार में तेजी आने के कई संकेत छुपे हुए हैं। मसलन चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनियो का वित्तीय नतीजा अच्छा रहा है। बैंकों का एनपीए घट रहा है। विदेशी निवेशकों पर लगने वाले सुपर रिच टैक्स की सरकार ने समीक्षा की है और इसका कुछ निदान निकाला जा सकता है। सरकारी कंपनियों के विनिवेश की योजना से भी अर्थव्यवस्था में पूंजी आएगी।

अपने फंड का करें इस्तेमाल

छोटे निवेशकों को हालांकि लोन लेकर निवेश बिल्कुल नहीं करना चाहिए। उन्हें सिर्फ अपने पास मौजूद पूंजी का ही उपयोग करना चाहिए। यह चाहे कितना भी कम क्यों न हो। आपके पास जो भी पूंजी हो आप उसी का निवेश करें, क्योंकि बाजार तुरंत रिटर्न दे यह जरूरी नहीं। यह कुछ समय के लिए नकारात्मक रिटर्न भी दे सकता है।

बाजार में अस्थिरता होने पर नहीं करें 5 गलतियां

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

कयासबाजी पर तुरंत प्रतिक्रिया करना हानिकारक साबित हो सकता है। आपको हमेशा यह बात देखनी चाहिए कि किसी शेयर की पिटाई क्यों हुइ्र है? इसे देखते हुए ही किसी शेयर को बेचने का फैसला करना चाहिए।

मौजूदा वक्त में बाजार में भारी बिकवाली हो रही है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में तेज उथलपुथल है। गिरावट ने निवेशकों के पसीने छुड़ा दिए हैं। आगे भी बाजार में यह उठापटक बनी रहने की आशंका है। यह समय निवेशकों के लिए सतर्क रहने का समय है। उन्हें कोइ्र भी फैसला आवेश में नहीं करना चाहिए। अस्थिर बाजार में बिकवाली की होड़ में शामिल नहीं होना चाहिए। यहां हम 5 चीजें बता रहे हैं, जिन्हें बाजार में अस्थिरता के दौरान नहीं करना चाहिए।

घबराकर बिकवाली ना करें

बाजार में अस्थिरता होने पर घबराहट में बिकवाली करने से बचें। यह सबसे पहला नियम है। कयासबाजी पर तुरंत प्रतिक्रिया करना हानिकारक साबित हो सकता है। आपको हमेशा यह बात देखनी चाहिए कि किसी शेयर की पिटाई क्यों हुइ्र है? इसे देखते हुए ही किसी शेयर को बेचने का फैसला करना चाहिए। अगर आप गिरावट की वजहों से संतुष्ट नहीं हैं तो इस बात पर विचार करें कि क्यों आपने उस शेयर को खरीदा था। इससे आपको सही समीक्षा करने में मदद मिलेगी।

सिप को नहीं रोकें

आपका कुछ भी फैसला हो, लेकिन, म्यूचुअल फंड में सिप को रोकने की गलती कतइ्र न करें। इससे सिप को लेने का मकसद विफल हो जाता है। बाजार में मंदी का दौर ही वह समय होता है जब आपको इनके साथ जरूर बने रहना चाहिए। इससे आपको अपने लंबी अवधि के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलती है। सिप को रोककर आप इक्विटी में चक्रवृद्धि ब्याज का लाभ खो देंगे। गिरावट के समय आपको कम कीमत पर ज्यादा यूनिटें खरीदने का मौका मिलेगा। बाजार के वापसी करने पर आप इसका फायदा उठा सकेंगे। लंबी अवधि में इक्विटी से सबसे अच्छा रिटर्न मिलता है। इसलिए इनके साथ बने रहने में समझदारी है।

सिर्फ गिरावट के समय नहीं खरीदें

केवल पिटे हुए स्टॉकों में पैसा लगाने में आप गलती भी कर सकते हैं। इस बात का अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल है कि किसी कंपनी का निचला स्तर क्या होगा। इससे आप सही मूल्य को आंकने के चक्कर में बुरी तरह से फंस सकते हैं। नए निवेशकों को फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों से दूर रहना चाहिए। किसी कंपनी में निवेश करने से पहले उसके बुनियादी पहलुओं को देखना चाहिए। इस बात की भी जानकारी करनी चाहिए कि कंपनी का ट्रैक रिकॉर्ड कैसा रहा है। उसके रेवेन्यू, प्रॉफिट, प्राइस-टू-अर्निंग रेशियो और डेट-टू-इक्विटी रेशियो के बारे में जानकारी कर लेनी चाहिए। अगर आप खुद यह काम नहीं कर सकते हैं तो किसी प्रोफेशनल की सलाह लेनी चाहिए। सबसे अच्छा सिप के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करने का रास्ता है।

एक सेक्टर में लिवाली न करें

हमेशा डायवर्सिफिकेशन के बारे में सोचना चाहिए। कहते हैं कि एक टोकरी में सभी अंडों को रखना बड़े नुकसान को दावत दे सकता है। इसलिए गिरावट के समय अच्छे शेयरों में निवेश के मौके तलाशने चाहिए। केवल एक सेक्टर के शेयरों में ही दांव लगाने से बचना चाहिए।

कर्ज लेकर शेयरों में न लगाएं

कई लोग ज्यादा रिटर्न के लिए कर्ज लेकर शेयरों में लगा देते हैं इस तरह के निवेश के तरीके को मार्जिन इंवेस्टिंग कहा जाता है। बेशक इस तरह से अच्छा रिटर्न कमाया जा सकता है। लेकिन, इसमें नुकसान भी बहुत ज्यादा होता है। इस तरह के निवेश के तरीके से हमेशा ही बचना चाहिए। बाजार में अस्थिरता के वक्त तो और भी चौंकन्ना हो जाना चाहिए।

फैमिली से पहले करें वित्तीय प्लानिंग

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

प्राइमरी एजुकेशन के लिए छोटी अवधि का निवेश सही रहता है। इसके लिए डेट फंड्स, आरडी या एफडी में निवेश कर सकते हैं। एजुकेशन प्लानिंग की तरह ही बच्चों की शादी की प्लानिंग करना भी अहम है। शादी की उम्र, खर्च और कॉर्पस के लिए खर्च की गणना करनी चाहिए और बच्चों की शादी का संभावित खर्च पता चलने के बाद निवेश शुरू कर दें।

बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए जितना जल्दी प्लान कर लिया जाए, उतना ज्यादा बेहतर होता है। ऐसे में फैमिली प्लानिंग से पहले ही फाइनेंशियल प्लानिंग जरूर कर लेनी चाहिए। इससे आप न सिर्फ अपने बच्चों का कल सुनहरा बना सकते हैं, बल्कि परिवार बढ़ने के साथ बढ़ने वाले खर्चों से भी आसानी से निपट सकते हैं। परिवार के लिए किस तरह की फाइनेंशियल प्लानिंग किस तरह की हो? चूंकि फैमिली बनाने की प्लानिंग से पहले फाइनेंशियल प्लानिंग बहुत जरूरी है, इसलिए परिवार शुरू करने से पहले ही परिवार के बारे में फाइनेंशियल प्लानिंग कर लें। फैमली की फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए मौजूदा और आने वाले वक्त के सभी खर्चों का हिसाब लगाया जाता है। इसलिए खर्चों के मुताबिक लक्ष्य तय करें व सही जगह निवेश करें, क्योंकि सही वक्त पर सही प्लानिंग ही सुनहरे भविष्य की कुंजी होती है।

ऐसे करें फाइनेंशियल प्लानिंग

बच्चों के लिए प्लानिंग करते वक्त कई खर्च शामिल करें। इन खर्चों में स्कूल खर्च, कॉलेज खर्च, अन्य जरूरतें, शादी का खर्च आदि को शामिल करते हुए सही जगह पर निवेश करें और इसके लिए लंबी अवधि और छोटी अवधि के निवेश तय करें।

बच्चों की पढ़ाई खर्च का लगाएं हिसाब

बच्चों की पढ़ाई में कितना खर्च आएगा, इसका हिसाब लगा लें। शिक्षा के खर्च में प्राइमरी, सेकंडरी और प्रोफेशनल एजुकेशन के खर्च को भी शामिल कर लें। शिक्षा में इंटरनेशनल या घरेलू एक्सपोजर देना चाहते हैं, तो उसके लिए भी प्लान तैयार कर लें। बच्चों की शिक्षा के लिए हर महीने कितना पैसा चाहिए, पढ़ाई के साथ होने वाले अन्य खर्चों को भी कैलकुलेट करें

हाइयर एजुकेशन प्लानिंग

एक बिजनेस स्कूल की फीस आज 25 लाख रुपये है। आपका बच्चा 5 साल बाद एडमिशन लेगा तो इसमें 8% सालाना महंगाई की गणना भी करें। यानी आपको 5 साल बाद 36.73 लाख रुपये की फीस देनी होगी।

पढ़ाई के लिए स्मार्ट निवेश

पढ़ाई के खर्चों का कैलकुलेशन करने के बाद अब इन खर्चों के लिए निवेश प्लान करें। पढ़ाई के निवेश के लिए एसआईपी भी शुरू करनी पड़ सकती है। पढ़ाई के लिए शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म निवेश करना चाहिए। प्राइमरी एजुकेशन के लिए छोटी अवधि का निवेश सही रहता है। इसके लिए डेट फंड्स, आरडी या एफडी में निवेश कर सकते हैं। इसमें स्कूल फीस, कोचिंग क्लास, अन्य चीजों के लिए निवेश करें। प्राइमरी के बाद हायर एजुकेशन के लिए लंबी अवधि का निवेश करना चाहिए। लंबी अवधि का लक्ष्य है तो इक्विटी में निवेश सही रहता है। लक्ष्य के लिए इक्विटी में 75-80 फीसदी रकम निवेश करें और इसके लिए लार्ज/मिड/मल्टी कैप फंड्स में अपना निवेश कर सकते हैं। लंबी अवधि के लॉक-इन इंस्ट्रूमेंट में भी निवेश सही माना जाता है। कई एएमसी (एसेट मैनेजमेंट कंपनी) ने बच्चों के लिए स्पेशल निवेश प्लान शुरू किए हुए हैं। जैसे- लंबी अवधि के लिए फंड्स (लार्ज कैप) के लिए एसबीआई ब्लूचिप फंड, एक्सिस ब्लूचिप फंड। इसके अलावा लंबी अवधि के लिए फंड्स (मल्टी कैप) में कोटक स्टैण्डर्ड मल्टीकैप फंड, मोतीलाल ओसवाल मल्टीकैप 35 फंड में निवेश कर सकते हैं।

एजुकेशन लोन की जब पड़ जाय जरूरत

अगर इतनी सारी प्लानिंग के बावजूद पढ़ाई के लिए पैसे कम पड़ जाएं तो ऐसे में एजुकेशन लोन काफी अहम हो जाता है। कोर्स पूरा होने के बाद लोन का भुगतान करना होता है। लोन के रीपमेंट के ब्याज पर 80ई के तहत भी टैक्स छूट मिलती है।

बच्चों की शादी की प्लानिंग

एजुकेशन प्लानिंग की तरह ही बच्चों की शादी की प्लानिंग करना भी अहम है। शादी की उम्र, खर्च और कॉर्पस के लिए खर्च की गणना करनी चाहिए और बच्चों की शादी का संभावित खर्च पता चलने के बाद निवेश शुरू कर दें। शादी के खर्चे के लिए भी महंगाई की गणना करें। महंगाई की गणना के बाद लक्ष्य तय कर निवेश करें।

शादी की प्लानिंग के लिए निवेश

आपने सभी खर्चों का हिसाब लगा लिया है तो शादी के लक्ष्य के लिए सही जगह निवेश करें। मौजूदा निवेश के साथ ही नया निवेश करें और इन लक्ष्यों के लिए एसआईपी शुरू करें। शादी के लिए गोल्ड ईटीएफ में निवेश किया जा सकता है। म्यूचुअल फंड में एसआईपी शुरू कर सकते हैं। इक्विटी में 80 फीसदी और डेट में 20 फीसदी का निवेश करें। लार्ज/मिड/मल्टी कैप फंड्स में निवेश करें और पीपीएफ, एनएससी जैसे प्लान में भी कुछ निवेश करें। इसके लिए कई एसेट मैनेजमेंट कंपनियों ने लार्ज, मिडकैप और मल्टीकैप फंड्स शुरू किए हुए हैं।

बच्चों के लिए इंश्योरेंस भी जरूरी

इंश्योरेंस बच्चों के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग का अहम हिस्सा होता है। इंश्योरेंस सिर्फ सुरक्षा के लिए करें, निवेश के लिए नहीं। फैमली के लिए जीवन बीमा और हेल्थ इंश्योरेंस काफी अहम हैं। इसलिए मासिक आय का 10-15 गुना सम इंश्योर्ड वाला टर्म प्लान लें। टर्म प्लान अनहोनी पर बच्चों के लिए

अब 5 रुपये से भी शुरू कर पाएंगे एसआईपी

तैयार हो रहा है नया प्लेटफार्म

सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान आपको हर महीने एक निश्चित रकम को आपके पसंदीदा म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश करने में मदद करता है। आमतौर पर सिम के जरिए इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश किया जाता है। म्यूचुअल फंड कंपनियों में कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट 25 लाख करोड़ के करीब पहुंच चुका है और एएमएफआई का लक्ष्य अगले 10 सालों में 100 लाख करोड़ एयूएम तक पहुंचने का है।

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

आने वाले महीनों में आप 5 रुपये की एसआईपी (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) भी म्यूचुअल फंड में निवेश कर पाएंगे। एमेजॉन और फ्लिपकार्ट पर शॉपिंग करने के बाद पेमेंट करते वक्त भी आप एसआईपी कर पाएंगे। म्यूचुअल फंड कंपनियां देशभर में म्यूचुअल फंड की पहुंच बढ़ाने के लिए छोटी वैल्यू की एसआईपी पर जोर देने की योजना बना रही है। इसके लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है और डिजिटल प्लेटफार्म बनने के बाद छोटी रकम की एसआईपी करना आसान होगा। म्यूचुअल फंड कंपनियों के संगठन एएमएफआई के मुताबिक, अगले 8-10 महीनों में छोटी रकम की एसआईपी शुरू हो जाएगी। एमएफआई के देशभर में चलाए गए म्यूचुअल फंड सही है, कैंपेन को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है, जिसके बाद म्यूचुअल फंड कंपनियों में कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 25 लाख करोड़ के करीब पहुंच चुका है और एएमएफआई का लक्ष्य अगले 10 सालों में 100 लाख करोड़ एयूएम तक पहुंचने का है। अभी छोटे शहरों और कस्बों की म्यूचुअल फंड निवेश में हिस्सेदारी 15 फीसदी और बाकी 85 फीसदी हिस्सा बड़े मेट्रो शहरों से ह। एएमएफआई का लक्ष्य छोटे शहरों के म्यूचुअल फंड के हिस्से को 30 फीसदी तक लेकर जाने का है।

बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच भी पिछले एक साल में देश भर से म्यूचुअल फंड इंडस्ट्रीज में 20 लाख नए फोलियो जुड़े हैं। एएमएफआई के चीफ एग्जिक्यूटिव एनएस वैंकटेश के मुताबिक, आधार नंबर की मदद से छोटे शहरों के लोगों को म्यूचुअल फंड से जोड़ना आसान हो गया है। लोगों का म्यूचुअल फंड में भरोसा कम नहीं हुआ है सिर्फ, बाजार के उतार-चढ़ाव की वजह से लोग निवेश कम कर रहे हैं। डेट म्यूचुअल फंड में कोई दिक्कत नहीं है। कुल एयूएम का मात्र का 1 फीसदी ही डिफाल्ट हुआ है।

क्या है सिप

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (सिप) आपको हर महीने एक निश्चित रकम को आपके पसंदीदा म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश करने में मदद करता है। आमतौर पर एसआईपी के जरिए इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश किया जाता है। दरअसल, म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए अनुशासन धैर्य और समय की बहुत जरूरत होती है, तभी यहां से अच्छा रिटर्न मिल पाता है और एसआईपी के जरिए आप छोटी-छोटी रकम नियमित रूप से म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकते हैं। सिप के जरिए आपके द्वारा तय की गई एक निश्चित रकम नियमित समय पर आपके बैंक खाते से निकलकर आपकी पसंद के म्यूचुअल फंड स्कीम में जमा होती रहती है। अभी तक आप 500 रुपये महीने में कोई सिप शुरू कर सकते हैं, लेकिन आने वाले समय में यह राशि घटकर 5 रुपये तक हो जाएगी।

जिंदगी की सांझ में ऐसे जिएं आत्मनिर्भर और सम्मान की जिंदगी

बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल में अपनी समस्याएं आती हैं। अपने सास-ससुर के साथ नहीं रह सकने वाली महिला को बुरा करार दिया जाता है और कामकाज के लिए दूसरे शहरों में रहने वाले बच्चों को अपनी जिम्मेदारी से भागने वाले के रूप में देखा जाता है। अमेरिका समेत पश्चिमी देशों में बुजुर्ग लोग काफी आत्मनिर्भर हैं। वे प्रायः बच्चों से अलग रहने का निर्णय खुद ही करते हैं। भारत में अभी यह चलन में नहीं है। लेकिन एकल परिवार के बढ़ते चलन से भारत में भी बुजुर्ग मां-बाप की देखभाल समस्या बन कर उभरी है। बुजुर्ग चाहें तो वे खुद सम्मान की जिंदगी जी सकते हैं।

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

हम लोग अपने बच्चों के गले में जिस तरह उत्तरादायित्व की तख्ती टांग देते हैं, वैसा अमेरिकी लोग नहीं करते। वहां बुजुर्ग लोग काफी आत्मनिर्भर हैं। वे प्रायः बच्चों से अलग रहने का निर्णय खुद ही करते हैं। बच्चे भी वयस्क होने के बाद प्रायः अलग रहने लगते हैं, हालांकि वे बारी-बारी अपने माता-पिता को सपोर्ट देने के लिए आते भी रहते हैं। भारत में संयुक्त परिवार के ढांचे के अपने फायदे थे। बुजुर्गों की देखभाल में कोई समस्या नहीं थी। हालांकि यह काफी पहले की बात है। भारतीय परिवार अब प्रायः एकल हैं। बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल में अपनी समस्याएं आती हैं। अपने सास-ससुर के साथ नहीं रह सकने वाली महिला को बुरा करार दिया जाता है और कामकाज के लिए दूसरे शहरों में रहने वाले बच्चों को अपनी जिम्मेदारी से भागने वाले के रूप में देखा जाता है। इसमें कुछ अपवाद भी हैं, लेकिन बुजुर्गों की देखभाल में जो समस्या है, उसका संतोषजनक हल निकालने में हम ध्यान नहीं देते। आइए जानते हैं बुढ़ापे में आत्मनिर्भर रहने के हो सकते हैं कौन से 6 तरीके...

बच्चों से अलग, लेकिन करीब रहना

हम अपने बच्चों पर बोझ नहीं बनेंगे और उनके साथ नहीं रहेंगे। सुरक्षित और आरामदायक ठिकाना तैयार करना महत्वपूर्ण है। कुछ ने रिटायरमेंट विला में फ्लैट खरीदे हैं। कुछ ने एक ही बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स में अपने मित्रों के साथ फ्लैट बुक किए हैं। कुछ ने ऐसी जगहों के करीब मकान ले लिया है, जहां उनके बच्चे रहते हैं।

दूर से हर बार आना मुश्किल

बच्चे इस तरह से देखभाल करना पसंद करते हैं, जिससे उनकी अपनी जिंदगी पर ज्यादा असर न पड़े। यह उम्मीद कुछ ज्यादा ही है कि बीमार पड़ने पर देखभाल के लिए बेटा या बेटी दुनिया के दूसरे छोर से हर बार आपके पास आएं। बच्चों को ऐसा न कर पाने के अपराध बोध से बचाना चाहिए। अगर वे अपनी मर्जी से रुपये-पैसे से मदद करना चाहें तो करने दें और इसमें अभिमान को बाधा न बनाएं।

शरीर को स्वस्थ रखना जिम्मेदारी

मेडिकल फैसिलिटी और हेल्थकेयर की जरूरतों पर निर्भरता कम से कम रखें। अपने शरीर को स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। हम जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को यथासंभव दूर रखने की कोशिश करेंगे। हम ऐसे 'मॉडर्न' हेल्थकेयर पर खर्च नहीं करेंगे, जो हमें अस्पताल में भर्ती कर अपमानजनक लाइफ सपोर्ट इक्विपमेंट पर डाल दे। दर्द और तकलीफ से निपटने में हम मदद लेंगे, लेकिन बेमतलब के इंटेंसिव केयर से बचना चाहेंगे।

सोशल लाइफ को दें वक्त

जब तक जीएं, सार्थक उद्देश्य के साथ जीएं। हम पढ़ाएंगे, लिखेंगे, काम करेंगे, सामुदायिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे और उन युवाओं से संवाद करें, जिन्हें ऐसी सेवाओं की जरूरत हो। सोशल मीडिया के बजाय असल जिंदगी में सक्रियता से हम ऊर्जा हासिल करेंगे, जिसकी इस उम्र में जरूरत होती है। अगर कमाई करने की मजबूरी न हो तो इनमें से अधिकतर गतविधियां आनंददायक बनेंगी।

कमाई में अपने लिए जरूर बचाएं

हम अपने एसेट्स को अपनी जिंदगी में ही उपयोगी कार्यों में लगा देंगे। सबसे पहले अपने लिए पैसा एलोकेट करेंगे और फिर वारिसों के लिए। ऐसी बचत हमारी कमाने की क्षमता और खर्च करने की आदत का नतीजा होती है। रिटायरमेंट के समय अफसोस जताने का कोई मतलब नहीं बनता है। अच्छे इनवेस्टमेंट प्लान और अपनी कमाई के हिसाब से बनाई गई जीवनशैली से हम आराम से आगे बढ़ेंगे।

इकट्ठा करने की बजाय देने पर फोकस

हम इकट्ठा करने के बजाय देने पर फोकस करेंगे। उम्र बढ़ने पर हमें अहसास होता है कि कई चीजों का ज्यादा मोल नहीं है। उम्र के 70वें और 80वें पड़ाव के आसपास ऐसा अहसास घना हो जाता है। बेहतर संगत, अच्छा खाने-पीने, संगीत और बातचीत में आनंद का कोना तलाशने के बाद हम पाएंगे कि बेहतरीन चीजों के लिए पैसे की जरूरत नहीं होती है।

डिस्क्लेमर : इस पेज के सभी आलेख केवल पाठकों व निवेशकों की जानकारी बढ़ाने और जागरूकता के लिए है। ये निवेश की सलाह के लिए नहीं हैं। किसी भी निवेश से नफा-नुकसान के लिए अखबार जिम्मेदार नहीं होगा।

खबर संक्षेप

भारतीय गोल्फर शुभंकर संयुक्त तीसरे स्थान पर

न्यूबर्ग। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां कोर्न फेरी टूर चैंपियनशिप के पहले दिन छह अंडर 66 का कार्ड खेला जिसमें उन्होंने आठ बर्डी जमायी और इससे वह संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। यह उनका पीजीए टूर कार्ड हासिल करने का अंतिम मौका है और इसके लिए उन्हें अकेले छठा स्थान हासिल करने की जरूरत होगी। इससे वह भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी के साथ जुड़ जाएंगे जिन्होंने पीजीए टूर कार्ड पक्का कर लिया है। लाहिड़ी को हालांकि टूर्नामेंट से हटना पड़ा और घर लौटना पड़ा क्योंकि तूफान डोरिन्स के मंगलवार को फ्लोरिडा के पाम बीच पर आने की उम्मीद है। वह जल्द से जल्द परिवार के साथ सुरक्षित जगह पर पहुंचेंगे।

पहला टेस्ट विकेट लेकर अच्छा लगा : रहकीम

किंग्स्टन। वेस्टइंडीज के आलराउंडर रहकीम कोर्नवाल ने कहा कि अपने पदार्पण टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को अपना पहला शिकार बनाकर उन्हें काफी अच्छा महसूस हुआ। इस 26 वर्षीय गेंदबाज ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में पदार्पण किया। इस आफ स्पिनर ने अपने तीसरे ही ओवर में ही पुजारा का अहम विकेट ले लिया। कोर्नवाल ने कहा, 'पहले टेस्ट विकेट के रूप में उन्हें आउट करके अच्छा महसूस हुआ। यह वैसे कोई नई बात नहीं थी, लेकिन फिर भी मुझे अच्छा लगा।'

वापसी के लिए किसी दबाव में नहीं हूं: विजय

चेन्नई। भारतीय टीम से बाहर चल रहे मुरली विजय ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए वह किसी दबाव में नहीं हैं और वह जिस भी टीम के साथ खेल रहे हैं, उसके लिए योगदान करना चाहेंगे। विजय ने भारत के लिए अंतिम मैच दिसंबर 2018 में पर्थ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेला था। विजय ने जूनियर सुपर किंग्स टूर्नामेंट के लांच के मौके पर पत्रकारों से कहा, 'निश्चित रूप से, मैं अपने सपनों को कोई सीमाएं नहीं देता। मैं भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए किसी दबाव में नहीं हूं। मैंने राष्ट्रीय टीम में चार बार वापसी की हैं। मैं इस समय जिस जगह पर हूं, उसका लुत्फ उठा रहा हूं।'

मुकुंद एटीपी चैलेंजर के फाइनल में पहुंचे

बाओटू। भारतीय टेनिस खिलाड़ी शशि कुमार मुकुंद ने शनिवार को यहां अपने करियर का सबसे बड़ा नतीजा हासिल करते हुए एटीपी चैलेंजर टूर में पहली बार एकल फाइनल में प्रवेश किया। बारहवें वरीय मुकुंद को हाल में भारतीय डेविस कप टीम में रिजर्व सदस्य चुना गया है। उन्होंने 54,160 डालर पुरस्कार राशि के क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में टुंग लिन वु को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। शशि ने रूसी जोड़ीदार तेमुराज गाबाश्विली के साथ मिलकर गोंकालो ओलिवेरा और ल्यूक साविले की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ 6-3, 3-6,, 13-11 से जीत हासिल की।

टेनिस : फेडरर ने नहीं गंवाया पहला सेट, 6-2, 6-2, 6-1 से जीते

अमेरिकी ओपनः जोकोविच, फेडरर की आसान जीत, सेरेना प्री क्वार्टर में

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

गत चैंपियन नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर ने अमेरिकी ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के अंतिम 16 में प्रवेश किया जबकि केई निशिकोरी बाहर हो गए और महिला वर्ग में सेरेना विलियम्स भी प्री क्वार्टर में पहुंच गई। पिछले पांच ग्रैंडस्लैम में से चार अपने नाम करने वाले शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी जोकोविच को दूसरे दौर में कंधे के दर्द ने काफी परेशान किया था लेकिन तीसरे दौर के मुकाबले में उन्हें इतनी परेशानी नहीं हुई और उन्होंने शुक्रवार को 111वीं रैंकिंग के अमेरकी खिलाड़ी डेनिस कुडला को 6-3, 6-4, 6-2 से मात दी।

सोलह ग्रैंडस्लैम जीत चुके 32 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी का सामना अब रविवार को तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता स्टान वावरिंका से होगा। स्विट्जरलैंड के इस 23वें वरीय खिलाड़ी ने इटली के पाओलो लोरेंजी को 6-4, 7-6, 7-6 से मात दी। तीन अमेरिकी ओपन ट्राफियां जीत चुके जोकोविच का वावरिंका के खिलाफ जीत का रिकार्ड 19-5 है लेकिन 2016 अमेरिकी ओपन फाइनल के बाद से दोनों के बीच भिड़ंत नहीं हुई जिसमें वावरिंका ने जोकोविच को मात दी थी।

सेरेना 6-3, 6-2 से जीतीं

महिलाओं के वर्ग में सेरेना ने चेक गणराज्य की 44वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा को 74 मिनट में 6-3, 6-2 से शिकस्त दी। चौबीसवां करियर ग्रैंडस्लैम खिताब हासिल करके मार्गरेट कोर्ट के रिकार्ड की बराबरी की कोशिश में जुटीं सेरेना का सामना अब क्रोएशिया की 22वीं वरीय पेत्रा मार्टिच से होगा। अपने पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का सपना देख रही चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिस्कोवा ने ट्यूनीशिया के ओन्स जाबेउर को 6-1, 4-6, 6-4 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।

बार्टी ने सकारी को किया बाहर

मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन एशले बार्टी ने भी अगले दौर में जगह सुनिश्चित की। उन्होंने यूनान की 30वीं वरीय मारिया सकारी को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए प्लिस्कोवा का सामना ब्रिटेन की 16वीं वरीयता प्राप्त योहाना कोंटा से होगा जबकि बार्टी की भिड़ंत चीन की 18वीं वरीय वांग कियांग से होगी।

80 मिनट में 48 विनर

पांच बार के चैंपियन फेडरर ने ब्रिटेन डान इवांस पर महज 80 मिनट में 6-2, 6-2, 6-1 से आसान जीत दर्ज की। पिछले दो मुकाबलों में उन्होंने अपना पहला सेट गंवाया था जिससे 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने इस मैच में शुरू से मजबूत शुरुआत की और 48 विनर जमाए। फेडरर का सामना अब बेल्जियम के 15वें वरीय डेविड गोफिन से होगा। जापान के सातवें वरीय निशिकोरी को आस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनॉर ने 6-2, 6-4, 2-6, 6-3 से हराया और अब उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा।

बोपन्ना-शापोवालोव दूसरे दौर में, पेस-दुरान की जोड़ी बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लिए अमेरिकी ओपन में दिन मिश्रित नतीजों वाला रहा जिसमें रोहन बोपन्ना ने डेनिस शापोवालोव के साथ मिलकर यहां पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया तो लिएंडर पेस और गुलीरेमो दुरान को पहले दौर में हार का मुंह देखना पड़ा।

बोपन्ना और उनके कनाडाई जोड़ीदार ने शुक्रवार की रात महज 55 मिनट तक चले मुकाबले में पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट की चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिसी जोड़ी को 6-3, 6-1 से मात दी। बोपन्ना और शापोवालोव ने दो बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन उन्होंने सात मौकों में छह बार अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस तोड़ी। पेस और अर्जेंटीना के गुलीरेमो दुरान को सर्बिया के मिमोमीर और नार्वे के कैस्पर रूड से 5-7, 2-6 से हार मिली। दिविज शरण और मोनाको के हुगो नीस गुरुवार को पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गए थे।

मानसी सिंह ने जीता पहला अंडर-14 खिताब

गुरुग्राम। मानसी सिंह ने यहां एआईटीए टैलेंट सीरीज टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में शीर्ष वरीय वशिंका जैन पर सीधे सेटों में जीत दर्ज कर घरेलू सर्किट में अपना पहला अंडर-14 खिताब हासिल किया। मानसी ने फाइनल में 6-1, 7-6 से जीत हासिल की जो खराब रोशनी के कारण पहले दिन स्थगित होने के बाद दूसरे दिन पूरा हुआ।

दुती ने गोल्ड जीता पर नहीं कटा पाईं विश्व चैंपियनशिप का टिकट

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

फर्राटा धाविका दुती चंद ने राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स मीट में सौ मीटर दौड़ 11.38 सेकंड के साथ जीती। हालांकि वह दोहा विश्व चैंपियनशिप के क्वालिफाइंग मार्क (11.24 सेकंड) को नहीं छू सकीं। तमिलनाडु की अर्चना सुसींद्रन ने रजत और पश्चिम बंगाल की हिमश्री राय ने कांसा जीता। पुरुषों में कर्नाटक के विद्या सागर (10.59 सेकंड) चैंपियन बने।

हरियाणा के नुजरत अली (10.66 सेकंड) दूसरे स्थान पर रहे। उत्तर प्रदेश की पारुल चौधरी (10:04.19 मिनट) ने 3000 मीटर स्टीपल चेज में ओलंपियन सुधा सिंह (10:04.55मिनट) को पछाड़कर पीला तमगा जीता। हरियाणा की प्रीति लांबा (10:13.42 मिनट) तीसरे स्थान पर रहीं। पारुल 5000 मीटर में भी चैंपियन बनी थी। उत्तर प्रदेश के अजय सरोज (3.44.66 मिनट) ने 1500 मीटर दौड़ में बाजी मारी।

गुजरात के अजीत कुमार दूसरे और दिल्ली के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। केरल के एथलीट पुरुष वर्ग में 64 और महिला वर्ग में 80 अंक लेकर कुल 144 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बने। ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। हरियाणा की अंजलि देवी और ईरान के महादी प्रिरिजहान को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ महिला व पुरुष खिलाड़ी चुना गया।

■ राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स मीट : 100 मीटर दौड़ 11.38 सेकंड के साथ जीती

साबले का मीट रिकॉर्ड

विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर चुके महाराष्ट्र के 24 वर्षीय साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज 8:33.19 मिनट के नए मीट रिकॉर्ड के साथ जीती। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले तमिलनाडु की धनलक्ष्मी, रेवथी, आरएस रामराज और अर्चना सुसींद्रन (45.69 मिनट) की चौकड़ी ने नए मीट रिकॉर्ड के साथ अपने नाम की। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले में एएफआई ए की टीम में शामिल एलेक्स एंथोनी मांसपेशियों में खिंचाव के चलते बाहर हो गए इससे टीम रेस पूरी नहीं कर पाई। स्पर्धा का स्वर्ण श्रीलंका, रजत केरल और कांसा दिल्ली ने जीता।

गुजरात ने बुल्स को 32-23 से हराया

बेंगलुरु। कबड्डी लीग 2019 के 67वें मुकाबले में गुजरात फॉर्च्यूनजायंट्स ने घरेलू टीम बेंगलुरु बुल्स को 32-23 से हराया। गुजरात ने इस सीजन में लगातार दूसरे मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स को हराया है। गुजरात की टीम 30 अंकों के साथ छठे स्थान आ गए हैं। दूसरी तरफ बुल्स अभी भी 5वें स्थान पर ही हैं। पहले हाफ के बाद गुजरात फॉर्च्यूनजायंट्स ने 18-12 से बढ़त बनाई। शुरुआत घरेलू टीम बेंगलुरु बुल्स ने काफी अच्छी की, लेकिन टीम ने 3 पॉइंट्स एक्सट्रा के रूप में गुजरात को देकर उन्हें मैच में पकड़ बनाने का पूरा मौका दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों के डिफेंस का बोलबाला देखने को मिला। मैच में अंतिम स्कोर 32-23 रहा।

यू मुंबा ने जयपुर को दी करारी शिकस्त

प्रो कबड्डी 2019 के 68वें मुकाबले में यू मुंबा ने जयपुर पिंक पैंथर्स को एकतरफा मुकाबले में 47-21 से करारी शिकस्त दी। मुंबई की यह छठी जीत है और वो 34 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं। दूसरी तरफ जयपुर की यह लगातार तीसरी और पिछले 5 मैचों में यह चौथी हार है। वो तीसरे स्थान पर आ ही हैं। मुंबई के लिए उनके कप्तान फजल अत्राचली और हरेंद्र कुमार ने हाई 5 लगाया।

विहारी पहले टेस्ट शतक की ओर भारत के 7 विकेट पर 336 रन

एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन

टेस्ट क्रिकेट में अपने पहले शतक की ओर बढ रहे हनुमा विहारी की परिपक्वता से भरी पारी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक सात विकेट पर 336 रन बनाये। अपने कल के स्कोर 42 रन से आगे खेलते हुए विहारी ने एक छोर संभालकर नाबाद 84 रन बना लिये हैं। उन्होंने 158 गेंदों का सामना किया और पहले टेस्ट शतक से अब सिर्फ 16 रन दूर हैं। भारत ने कल के स्कोर पांच विकेट पर 264 रन से आगे खेलते हुए ऋषभ पंत (27) का विकेट गंवाया जो दिन की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर ने इनस्विंगर पर उन्हें आउट किया।

होल्डर अब तक 62 रन देकर चार विकेट ले चुके हैं। इसके बाद विहारी और रविंद्र जडेजा ने संभलकर खेला। विहारी ने अपना अर्धशतक 96 गेंद में पूरा किया। जडेजा ने 69 गेंद में 16 रन बनाये लेकिन रकहीम कार्नवाल की गेंद पर बड़ा शाट खेलने के प्रयास में मिडआन में डेरेन ब्रावो को कैच दे बैठे। विहारी और जडेजा ने 10 ओवर में 38 रन की साझेदारी की। अगले ओवर में विहारी को जीवनदान मिला जब कार्नवाल की गेंद पर पहली स्लिप में जान कैंपबेल ने उनका कैच छोड़ा। विहारी और ईशांत आठवें विकेट की साझेदारी में 34 रन जोड़ चुके हैं।

सम्मान... हैदराबाद। विश्व बैडमिंटन चैंपियन पीवी सिंधू और उनके माता-पिता ने शनिवार को हैदराबाद में उपराष्ट्रपति एम वैंकैया नायडू से मुलाकात की।

तेजिंदरपाल सिंह ने चेक गणराज्य में रजत जीता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शाटपुट खिलाड़ी तेजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को चेक गणराज्य में एक एथलेटिक्स टूर्नामेंट में अपने आखिरी प्रयास में 20.09 मीटर का थ्रो फेंककर रजत पदक जीता। इस साल अर्जुन पुरस्कार जीतने वाले तूर हालांकि विश्व चैम्पियनशिप के स्तर का प्रदर्शन नहीं कर सके। वह अप्रैल में एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतकर विश्व चैम्पियनशिप के लिये पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

हॉकी इंडिया बेंगलुरु में लगा रहा तीन दिवसीय राष्ट्रीय शिविर

कोचिंग शिविर के लिए 33 खिलाड़ी चयनित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने बेल्जियम दौरे और ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारियों के लिए बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण में दो सितंबर से लगने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए शनिवार को 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की।

तीन दिवसीय शिविर कोच ग्राहम रेड द्वारा आयोजित किया जाएगा। टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ ओलंपिक टेस्ट

प्रतियोगिता के फाइनल में मिली जीत के बाद लगने वाले इस शिविर में खिलाड़ी अपने प्रदर्शन को निरंतर बनाए रखने पर ध्यान लगाना चाहेंगे। रेड ने कहा, 'हमने पिछले कुछ महीनों में कुछ अच्छी लय हासिल की है। इस शिविर के लिए आने वाले खिलाड़ी सुधार करना चाहते हैं और टीम के प्रदर्शन के सभी पहलू में सुधार करने को तैयार हैं। इस शिविर में और ज्यादा मौके बनाने और हमारी रक्षात्मक काबिलियत में सुधार करने पर ध्यान दिया जायेगा।' उन्होंने साथ ही कहा कि सितंबर में होने वाले बेल्जियम दौरा टीम की एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारियों के लिए काफी अहम होगा।

खिलाड़ियों की सूची

गोलकीपर : पी आर श्रीजेश, सूरज करकेरा और कृष्ण बहादुर पाठक।
डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह, बीरेंद्र लकड़ा, सुरेंद्र कुमार, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, रूपिंदर पाल सिंह, गुरिंदर सिंह, कोथाजीत सिंह खदांगबम, नीलम संजीप जेस, जरमनप्रीत सिंह और दिपसन टिर्की।
मिडफील्डर : मनप्रीत सिंह, सुमित, नीलकांत शर्मा, जसकरण सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, आशीष कुमार टोपनो, सय्यद नियाज रहीम और राज कुमार पाल।
फारवर्ड : मनदीप सिंह, आकाशदीप सिंह, शिलानंद लकड़ा, गुरसाहिबजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, एस वी सुनील, गुरजंत सिंह, रमनदीप सिंह, शमशेर सिंह और ललित कुमार उपाध्याय।

आईओसी ने दी क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं की जानकारी

एजेंसी ▶▶| लुसाने

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे पुरुष और महिला मुक्केबाजों के लिए 'निष्पक्ष और पारदर्शी' टूर्नामेंटों की जानकारी दी।

फरवरी से अप्रैल तक दो महीने में चीन, सेनेगल, अर्जेंटीना और ब्रिटेन में चार महाद्वीपीय क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट की पुष्टि की गई है। अंतिम वैश्विक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट अब टोक्यो के बजाय 13 से 24 मई तक पेरिस में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने जून में संचालन संस्था एआईबीए से अधिकार छीनकर 2020 टोक्यो ओलंपिक खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन करने की जिम्मेदारी ली थी। आईओसी के एक पैनल ने एआईबीए की अध्यक्षता, संचालन, वित्तीय मामलों और ओलंपिक मुकाबलों में हेराफेरी के संदेह की जांच की। आईओसी का कहना है कि वह 'रैफरी और जजों के चयन और उनके फैसलों के आकलन' की एक स्वतंत्र समीक्षा कराने को अंतिम रूप दे रहा है।

खबर संक्षेप

सीरिया में मिसाइल हमले में 40 आतंकी ढेर

बेरूत। सीरिया के इदलिब प्रांत में शनिवार को जेहादियों पर किए मिसाइल हमले में 40 आतंकवादी मारे गए। एक युद्ध निगरानी समूह ने यह जानकारी दी। 'सीरियन आब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' के प्रमुख रामी अब्देल रहमान ने कहा कि इदलिब शहर के निकट 'एक प्रशिक्षण शिविर के भीतर हुरस अल-दीन, अंसार अल-तौहीद और अन्य संबद्ध समूहों के नेताओं की एक बैठक को मिसाइल हमले का निशाना बनाया गया।' निगरानी समूह ने बताया कि अभी तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह हमला किसने किया। यह भी पता नहीं चला है कि क्या ये मिसाइल युद्धक विमानों से या जमीन पर स्थित ठिकानों से दागी गई थी।

पाक में बस खाई में गिरी, 24 लोगों की मौत

पेशावर। पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में एक पुल के ढह जाने से उस पर गुजर रही एक बस खाई में गिर गई जिससे कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब बस खैबर पख्तूनख्वा के बागरु से कांडिया जा रही थी। बस में 35 यात्री सवार थे। नागरिक सुरक्षा प्रमुख वार्डन एहसान उल हक ने बताया कि पुल के ढहने से बस खाई में गिर गई जिससे 24 लोगों की मौत हो गई। हक ने बताया कि पुल की हालत जर्जर थी जिसके कारण वह बस का भार वहन नहीं कर पाया और हादसा हो गया।

'डोरियन' तूफान चौथी श्रेणी के रूप में हुआ मजबूत

मियामी। अमेरिका के फ्लोरिडा की ओर बढ़ रहा 'डोरियन' तूफान मजबूत होकर चौथी श्रेणी में तबदील हो गया है, जो कि 'अत्यंत खतरनाक' की श्रेणी में आता है। राष्ट्रीय तूफान केन्द्र (एनएचसी) ने बताया कि 'डोरियन' तूफान के दौरान 130 मील प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं जिससे वह पांच स्तरीय पैमाने की चौथी श्रेणी में पहुंच गया। एनएचसी ने कहा कि 'डोरियन' की तीव्रता हालांकि बढ़ रही है, लेकिन कुछ और अधिक विश्वसनीय कंप्यूटर मॉडलों ने इसके देरी से उत्तर की ओर पहुंचने का पूर्वानुमान लगाया है। 'वेदर अंडरग्राउंड' के निदेशक जेफ मास्टर्स ने कहा कि अभी उम्मीद है।

देश के लिए मर-मिटने की खाई कसमें

भारतीय सेना में शामिल हुए 500 से ज्यादा कश्मीरी युवा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद एक ओर जहां पाकिस्तान घाटी के युवाओं को उकसाने में लगा हुआ है, वहीं स्थानीय युवा इससे बेखबर देश पर मर-मिटने की शपथ लेकर भारतीय सेना में शामिल हो रहे हैं। शनिवार को बाना सिंह परेड ग्राउंड जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री में आयोजित पासिंग आउट परेड में जम्मू-कश्मीर के विभिन्न भागों से ऐसे ही 575 युवा अपनी ट्रेनिंग पूरी कर भारतीय सेना में शामिल हो गए। उन्होंने देश की हिफाजत करने की कसम खाई।

सुबह साढ़े नौ बजे बलिदानम्वीर लक्ष्णम गीत की मुधर धुनों पर ये युवा सधे कदमों के साथ मार्च पास्ट करते हुए जब तिरंगे को सलामी देते निकले तो दर्शक दीर्घाओं में बैठे लोग भी रोमांचित हो उठे। दर्शकों की भीड़ में बैठे परिजन भी अपने बच्चों के चौढ़े सीने को फूला देख खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। परेड की सलामी एडजुटेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल अश्विनी कुमार ने ली।

लेफ्टिनेंट जनरल अश्विनी कुमार ने इस मौके पर कहा कि भविष्य में भी इस क्षेत्र में इसी तरह की भर्ती रैलियां स्थानीय युवाओं के लिए आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि जो भी देश के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं, भारतीय सेना उनके साथ खड़ी है। जम्मू-कश्मीर के युवा जिस तरह से सेना में शामिल हो रहे हैं, वे यहां के बदल रहे हालात को साफ दर्शाता है।

खास बातें

- परेड की सलामी एडजुटेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल अश्विनी कुमार ने ली
- कहा, भविष्य में भी इस क्षेत्र में इसी तरह की भर्ती रैलियां स्थानीय युवाओं के लिए आयोजित की जाएंगी

घाटी में सामान्य हो रहे हालात

आर्टिकल 370 हटने के बाद धीरे-धीरे जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य हो रहे हैं। पिछले कई दिनों में लोग राज्य में लगी पाबंदियों से परेशान रहे हैं, लेकिन जैसे-जैसे पाबंदियों में ढील दी जाने लगी है, जिंदगियां पटरी पर दौड़ने लगी हैं। इसी बीच घाटी के जवानों का देश के लिए अपना फर्ज निभाने को सेना में शामिल होना जारी है।

घाटी में जल्द होगी एक और भर्ती रैली

भारतीय सेना के एडजुडेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल अश्विनी कुमार ने कहा कि जम्मू कश्मीर के नौजवान जिस संख्या में भारतीय सेना का हिस्सा बन रहे हैं, वह किसी को भी हैरान कर सकती है। यह साबित करता है कि जम्मू-कश्मीर का युवा पूरी तरह राष्ट्रभक्त है और वह देश की एकता अखंडता के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने को हमेशा तत्पर है। स्थानीय युवाओं के सेना के प्रति जोश और जुनून को देखते हुए ही अक्तूबर माह के पहले सप्ताह में भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। इसमें करीब 2070 लड़कों को भर्ती किया जाएगा। इसके बाद भी एक और भर्ती अभियान स्थानीय युवाओं के लिए चलाया जाएगा। उसकी रुप रेखा भी तय की जा रही है।

सेना प्रमुख ने की एलओसी में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

जम्मू। सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ और रजौरी जिलों में नियंत्रण रेखा के पास सैनिकों से मुलाकात की और संघर्ष विराम उल्लंघन, घुसपैठ से निपटने और सीमा पार से हो रही हिंसक गतिविधियों का सामना करने की तैयारियों की समीक्षा की। रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि पीर पंजाल के दक्षिण में आतंकवाद को जिंदा करने का प्रयास कर रही विरोधी ताकतों से निपटने की रणनीति और युवकों को कट्टर बनाए जाने के प्रयासों के बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई। जनरल रावत के साथ नॉदर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ जनरल रणबीर सिंह भी थे। उन्हें व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल परमजीत सिंह संधा और वहां मौजूद जवानों ने स्थिति से अवगत कराया।

पाक पीएम दे रहे युद्ध की धमकी

विदेश मंत्री ने भारत के साथ बातचीत का अलापा राग

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा हटाए जाने के बाद से पीएम इमरान खान हर रोज भारत के खिलाफ कड़वे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं और गुरुवार को एक अमेरिकी अखबार के लेख में उन्होंने यह तक कह डाला कि भारत के साथ बातचीत तभी संभव है जब वह आर्टिकल 370 को लेकर लिए फैसले को पलटे। और इतना ही नहीं उन्होंने भारत को युद्ध की चेतावनी भी दे डाली। लेकिन पीएम इमरान के रुख से उलट उनके विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने भारत से बातचीत की इच्छा जताई है। कुरैशी ने कहा कि हमें भारत के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने में कोई दिक्कत नहीं है। पाक मीडिया के मुताबिक कुरैशी ने कहा, 'हम वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा भारत भी यह चाहता है या नहीं।' कुरैशी का यह बयान तब महत्वपूर्ण हो जाता है जब हाल ही में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ आतंक मुक्त और हिंसा मुक्त माहौल में द्विपक्षीय वार्ता को तैयार है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद से पाकिस्तान दुनियाभर से भारत के खिलाफ शिकायत कर रहा है लेकिन उसे हर जगह मुंह की खानी पड़ रही है। हालांकि, पाकिस्तान को चीन को छोड़कर किसी का साथ नहीं मिल रहा है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने साफ कर दिया है कि भारत द्वारा लिया गया फैसला पूरी तरह से उसका आंतरिक मामला है।

जरदारी की बेटी ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी आसिफा भुट्टो ने आरोप लगाया कि जब वह अपने पिता से मिलने अस्पताल गईं तो पुलिस ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने कहा कि उन्हें उनके पिता से नहीं मिलने दिया गया। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई है। जरदारी (64) को बृहस्पतिवार को मेडिकल जांच के लिये अडियाला जेल से पाकिस्तान आयुर्विज्ञान संस्थान (पीआईएमएस) में भर्ती कराया गया। इससे पहले जरदारी के पुत्र बिलावल भुट्टो ने अपने पिता को जेल में चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने से इनकार के लिये इमरान खान सरकार को दोषी ठहराया था। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह अध्यक्ष जरदारी को वापस जेल भेज दिया गया।

अमेरिका ने ईरान के टैंकर को काली सूची में डाला

वाशिंगटन। अमेरिका ने ईरान के टैंकर आद्रियान दरिया को यह कहते हुए काली सूची में डाल दिया कि उसके पास विश्वसनीय जानकारी है कि टैंकर के जरिये बशर अल-असद के शासन पर व्यापक प्रतिबंधों की अवहेलना कर तेल सीरिया भेजा जा रहा था। इससे पहले ग्रेस-1 के नाम से जाने वाले इस टैंकर को ब्रिटिश शाही नौसैनिकों ने जुलाई में जब्त करके छह सप्ताह तक इस संदेह में जिब्राल्टर में रखा कि इस जरिये तेहरान के सहयोगी दमिश्क को तेल भेजा जा रहा था। ब्रिटेन ने अमेरिका के विरोध के बावजूद जहाज को छोड़ दिया। ब्रिटेन ने बताया कि उसे ईरान की ओर से लिखित आश्वासन मिला कि टैंकर उन देशों में नहीं जाएगा, जिनपर यूरोपीय यूनियन ने प्रतिबंध लगा रखे हैं। इसके बाद ईरान ने इस बात से इनकार किया कि उसने ऐसा कोई वादा किया था। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि हमारे पास विश्वसनीय सूचना है कि टैंकर सीरिया के तरतुस की ओर जा रहा है। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह जहाज आतंकवाद रोधी आदेश के तहत प्रतिबंधित संपत्ति है और जो कोई भी आद्रियान दरिया-1 को समर्थन मुहैया कराएगा।

भारतीयों के स्विस बैंक खातों पर से आज उठेगा पर्दा

नई दिल्ली। भारतीयों के स्विस बैंक खातों की जानकारी रविवार से भारत के कर-विभाग के पास होगी। भारत और स्विट्जरलैंड के बीच बैंकिंग सूचनाओं के स्वतः आदान-प्रदान के समझौते के प्रभावी होने के साथ भारतीयों के स्विस बैंक खातों पर से रहस्य का पर्दा उठने की संभावना है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कालेधन से लड़ाई के खिलाफ इस कदम को काफी अहम करार दिया है। बोर्ड ने कहा है कि सितंबर से 'स्विस बैंक से जुड़ी गोपनीयता' का दौर समाप्त हो जाएगा। सीबीडीटी आयकर विभाग के लिए नीतियां बनाता है। सीबीडीटी ने कहा है कि सूचना आदान प्रदान की यह व्यवस्था शुरू होने के ठीक पहले भारत आए स्विट्जरलैंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने 29-30 अगस्त के बीच राजस्व सचिव ए बी पांडेय, बोर्ड के चेयरमैन पी सी मोदी और बोर्ड के सदस्य (विधायी) अखिलेश रंजन के साथ बैठक की। स्विट्जरलैंड के अंतरराष्ट्रीय वित्त मामलों के राज्य सचिवालय में कर विभाग में उप प्रमुख निकोलस मारियो ने स्विस प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई की। वित्तीय खातों की जानकारी के स्वतः आदान-प्रदान (एईओआई) की शुरुआत सितंबर से हो रही है।

- सीबीडीटी ने कालेधन से लड़ाई के खिलाफ इस कदम को काफी अहम करार दिया

एअर इंडिया को दो और हवाई अड्डे पर ईंधन की आपूर्ति रोकने की चेतावनी

मुंबई। आईओसी की अगुवाई में पेट्रोलियम वितरण कंपनियों (ओएमसी) ने बकाये बिलों का भुगतान नहीं करने पर एअर इंडिया को दो और हवाई अड्डों-हैदराबाद एवं रायपुर- पर ईंधन की आपूर्ति निलंबित करने की चेतावनी दी है। इससे हज यात्रा सहित सरकारी विमानन कंपनी की कुछ उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। सरकारी स्वामित्व वाली ईंधन विपणन कंपनियां पहले ही पुणे, विशाखापत्तनम, कोचीन, पटना, रांची और मोहाली में एअर इंडिया की उड़ानों को ईंधन की आपूर्ति बंद कर चुकी हैं।

सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट्स खोलने का लिया फैसला

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन वीजा चाहने वालों पर रखेगा कड़ी नजर

वाशिंगटन। अमेरिकी नागरिक एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) के अधिकारी अब फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर वीजा, ग्रीन कार्ड और नागरिकता हासिल करने के इच्छुक विदेशियों पर नजर रख सकेंगे। अमेरिकी गृह मंत्रालय की ओर से जुलाई 2019 में गोपनीयता संबंधी संभावित मामलों की समीक्षा की गई जिसे शुक्रवार को ऑनलाइन प्रकाशित किया गया। इसमें अधिकारियों पर फर्जी आकउंट बनाने पर लगी रोक को हटा लिया गया है। यूएससीआईएस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि अधिकारियों के फर्जी अकाउंट और पहचान बनाने से जांचकर्ताओं को फर्जीवाड़े के संभावित सबूत हासिल करने और यह तय करने में आसानी होगी कि कहीं किसी व्यक्ति को अमेरिका में प्रवेश देने से सुरक्षा को तो खतरा नहीं है। इस नीति में बदलाव से पहले जून में विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी वीजा आवेदकों के लिए सोशल मीडिया आकउंट की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया था।

फर्जी अकाउंट बनाना हमारी नीति के खिलाफः ट्विटर

अमेरिका के नए कदम पर ट्विटर ने अपने बयान में कहा है कि फर्जी नाम से अकाउंट बनाकर लोगों की निगरानी करना हमारी नीति के खिलाफ है। हम यह पता लगा रहे हैं कि क्या यूएससीआइएस के प्रस्तावित कदम हमारी शर्तों के अनुकूल हैं या नहीं।

विरोध प्रदर्शन...

कोलकाता में शनिवार को केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न बैंकों के विलय के फैसले के विरोध में प्रदर्शन कर नारे लगाते बैंक कर्मचारी।

कराची में फंसे गोधरा के 26 लोग भारत लौटे

गोधरा (गुजरात)। भारत-पाकिस्तान के बीच समझौता एक्सप्रेस और थार एक्सप्रेस ट्रेनें निलंबित होने के बाद कराची में फंसे गुजरात निवासी 26 लोग शनिवार को वाघा सीमा के जरिये भारत लौट आए। उनके संबंधियों ने यहां यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच रेल सेवाएं निलंबित होने के चलते गुजरात के पंचमहल जिले के गोधरा के करीब 50 लोगों को दो सप्ताह अधिक पाकिस्तान के कराची शहर में ठहरना पड़ा। उनके साथ बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। पाकिस्तान ने पांच अगस्त को भारत सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा वापस लिए जाने के बाद दोनों ट्रेनें निलंबित कर दी थीं। स्थानीय निवासी अनस होलिया ने कहा कि गोधरा के पर्यटकों के पास कराची में ठहरने के लिये एक महीने का पर्यटन वीजा था, जिसे पाकिस्तान ने रेल सेवाएं निलंबित होने के बाद 15 दिन के लिये बढ़ा दिया था। होलिया के परिजन को 16 अगस्त को वापसी के लिए थार एक्सप्रेस में सवार होना था। अब वह सोमवार को लौटेंगे। 'कराची चैम्बर ऑफ कॉमर्स' से जुड़े एक पाकिस्तानी नागरिक सलीम मुर्शाद ने कहा कि शनिवार सुबह 26 लोगों का समूह लाहौर के जरिये वाघा बॉर्ड पर पहुंचा और अब वे अमृतसर जाएंगे।

निजता हनन मामले में यूट्यूब पर लगा 1400 करोड़ का जुर्माना

वाशिंगटन। निजता उल्लंघन में फेसबुक के बाद अब गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब पर भारी भरकम जुर्माना लगा है। अमेरिकी नियामक ने यूट्यूब पर 20 करोड़ डॉलर (करीब 1400 करोड़ रुपये) तक का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई बच्चों के निजता उल्लंघन के मामले में की गई है। बच्चों की निजता से जुड़े किसी मामले में यह अब तक का सबसे बड़ा जुर्माना बताया जा रहा है। अमेरिकी उपभोक्ता सुरक्षा एजेंसी फेडरल ट्रेड कमीशन ने यूट्यूब पर लगे आरोपों का निपटारा करते हुए यह जुर्माना लगाया है। इस पर अभी अमेरिका के न्याय विभाग की मुहर लगनी बाकी है।

कई आपत्तिजनक ट्वीट किए गए पोस्ट

ट्विटर के सीईओ का ही हैक हुआ अकाउंट

एजेंसी ▶▶ सैन फ्रांसिस्को

सोशल मीडिया साइट पर किसी भी व्यक्ति का अकाउंट सेफ नहीं है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें ट्विटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सईओ) जैक डोर्सी का ही ट्विटर अकाउंट हैक हो गया। अकाउंट हैक होने के बाद इससे कई आपत्तिजनक ट्वीट किए गए। हैकर ने इन ट्वीट के जरिए जैक डोर्सी पर नस्ली टिप्पणी की और उनके मुख्यालय में बम होने की अफवाह भी उड़ाई।

अकाउंट हैक होने का पता चलने के बाद ये ट्वीट डिलीट कर दिए गए। बता दें कि कुछ ट्वीट में #चकलिंगस्क्वैड लिखा हुआ था। ऐसा माना जा रहा है कि यह हैकर्स का एक समूह है। हैकर समूह ने नाजी जर्मनी के समर्थन में भी ट्वीट किए। ट्विटर के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम जानते हैं कि जैक डोर्सी का अकाउंट हैक हुआ है और हम इसकी जांच कर रहे हैं। इस मामले की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद लोगों ने ट्विटर पर कई सवाल उठाए। लोगों ने कहा कि टू स्टेप वेरिफिकेशन प्रोसेस ट्विटर के सह-संस्थापक का अकाउंट सुरक्षित क्यों नहीं रख पाया। लोगों ने चिंता जताई कि यह सेवा अपने प्रमुख का अकाउंट भी सुरक्षित नहीं रख पाई।

- जानकारी सार्वजनिक होने के बाद लोगों ने ट्विटर पर कई सवाल उठाए

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109